| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Nai Duniya | Bhopal | 01.09.2023 | 04 | इंदौर की जमीन पर मेट्रो के कोच ने रखे पहले कदम | Positive |



शुरुआत | मेट्रो के डिपो में सांसद शंकर लालवानी ने नारियल फोड़कर किया कोच का शुभारंभ

# इंदौर की जमीन पर मेट्रो के कोच ने रखे पहले कदम

इंदौर (नवदुनिया प्रतिनिधि)। इंदौर में गुरुवार को मेट्रो के कोच ने कदम रखे। डिपो में सुबह करीब पौने दस बजे पहले कोच को कंटेनर से परिसर में बने प्लेटफार्म की पटरियों पर क्रेन के माध्यम से उतारा गया। इसके बाद कोच को 100 मीटर दूर तक शंटर के माध्यम से खींचकर पटरियों तक पहुंचाया गया।

इसके पहले परिसर में सांसद शंकर लालवानी ने नारियल फोड़कर कोच शुभारंभ किया, वहीं मेट्रो परिसर में कर्मचारियों ने मेट्रो के आगमन का जश्न एक दूसरे को मिठाई खिलाकर किया। 14 सितंबर को इंदौर में गांधीनगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर के स्टेशन नंबर 3 तक 5.9 किलोमीटर तक मेट्रो के तीनों कोचों का ट्रायल रन होना है। यह संभावना जताई जा रही है कि ट्रायल रन में मेट्रो कोच को उसकी तय गति से कम गति में चलाया जाएगा। मेट्रो के ये कोच चार से पांच मिनट में अपना ट्रायल रन पूरा कर सकेंगे। इंदौर में अगले माह कोच का एक सेट और पहुंचेगा। इंदौर में 25 सेट की मेट्रो का संचालन होगा। एक सेट में तीन कोच होंगे। उल्लेखनीय है कि वडोदरा के सावली में अल्सटाम कंपनी द्वारा तैयार किए गए इन कोच को 23 अगस्त को रवाना किया गया था और ये बुधवार रात तीन बजे इंदौर में मेट्रो डिपो पहुंचे। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि मेट्रो की टीम बधाई की पात्र है कि उन्होंने कम समय में ट्रायल रन की तैयारी की है। भारत ही नहीं, विश्व में इंदौर व भोपाल की मेट्रो का निर्माण सबसे कम समय में हुआ है। तीनों कोचों को आपस में जोड़ने में 20 दिन का समय लगता है, लेकिन अगले 10 से 12 दिन में इन्हें जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। दोनों कोच के एक से डेढ़ हजार तारों को आपस में जोड़ा जाएगा।


गांधीनगर डिपो में गुरुवार को मेट्रो ट्रेन की पहली बोगी यानी कोच दिखाई दी। -प्रफुल्ल चौरसिया 'आशु'

********

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | Dainik Jagran | Bhopal | 01.09.2023 | 012 | इंदौर आए मेट्रो के तीन कोच एक को चलाया 100 मीटर | Positive |


विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

वर्ष 66 ▸ अंक 337 ▸ पृष्ठ 12
भोपाल, शुक्रवार 01 सितंबर, 2023
▸ भादों कृष्ण पक्ष 01, विक्रम संवत् 2080
▸ महानगर ▸ मूल्य 5 रुपए


# इंदौर आए मेट्रो के तीन कोच एक को चलाया 100 मीटर

## सीएम शिवराजसिंह चौहान बोले- सितंबर में होगा ट्रायल रन



इंदौर। मेट्रो ट्रेन के तीन कोच बुधवार देर रात इंदौर लाए गए। गुरुवार सुबह 11 बजे मेट्रो के पहले कोच को ट्रैक पर उतार दिया। यहां पहले कोच को 100 मीटर चलाकर देखा गया, उसके बाद दूसरे कोच को लाया गया। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने ट्वीट करते हुए कहा कि सितंबर में ही इसका ट्रायल करना प्रस्तावित है। सूत्रों के अनुसार यह तारीख 14 सितंबर या उसके बाद की हो सकती है। ट्रेन का ट्रायल रन गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर एरिया के 5.9 किलोमीटर ट्रैक पर होगा। इस रूट पर पांच स्टेशन आएंगे। हालांकि सरकार का दावा है कि जून 2024 तक गांधी नगर से रेडीसन चौराहे तक का सफर आम लोग कर सकेंगे। यह सफर 17 किमी लंबा होगा। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अधिकारियों के मुताबिक कोच के कवर अभी नहीं खोले जाएंगे। इससे कोच के डैमेज होने की आशंका है। 7 दिन पहले कोच 800 किलोमीटर दूर गुजरात के सांवली स्थित प्लांट से ट्राले पर भेजे गए थे। मंगलवार रात तक कोच इंदौर से 120 किलोमीटर दूर थे और बुधवार रात तक ये दूरी भी पूरी कर ली गई। फिर इन तीनों कोच को बड़े कंटेनर में 20 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से लाया गया। कोच 60-60 टन वजनी है। गुरुवार को इन्हें पूजा-पाठ कर सीमेंटेड प्लेटफॉर्म पर उतारा, उसके बाद रेलवे ट्रैक पर लाकर खड़ा किया। कवर पूरी तरह ढांककर रखा गया है।

### हर स्टेशन पर लगेंगे 8-8 एस्केलेटर

14 सितंबर को मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन संभावित है। गांधी नगर से टीसीएस चौराहे तक 5.9 किलोमीटर ट्रैक पर मेट्रो का ट्रायल रन करना है। इस हिस्से में 5 स्टेशन आएंगे। हर स्टेशन पर 8-8 एस्केलेटर लगना है, लेकिन अभी सिर्फ 2 स्टेशन पर 3 एस्केलेटर लगे हैं।

### खास बातें

- इंदौर में यलो लाइन की कुल लंबाई 31 किमी है। यह प्रोजेक्ट 7500 करोड़ में पूरा होगा। गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरीडोर स्टेशन क्रमांक 3 तक की दूरी 6 किमी है।
- गांधी नगर से रेडीसन चौराहे तक का मार्ग जून 2024 में आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा।

### भोपाल में आठ सितंबर तक पहुंचेंगे कोच

भोपाल। मेट्रो के इंदौर पहुंचने के बाद भोपाल मेट्रो के आठ से 10 सितंबर के बीच पहुंचने की संभावना है। सुभाष नगर से आरकेएमपी तक पटरी बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है। आरकेएमपी से सुभाष नगर तक पटरी बिछाने का काम भी 20 अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। सितंबर माह के अंतिम सप्ताह में मेट्रो का ट्रायल शुरू होना है। तीन माह तक ट्रायल पूरा होने के बाद आयुक्त मेट्रो रेल सेफ्टी रूट की संरक्षा को परखेंगे। उनके संतुष्ट होने के बाद ही इस रूट पर मेट्रो के संचालन की अनुमति मिलेगी। वर्तमान में प्रायोरिटी कॉरिडोर और वायडक्ट सहित अन्य सिविल वर्क का काम पूरा कर लिया गया है। प्रायोरिटी कॉरिडोर के मेट्रो स्टेशन का काम भी अंतिम चरण में है। लिफ्ट इंस्टालेशन और इलेक्ट्रिसिटी का ही कुछ काम बाकी बचा है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | People Samachar | Bhopal | 01.09.2023 | 02 | इंदौर में मेट्रो का पहला कदम, रात ढाई बजे पहुंचे कोच, पूजन के बाद ट्रैक पर उतारे | Positive |


पीपुल्स समाचार





भोपाल सिटी Page: 2 September 01, 2023


# इंदौर में मेट्रो का पहला कदम, रात ढाई बजे पहुंचे कोच, पूजन के बाद ट्रैक पर उतारे

इंदौर। मेट्रो ट्रेन के लिए बुधवार रातभर प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी इंतजार करते रहे। जैसे ही रात ढाई बजे तीन कोच सुपर कारीडोर पहुंचे, सभी में खुशी की लहर दौड़ गई। कोच उतारने के लिए रात 12 बजे से ही क्रेन खड़ी कर दी थी। सांसद शंकर लालवानी ने कोच का पूजन किया। इसके बाद क्रेन की मदद से कोचों को ट्रैक पर उतारा गया।



- इंदौर में आने वाले समय में ऐसी 25 ट्रेनें और आना प्रस्तावित हैं।
- गांधीनगर से सुपर कॉरिडोर-03 तक सितंबर 2023 में ट्रायल होना है।
- एक कोच की लम्बाई 22 मीटरऔर चौड़ाई 2.9 मीटर है।
- एक कोच में 50 लोगों के बैठने का इंतजाम और लगभग 300 लोगों के खड़े रह सकते हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 01.09.2023 | 09 | इंदौर की मेट्रो पटरी पर.. तीन कोच आए | Positive |

दैनिक भास्कर भोपाल 01-09-2023 Pg-09

# मध्यप्रदेश

दैनिक भास्कर, भोपाल, शुक्रवार, 01 सितंबर, 2023



### देश में सबसे उन्नत GAO-4 तकनीक वाली इंदौर मेट्रो, ये दिल्ली के सिर्फ एक रूट पर

## इंदौर की मेट्रो पटरी पर... तीन कोच आए

भास्कर न्यूज़ | इंदौर

लंबे इंतजार के बाद गुरुवार को इंदौर मेट्रो पटरी पर आई। आठ दिन में तीन राज्यों से 900 किमी का सफर तय कर कोच गांधी नगर के लोडिंग ट्रैक पर उतारे गए। इंदौर मेट्रो के कोच पीले रंग के होंगे। अंदर का डिजाइन ग्रे है। एक कोच में 50 लोग बैठ सकेंगे, जबकि 250 से 300 यात्री खड़े रह पाएंगे। एक फेरे में 900 यात्री सफर कर पाएंगे। कोच अभी नीले की रंग की पॉलिथीन से ढंके हुए हैं। गुरुवार को पूजा के लिए थोड़ा सा हिस्सा खोला गया। तीन कोच में से दो ड्राइविंग मोटर कार है। यानी पहला व तीसरा डिब्बा इंजन जैसा होगा। बीच वाला ट्रेलर कार कहलाता है।

**ऐसे ट्रैक पर उतारे गए मेट्रो कोच...** पहला कोच सुबह 9.45 बजे ट्रॉले से उतारा गया। इन्हें पटरी पर पहुंचाने के लिए फोर पॉइंट जैक क्रेन मेट्रो लाई गई थी। डिपो क्रॉस कर इसे ईंस्पेक्शन-वे लाइन पर ले जाया गया। डिपो में बने स्टेब्लिंग यार्ड में टेस्टिंग ट्रैक पर इन्हें चेक किया गया।

**तीन शिफ्ट में 24 घंटे करेंगे काम...** तीनों कोच जोड़ने में 20 से 25 दिन लगते हैं। ट्रायल रन सितंबर के मध्य में होना है, इसलिए तीन शिफ्ट में 24 घंटे काम करना होगा। 75 कोच इंदौर आएंगे । तीन डिब्बों की एक ट्रेन होगी, यानी कुल 25 ट्रेन आएंगी। दो मेट्रो के बीच में 90 सेकंड का अंतर होगा।

**GAO-4 तकनीक: ड्राइवर तो ठीक, अटेंडेंट की भी जरूरत नहीं**

मेट्रो के सिस्टम डायरेक्टर शोभित टंडन ने बताया, इंदौर मेट्रो के लिए ग्रेड ऑफ ऑटोमेशन-4 यानी जीओए-4 तकनीक का उपयोग किया गया है। ड्राइवर गाड़ी में हो या ना हो, यात्रा सुरक्षित रहेगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 01.09.2023 | 02 | अटल पथ पर लोकतंत्र कार्निवाल, बड़े तालाब के ऊपर एयर शो और इसी माह मेट्रो का ट्रायल रन | Positive |

दैनिक भास्कर भोपाल 01-09-2023 Pg-J2



## सिटी कैलेंडर सितंबर 2023

# अटल पथ पर लोकतंत्र कार्निवाल, बड़े तालाब के ऊपर एयर शो और इसी माह मेट्रो का ट्रायल रन

भोपाल | इस महीने शहर में सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों के साथ स्टैंडअप कॉमेडी शोज और लाइव कॉन्सर्ट की चहल-पहल रहेगी। एक ओर एयर शो का आयोजन होगा, जिसमें सुखोई-राफेल जैसे लड़ाकू विमान करतब दिखाएंगे। वहीं दूसरी ओर विधानसभा चुनाव को लेकर लोकतंत्र कार्निवाल का आयोजन भी किया जाएगा। इस महीने शहर में मेट्रो का ट्रायल रन भी होगा और करोंद रेलवे क्रॉसिंग पर बने आरओबी की शुभारंभ भी होगा।

### सिटी इवेंट्स

**6 सितंबर को लोकतंत्र कार्निवाल**

- **क्या होगा :** विधानसभा चुनाव को लेकर जागरूकता के लिए बाइक और कार रैली। लोकतंत्र की थीम पर झांकियां भी।
- **कब :** सुबह 6 बजे से • **कहां :** अटल पथ, टीटी नगर



**30 सितंबर को एयर शो**

- **क्या :** सुखोई-राफेल जैसे 50 लड़ाकू विमान और हेलिकॉप्टर दिखाएंगे करतब
- **कहां :** बड़े तालाब के ऊपर
- **क्या खास :** वीआईपी रोड, बोट क्लब रोड, वन विहार और श्रिंद एंड वेव से देख सकेंगे फाइटर जेट का दम। लाइव कॉमेंट्री के लिए इन जगहों पर लगेंगे लाउड स्पीकर।

### सिटी गेस्ट

**6 सितंबर - गौरव कपूर**

- क्या - स्टैंड अप कॉमेडी शो
- कहां - होटल ताज लेक फ्रंट
- कब - 7 बजे

**9 सितंबर - मधुर शर्मा**

- क्या - कॉन्सर्ट
- कहां - डीबी सिटी मॉल
- कब - 7 बजे

**9 सितंबर - अनुभव सिंह बस्सी**

- क्या : स्टैंड अप कॉमेडी शो • कहां : रविंद्र भवन • कब : 7 बजे

**16 सितंबर - रफ्तार**



- क्या : लाइव कंसर्ट
- कहां : एम्स भोपाल
- कब : 7 बजे

**21 सितंबर - जाकिर खान**



- क्या : स्टैंड अप कॉमेडी शो
- कहां : रविंद्र भवन
- कब : 7 बजे

### आर्ट, कल्चर और नाटक

**1 से 3 सितंबर आदरांजलि समारोह**

- **क्या होगा :** बव कारंत की स्मृति में आयोजित समारोह में पहले दिन व्याख्यान होगा, दूसरे दिन फिल्म चोपड़ा का प्रदर्शन होगा और तीसरे दिन हुंकारे नाटक होगा।
- **कब :** शाम 7 बजे से
- **कहां :** भारत भवन

**1 से 3 सितंबर प्रतिष्ठा समारोह**

- **क्या :** दुष्यंत कुमार जयंती पर व्याख्यान सत्र, शाम-ए-ग़ज़ल और फिल्म प्रदर्शन।
- **कब :** शाम 4 बजे
- **कहां :** दुष्यंत कुमार संग्रहालय

**12 से 17 सितंबर थिएटर फेस्टिवल**

- **कब :** शाम 7 बजे
- **कहां :** ब्लैक बॉक्स थिएटर, होशंगाबाद रोड

**14 सितंबर सम्मान समारोह**

- **क्या :** संस्कृति संचालनालय हिंदी को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही विभूतियों को सम्मानित करेगा।
- **कब :** शाम 7 बजे
- **कहां :** रवींद्र भवन

### सिटी डेवलपमेंट

**मेट्रो के ट्रायल रन का टारगेट**



सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर में होगा। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अगले साल मई तक एम्स से सुभाष नगर 6.27 किमी के रूट पर मेट्रो संचालन शुरू करने का टारगेट है।

- **करोंद आरओबी :** करोंद रेलवे क्रॉसिंग पर 15 करोड़ की लागत से आरओबी का शुभारंभ भी सितंबर में होगा। 17 करोड़ की लागत से बने इस ब्रिज से करोंद क्षेत्र और पुराने शहर की 5 लाख आबादी को फायदा होगा।
- **टर्मिनल स्टेशन की शुरुआत :** निशातपुरा में डेवलप टर्मिनल स्टेशन की शुरुआत हो सकती है।
- **स्लीप सेंटर :** परिवहन विभाग का स्लीप सेंटर सितंबर में शुरू किए जाने की उम्मीद है।

### सिटी स्पोर्ट्स

**29 सितंबर : इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट**

- **कब :** सुबह 8 बजे से
- **कहां :** पैग क्रिकेट ग्राउंड, नेहरू नगर पुलिस लाइन।

**20 सितंबर : थ्रो बॉल चैंपियनशिप**

- **कब :** सुबह 8 बजे से
- **कहां :** एलएनसीटी ग्राउंड

यह कैलेंडर स्कूल कोड को स्कैन करके भी शामिल कर सकते हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | Haribhumi | Bhopal | 01.09.2023 | 02 | इंदौर पहुंचे मेट्रो कोच, ट्रायल रन में सीएम होंगे शामिल | Positive |



## पीले कलर के तीन कोच आए

# इंदौर पहुंचे मेट्रो कोच, ट्रायल रन में सीएम होंगे शामिल

**भोपाल।** इंदौर के इतिहास में गौरवशाली उपलब्धि में गुरूवार के दिन एक नया अध्याय जुड़ गया है। इस दिन इंदौर में मेट्रो के सपने को साकार करने की दिशा में एक नई कड़ी जुड़ गई। बीती रात विशाल ट्रालों में पहुंचे मेट्रो के पीले कलर के तीन कोच को गुरुवार सुबह इंदौर के गांधी नगर स्थित मेट्रो डिपो में पूजा-अर्चना कर पटरी पर उतारने के कार्य की शुरूआत की। अधिकारियों ने बताया कि ट्रायल रन में सीएम शिवराज सिंह चौहान भी शामिल होंगे। लगभग 6 किमी लम्बाई में इंदौर मेट्रो का ट्रायल रन सितम्बर में होना प्रस्तावित है। सांसद शंकर लालवानी ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों और तकनीकी टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को मुख्यमंत्री चौहान के नेतृत्व में साकार होते देख मन आनंदित है। यह गर्व की बात है कि इंदौर शहर भी मेट्रो शहर बनने जा रहा है। इस मौके पर मेट्रो रेल कार्पोरेशन के डायरेक्टर शोभित टंडन ने बताया कि तीन कोच की क्षमता लगभग 900 यात्रियों की रहेगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 01.09.2023 | 01 | एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन | Positive |

दैनिक भास्कर भोपाल 01-09-2023
Pg-01

## एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. ने सुपरवाइजर सहित विभिन्न 88 पदों पर वैकेंसी निकाली है। आवेदन 29 सितंबर तक किए जा सकते हैं। देखें https://mpmetrorail.com/career

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 02.09.2023 | 05 | किन रास्तों से लाएं मेट्रो कोच उतने ही वजनी ट्रॉले से होगा मॉक ट्रायल | Positive |



# किन रास्तों से लाएं मेट्रो कोच, उतने ही वजनी ट्रॉले से होगा मॉक ट्रायल

गुजरात से 10 सितंबर को रवाना होने की संभावना

भोपाल ■ राज न्यूज़ नेटवर्क



मेट्रो के तीन कोच इंदौर पहुंच गए हैं। अब भोपाल की बारी है। इसकी तैयारी शुरू कर दी है। गुजरात के सांवली प्लांट से दस सितंबर को राजधानी के लिए तीन कोच रवाना होने की संभावना है। यह तीन ट्रॉले पर रख कर आएंगे।

ऐसे में कोच और ट्रॉले का वजन झेलने लायक सड़कें कौन सी है, मोड़ने में कोई दिक्कत तो नहीं आएगी, ट्रैफिक जाम लगता है या नहीं, जैसी जानकारी जुटाई जाना है। इसके लिए मॉक ट्रायल किया जाएगा। यानि संभावित रूट पर उतने ही वजनी ट्रॉले को चला कर देखा जाएगा। भोपाल और इंदौर में इस महीने तीन-तीन कोच की मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन शुरू किया जाना है।

इंदौर में तीन कोच एक दिन पहले पहुंच चुके हैं। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के मुताबिक गुजरात में वड़ोदरा के पास सांवली प्लांट से दस सितंबर को भोपाल के लिए कोच रवाना किए जा सकते हैं। इसके पहले मॉक ट्रायल किया जाएगा। यह एक हफ्ते में हो सकता है। सब कुछ ठीक रहा तो 15 सितंबर तक तीनों कोच भोपाल पहुंच जाएंगे। इसके कुछ दिन बाद ही ट्रायल रन शुरू हो पाएगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाथों कराया जा सकता है।

## एक कोच में 340 यात्री कर सकेंगे सफर

एक बार में मेट्रो ट्रेन में कुल 1020 यात्री सफर कर सकेंगे। इसमें लगभग 40 लोग बैठकर और 300 खड़े होकर यात्रा कर सकेंगे। भोपाल और इंदौर के लिए मेट्रो कोच बनाने का जिम्मा अल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया को दिया गया है। वह गुजरात के वड़ोदरा स्थित सावली प्लांट में बन रहे हैं। इधर, मेट्रो कोच का मॉक अप यानि मॉडल स्मार्ट रोड के पास पार्क में स्थापित किया जा चुका है। बड़ी संख्या में लोग रोजाना इसे देखने पहुंच रहे हैं।

## भोपाल में कुल 27, इंदौर में 25 ट्रेनें आएंगी

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि भोपाल के लिए कुल 27 ट्रेन आएंगी। प्रत्येक में तीन डिब्बे रहेंगे। इसी तरह इंदौर में 25 ट्रेन आएंगी। एक डिब्बे की लंबाई 22 मीटर तथा चौड़ाई 2.9 मीटर होगी। मेट्रो ट्रेन को 90 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलने के लिए डिजाइन किया गया है। दो ट्रेनों के बीच न्यूनतम समय 90 सेकंड का रहेगा। शुरुआत में भोपाल व इंदौर में मेट्रो ड्राइवर या ट्रेन ऑपरेटर चलाएगा। दो-तीन साल बाद इसे बिना ड्राइवर के चलाया जा सकता है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | हरि भूमि | भोपाल | 02.09.2023 | 04 | मेट्रो:सुभाष नगर डिपो में रैं के साथ एस्केलेटर का हुआ ट्रायल | Positive |



तीन बोगी वाली मेट्रो ट्रेन अगले हफ्ते आएगी भोपाल

# मेट्रोः सुभाष नगर डिपो में रैंप के साथ एस्केलेटर का हुआ ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ›› भोपाल

भोपाल में मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन के लिए सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक ट्रैक तैयार होने के साथ ही सुभाष नगर डिपो में रैंप के साथ एस्केलेटर का ट्रायल पूरा हो गया है।

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर बने मेट्रो स्टेशन पर भी एस्केलेटर शुरू हो गया, लेकिन तीन बोगी वाली मेट्रो ट्रेन अगले हफ्ते आने की उम्मीद है। इन बोगियों के लिए सुभाष नगर डिपो में तैयारी ट्रैक सहित सबस्टेशन बिजली लाइन ने भी काम करना शुरू कर दिया है।

मेट्रो आपरेशन के अधिकारियों का ध्यान अभी इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन पर है। वहां तीन बोगी वाली ट्रेन पटरी पर पहुंच चुकी है। भोपाल मेट्रो ट्रायल रन के लिए सुभाष नगर, केंद्रीय विद्यालय, बोर्ड ऑफिस, एमपी नगर और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर मेट्रो स्टेशन बनकर तैयार हो गए हैं। गोविन्दपुरा चम्बल ग्रिड सब स्टेशन से सुभाष नगर डिपो तक मेट्रो रेल परियोजना के अंतर्गत इंजीनियरिंग, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण व बिजली आपूर्ति के उप.स्टेशन (आरएसएस), ट्रैक्शन सब.स्टेशन, टीएसएस, 750 वीडीसी तक की कमीशनिंग और स्काडा सिस्टम लगाया जा चुका है।

यह मेट्रो को पूरे तरह से ऑटोमेटिक प्रणाली पर रखता है। सुभाष नगर डिपो में आई 132 किलोवाट की बिजली सप्लाई को 33 किलोवाट में कन्वर्ट कर स्टेशन पर सप्लाई की जा रही है। बिजली की आपूर्ति के लिए 750 वोल्ट डीसी (थर्ड रेल) पर आधारित है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | पीपल्स समाचार | भोपाल | 02.09.2023 | 13 | एल्सटॉम ने भोपाल-इंदौर मेट्रो ट्रायल लिए रेल प्रोजेक्ट के लिए ट्रेनसेट कर डिलीवर की | Positive |

पीपुल्स समाचार

भोपाल सिटी Page: 13

# एल्स्टॉम ने भोपाल-इंदौर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट्स के लिए ट्रेनसेट कर डिलीवरी की

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

editor@peoplessamachar.co.in

एल्सटॉम (Alstom) द्वारा मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) के तहत भोपाल-इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट्स के लिए अपने पहले ट्रेनसेट की सफलतापूर्वक डिलीवरी कर दी गई है। इस ट्रेनसेट को अपने नोटिस टू प्रोसीड (एनटीपी) से साढ़े चौदह महीने के रिकॉर्ड समय में निर्मित किया गया है, जिसे इंदौर मेट्रो के लिए जारी किया जाएगा। इसका परिचालन अप्रैल 2024 से शुरू हो जाएगा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा एमपीएमआरसीएल, जनरल कंसल्टेंट और एल्सटॉम की उपस्थिति में मॉक-अप कार का अनावरण 26 अगस्त, 2023 को स्मार्ट सिटी पार्क, भोपाल में किया गया था।

दूसरे ट्रेनसेट को भोपाल के लिए जारी किया जाएगा, जिसकी डिलीवरी 20 सितंबर, 2023 तक होने की उम्मीद है। यह भोपाल में 30 स्टेशनों वाली 31 किमी लाइन और इंदौर में 29 स्टेशनों वाली 31.5 किमी लाइन पर 80 किमी/घंटा की तेज रफ्तार से संचालित होगी। इन ट्रेनों में 50 यात्रियों के बैठने और 300 यात्रियों के खड़े होने की क्षमता है।



डिलीवरी अपडेट पर टिप्पणी करते हुए, ओलिवर लोइसन, मैनेजिंग डायरेक्टर, एल्सटॉम इंडिया, ने कहा, "एल्सटॉम इंडिया में, भोपाल-इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए पहले ट्रेनसेट की अग्रिम डिलीवरी करना हमारे लिए बेहद गर्व की बात है। भोपाल और इंदौर को भारत में स्मार्ट शहर के रूप में मान्यता प्राप्त है। इस प्रकार, मेट्रो के जुड़ने से शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर में आधुनिकीकरण को उल्लेखनीय रूप से बढ़ावा मिलेगा। ये ट्रेनें न सिर्फ सुरक्षित, विश्वसनीय, कुशल और किफायती जन परिवहन प्रणाली को स्थापित करना सुनिश्चित करेंगी, बल्कि शहर की आर्थिक गतिविधि को भी बढ़ावा देंगी।

एल्सटॉम भारत की सुदृढ़ गतिशीलता की यात्रा में दीर्घकालिक भागीदार है और हम उम्मीद करते हैं कि मध्य प्रदेश की जन परिवहन आवश्यकताओं को पुनः परिभाषित करके इस साझेदारी को और भी अधिक मजबूत करने में सक्षम होंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 02.09.2023 | 09 | मेट्रो ट्रेन ट्रायल कार के दोनों ओर के कोच जोड़ना शुरू किया | Positive |

दैनिक भास्कर भोपाल 02-09-2023 Pg-09

dainikbhaskar.com

# इंदौर मेट्रो की पूरी तस्वीर पहली बार | मेट्रो ट्रेन ट्रेलर कार को दोनों ओर के कोच से जोड़ना शुरू किया



फोटो | ओपी सोनी

इंदौर| मेट्रो का सपना जल्द सच होने को है। तीन कोच के पटरी पर उतरते ही अब पूरे प्रोजेक्ट ने भी गति पकड़ ली है। शुक्रवार को स्टील बॉडी की चमचमाती मेट्रो पॉलिथीन से बाहर आई और ट्रेलर कार को दोनों ओर के कोच से जोड़ने का सिलसिला शुरू हुआ। सबसे पहले कोच के इलेक्ट्रिक व ब्रेकिंग सिस्टम को जोड़ा गया। इसके बाद ऑपरेशन, एआई और सिग्नल सिस्टम का काम शुरू होगा। ट्रायल रन के लिए कॉर्पोरेशन के पास 13 दिन का समय है।

**14** सितंबर को प्रस्तावित है मेट्रो का ट्रायल रन

**03** शिफ्ट में 24 घंटे चलेगा कोच को जोड़ने का काम

### यह काम हो रहे

- कोच को जोड़ा जा रहा।
- पॉवर हाउस से थर्ड रेल में बिजली सप्लाय सिस्टम बना रहे।
- ऑटोमैटिक व सिग्नल ऑपरेशन के लिए डिपो में भी कंट्रोल एंड कमांड सेंटर बन रहा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | पत्रिका | भोपाल | 4 | 02 | भोपाल मेट्रो की ऑरेंज लाइन, इसी रंग के कोच के साथ पटरी पर दौड़ेगी | Positive |

**#MetrotrainProject** नाम को लेकर शहर में बहस शुरू

# भोपाल मेट्रो की ऑरेंज लाइन, इसी रंग के कोच के साथ पटरी पर दौड़ेगी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




**भोपाल.** भोपाल में ऑरेंज लाइन एम्स से करोंद के बीच प्रायोरिटी कॉरिडोर पर इस माह आखिर तक ट्रायल होगा और ऑरेंज लाइन के लिए ऑरेंज रंग के ही कोच तैयार किए गए हैं। मेट्रो ट्रायल के बीच इसके नाम को लेकर भी शहर में बहस शुरू हो गई। अक्टूबर 2019 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भूमिपूजन कार्यक्रम में मेट्रो का नाम राजा भोज के नाम पर भोज मेट्रो किया था। लेकिन सरकार जाते ही इसे भुला दिया गया। भूमिपूजन के चार साल बाद भी भोपाल मेट्रो के नाम से ही पूरा काम होता है।

## पंद्रह सितंबर तक पहुंचेंगे ऑरेंज कोच

इंदौर मेट्रो ट्रेन के कोच भले ही 31 अगस्त को पहुंच गए हो, लेकिन भोपाल को अपने पहले रैक के लिए पंद्रह सितंबर तक इंतजार करना पड़ेगा। भोपाल के कोच पहुंचाने में थोड़ी देरी हो रही है। ये करीब एक सप्ताह तक की हो रही। आठ से दस सितंबर तक कोच आना थे, लेकिन अब इसे पंद्रह तक आने की बात कही जा रही है।

2019 में मैं महापौर था। भूमिपूजन कार्यक्रम में था और मैंने मेट्रो का नाम भोज मेट्रो करने की मांग की थी, उसके बाद ही घोषणा हुई थी। मैं मुख्यमंत्री से इसका नाम भोपाल की बजाय भोज मेट्रो करने की मांग करता हूं।

**आलोक शर्मा,** तत्कालीन महापौर भाजपा

कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने भोज मेट्रो का नाम दिया था। इसी सरकार नोटिफाई करें। बिना ट्रेन मूवमेंट किए ही इसका श्रेय लेने की कोशिश की जा रही है ऐसा न करें। जब ट्रेन शुरू हो तभी कहें की मेट्रो शुरू कर दी है। भाजपा की कथनी- करनी में अंतर साफ दिख रहा है।

**पीसी शर्मा,** विधायक कांग्रेस

MPMETRO

METRO NEWS

03rd SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | दैनिक जागरण | भोपाल | 03.09.2023 | 12 | मेट्रो ट्रायल रन के काम सितंबर मध्य तक करने हैं पूरे | Neutral |

दैनिक जागरण

Pg-12 विविध

भोपाल, 3 सितंबर, 2023 SUNDAY

प्रोजेक्ट | एमडी मनीष सिंह ने निरीक्षण के दौरान मजदूरों की संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश

# मेट्रो ट्रायल रन के काम सितंबर मध्य तक करने हैं पूरे

जागरण प्रतिनिधि, भोपाल। मेट्रो का ट्रायल रन इसी महीने में होना है। जिसकी तैयारियां तेज गति से की जा रही है। 15 सितंबर तक ट्रायल से संबंधित काम पूरे करना है, जिसके कारण अब मेट्रो के प्रॉयोरिटी कॉरीडोर में 24 घंटे काम किया जाएगा। शनिवार को मेट्रो के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने भोपाल मेट्रो साइट्स का निरीक्षण किया। मनीष सिंह ने निर्देश दिए कि मजदूरों की संख्या बढ़ाकर दिन-रात काम कर तय समय मे पूर्ण कर लिए जाएं। इस माह के मध्य तक भोपाल-इंदौर मेट्रो ट्रायल रन के लिए अधोसंरचना संबंधी सभी कार्य पूरे हो जाएंगे। इंदौर में मेट्रो कोच पहुंच गए हैं। अब सावली बड़ोदरा से 6 सितंबर को भोपाल के लिए मेट्रो के तीन कोच निकलेंगे, जो दस से ग्यारह दिन में भोपाल आ जाएंगे। एक डिब्बे की 2.9 मीटर चौड़ाई एवं 22 मीटर लंबाई होगी।

## मेट्रो के आने से पहले की जाएगी यह जांच

मेट्रो ट्रेन के आने से पहले ही जल्द ही मॉक ट्रायल ऑफ ट्रेलर फॉर मूवमेंट परीक्षण भी किया जाएगा। जिसमें रूट मैप, रोड की चौड़ाई, ट्रेन का भार, रोड के मोड़/घुमाव इत्यादि की जांच की जाएगी। सब कुछ जांचने के बाद मेट्रो ट्रेन को लाया जाएगा।

## उद्घाटन से पहले वायाडक्ट पर ट्रेन का ट्रायल रन

मुख्यमंत्री के उद्घाटन पूर्व टेस्ट ट्रैक एवं वायाडक्ट पर ट्रेन का ट्रायल रन किया जाएगा। जिसमे सुरक्षा परीक्षण एवं अन्य आवश्यक जांच की जाएगी। साथ ही स्टेशन पर लगे एस्केलेटर, लिफ्ट इत्यादि का भी ट्रायल करके जांच की जाएगी।



## प्रॉयोरिटी कॉरीडोर में यह हुआ

- सभी 8 स्टेशनों के गर्डर कास्टिंग का काम 77 फीसदी पूरा हुआ।
- वायडक्ट के स्पैन इरेक्शन का काम 68 फीसदी पूरा हुआ।
- वायडक्ट के बियरिंग स्पैनवाइज का काम 83 फीसदी पूरा हुआ।
- सभी 8 स्टेशनों के पियरआर्म कॉनकोर्स लेवल का काम 70 फीसदी पूरा हुआ।

## निरीक्षण के दौरान एमडी ने यह निर्देश भी दिए

मनीष सिंह शनिवार सुबह भोपाल मेट्रो स्टेशन एवं डिपो मे सभी संबंधित विभागों के साथ निरीक्षण कर कार्य समय पर सुरक्षा के साथ पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। एमडी द्वारा स्टेशन पर लगे एस्कलेटर, लिफ्टस, रूफ़ र/शेड, ट्रैक, अग्निशमन संबंधित कार्यों का विस्तार से निरीक्षण किया एवं निर्देश दिए की साफ-सफ़ाई एवं हाउसकीपिंग के कार्यों को भी साथ-साथ किया जाए। इसके बाद बाहरी एवं आंतरिक सौन्दरियकर्ण के कार्य किए जाएंगे। एमडी द्वारा एंट्री-अगसिट पॉइंट का भी निरीक्षण किया। निर्देश दिए की सुभाष नगर स्टेशन को एंट्री-अगसिट पॉइंट से जोड़ने का कार्य जल्द पूर्ण कर लिया जाए।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | Fresspress | Bhopal | 03.09.2023 | 04 | Bhopal Metro coaches to arrives by Sept 15 | Neutral |

BHOPAL CITY

Pg-04 INDORE/BHOPAL | SUNDAY | SEPTEMBER 3, 2023 www.freepressjournal.in

# Bhopal Metro coaches to arrive by Sept 15



OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in

The three coaches with engine of Metro train are likely to reach Bhopal on September 15.

Normally, 10 days are needed for Metro coaches to reach their destination from manufacturing Unit.

The length of each coach is 2.9 metres and width is 22 metres. On reaching Bhopal, they will be unloaded on unloading bay.

Before arrival of Metro coaches, mock trial will be done in which route map, train load, turns of road etc will be checked. Before inauguration of Bhopal Metro trial run by Chief Minister Shivraj Singh Chouhan, train's trial run will be done on viaduct. Along with this, escalator, lift etc will be also checked. After official trial run, Metro train's commercial operation will begin.

An official of Madhya Pradesh Metro Train Corporation said that first and last coaches would have Driver Motor Car (DMC). The Metro Stations of Bhopal Metro are designed in such a way that they have the capacity of six coaches. As of now, three coaches are arriving.

Manish Singh, Managing Director of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited, inspected the preparations made for Bhopal Metro trial run. He directed to increase the numbers of labourers to complete remaining works.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | नवदुनिया | भोपाल | 03.09.2023 | 03 | जिस मार्ग से आएंगे मेट्रो कोच उसका होगा माक ट्रायल | Neutral |



# जिस मार्ग से आएंगे मेट्रो कोच उसका होगा माक ट्रायल

## सड़क की चौड़ाई और भार क्षमता जांचने के बाद छह सितंबर को सावली से निकलेगा पहला रैक



## ऑरेंज लाइन में दौड़ेगी संतरे के रंग की मेट्रो

### एमडी ने किया निरीक्षण

**मेट्रो ट्रेन में 1020 यात्री एक साथ कर सकेंगे सफर**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | नई दुनिया | भोपाल | 03.09.2023 | 04 | इंतजार के ट्रैक पर मेट्रो वेटिंग में राजधानी | Neutral |

# नवदुनिया सिटी

# भोपाल

...जब लोगों को परिणीति जैसी लगीं आलिया



इंतजार के ट्रैक पर मेट्रो वेटिंग में राजधानी...

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | राज एक्स्प्रेस | Bhopal | 03.09.2023 | 03 | जुगरात से चार दिन बाद रवाना होंगे मेट्रो कोच, 13 को आएंगे भोपाल | Neutral |

www.rajexpress.co
3
राज एक्सप्रेस
महानगर
सूर्यास्त (रविवार)- 06:36 सूर्योदय (सोमवार)- 06:03
तापमान अधिकतम 34.4° न्यूनतम 24.0°
भोपाल
रविवार, 03 सितंबर 2023

# गुजरात से चार दिन बाद रवाना होंगे मेट्रो कोच, 13 को आएंगे भोपाल

मुख्यमंत्री के हाथों उद्घाटन के पहले टेस्ट ट्रैक, वायाडक्ट पर चलाएंगे

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

राजधानी के लिए तीन कोच की मेट्रो ट्रेन चार दिन बाद गुजरात में सावली के पास स्थित एल्सटॉम प्लांट से रवाना होगी। यह 13 सितंबर तक भोपाल पहुंचने की संभावना है। इसके बाद ट्रायल रन शुरू किया जाएगा। यह कुछ महीनों तक जारी रह सकता है। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने शनिवार को भोपाल में चल रहे मेट्रो कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान बताया गया कि भोपाल और इंदौर में मेट्रो के ट्रायल रन के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर इस महीने के मध्य तक तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाथों उद्घाटन कराने के पहले टेस्ट ट्रैक व वायाडक्ट पर ट्रेन चला कर देखी जाएगी। इसमें सेफ्टी परीक्षण व अन्य आवश्यक जांच की जाएगी। साथ ही स्टेशन पर लगे एस्केलेटर, लिफ्ट मशीन का भी ट्रायल किया जाएगा।

**एमडी मनीष सिंह ने समय सीमा में काम पूरा करने के दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**



## ट्रायल रन के बाद होगा बाकी काम

प्रबंध संचालक ने श्रमिकों की संख्या बढ़ा कर तय समय में सभी काम पूरा करने के निर्देश दिए। बाकी कार्य ट्रायल रन के बाद करने के लिए कहा ताकि आम लोगों के लिए मेट्रो का संचालन जल्द शुरू किया जा सके। एमडी ने स्टेशन पर लगे एस्केलेटर, लिफ्ट्स, स्ट्रक्चर, ट्रैक, फाल्स सीलिंग से जुड़े कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। कहा कि सफाई के साथ हाउसकीपिंग के काम भी साथ किए जाएं। इसके बाद बाहरी व आंतरिक सौंदर्यीकरण के कार्य किए जाएंगे।

## सुभाष नगर स्टेशन को एफओबी से जल्द जोड़ें



एमडी मनीष सिंह ने सुभाष नगर स्टेशन को डीबी मॉल, एग्जिट पॉइंट से जोड़ने के लिए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। स्टेशन का निर्माण कर रही गुजराती कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधियों से कहा कि बचा काम पूरा करने के बाद नीचे की रोड जल्द बना दी जाए। निरीक्षण में निदेशक (प्रोजेक्ट) अजय शर्मा, निदेशक (सिस्टम) शोभित टंडन, सिविल जीएम अजय कुमार, जीएम ट्रैक आलय गुप्ता व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 6 सितंबर को रवाना होंगे कोच

राजधानी के लिए मेट्रो के तीन कोच छह सितंबर को एल्सटॉम सावली के गुजरात प्लांट से रवाना होंगे। राजधानी पहुंचने पर इनको सुभाष नगर के पास बन रहे डिपो में इन्स्पेक्शन बे पर उतारा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन आने से पहले इसे लाने वाले ट्रेलर का मॉक ट्रायल किया जाएगा। इसमें रूट मैप, सड़क की चौड़ाई, ट्रेन का भार, रोड के घुमाव आदि की जांच की जाएगी। एक डिब्बे की लंबाई 22 मीटर और चौड़ाई 2.9 मीटर होगी। यहां बता दें कॉर्पोरेशन के अधिकारी अगले वर्ष मई-जून में मेट्रो ट्रेन का ऑपरेशन शुरू करने का टारगेट लेकर चल रहे हैं। तब राजधानी में रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर के बीच करीब छह किमी की दूरी आम लोग मेट्रो में बैठ तय कर सकेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 03.09.2023 | 04 | मेट्रो: ऑरें<br>होंगे रवाना, ट्रायल रन इसी माह | Neutral |


पीपुल्स समाचार

भोपाल सिटी Page: 4 September 03, 2023


# मेट्रो: ऑरेंज लाइन के तीन कोच वडोदरा से 6 को होंगे रवाना, ट्रायल रन इसी माह

## मेट्रो कंपनी के एमडी मनीष सिंह ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण


पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

मो.नं. 9300697983


राजधानी में मेट्रो का ट्रायल रन इसी महीने होना है। इसको देखते हुए मेट्रो कंपनी के एमडी मनीष सिंह खुद काम की निगरानी कर रहे हैं। शनिवार को उन्होंने मेट्रो साइट का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और कॉन्ट्रैक्टर्स को हिदायत दी कि डेडलाइन में काम हर हाल में पूरा होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि 6 सितंबर तक सावली, वडोदरा (गुजरात) से ऑरेंज लाइन के तीन कोच रवाना होंगे। एक कोच की चौड़ाई 2.9 मीटर और चौड़ाई 22 मीटर होगी। भोपाल डिपो



मे ट्रेन को अनलोडिंग-बे पर अनलोड किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं। इससे पूर्व जल्द ही 'मॉक ट्रायल ऑफ ट्रेलर फॉर मूवमेंट' परीक्षण किया जाएगा। इसमे रूट मैप, रोड की चौड़ाई, ट्रेन का भार, रोड के मोड़ और घुमाव आदि की जांच की जाएगी। मेट्रो के उद्घाटन से पहले टेस्ट ट्रैक एवं वायाडक्ट पर ट्रेन का ट्रायल रन किया जाएगा।

### समय सीमा में काम पूरा करने की कॉन्ट्रैक्टर को दी हिदायत

एमडी सिंह ने कहा कि ट्रायल रन से पहले सेफ्टी रन सहित अन्य काम किए जाने हैं। ऐसे में सितंबर के दूसरे हफ्ते तक काम पूरा कर लिया जाए। एम्स तक करीब 6 किमी लंबे प्रायोरिटी कॉरिडोर में सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक करीब पांच किमी हिस्से का काम मेट्रो ट्रायल रन के लिए सितंबर के दूसरे हफ्ते तक पूरा किया जाना है। ट्रायल रन के बाद मई-जून 2024 में कॅमर्शियल-पैसेंजर ऑपरेशन शुरू किया जाना है। उन्होंने मेट्रो स्टेशन पर लगे एस्केलेटर, लिफ्ट्स, ट्रैक, फायर सेफ्टी आदि कामों का निरीक्षण किया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 03.09.2023 | 04 | वडोदरा से 10 दिन में 1100 किमी सफर तय कर आएगी 'भोपाल मेट्रो' | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 03-09-2023 Pg-J4

### 6 सितंबर को सावली से ट्राले में रवाना किए जाएंगे तीन कोच

# वडोदरा से 10 दिन में 1100 किमी सफर तय कर आएगी 'भोपाल मेट्रो'

## ट्राले के शहर के भीतर आने से पहले होगी मॉक ड्रिल

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

वडोदरा यानी गुजरात से उदयपुर (राजस्थान), रतलाम, इंदौर होते हुए 10 दिन में 1100 किमी का सफर तय करके मेट्रो ट्रेन भोपाल आएगी। 6 सितंबर को मेट्रो ट्रेन के तीन कोच लेकर 4 मीटर चौड़ा, 5 मीटर ऊंचा और कोच सहित 50 टन वजन का ट्राला भोपाल के लिए रवाना होगा। यह ट्राला भौंरी बायपास से शहर में प्रवेश करेगा और एयरपोर्ट रोड होते हुए सुभाष नगर पहुंचेगा। मेट्रो ट्रेन को सुभाष नगर तक लेकर आने के पूरे रूट का पहले सर्वे होगा फिर मॉक ड्रिल।

सर्वे और मॉक ड्रिल की टीमें रविवार को भोपाल आएंगी। मेट्रो रेल कंपनी के अफसरों के अनुसार गुजरात से झाबुआ की तरफ से मप्र आने में घाट सेक्शन पर टर्निंग रेडियस कम होने के कारण वडोदरा से उदयपुर और फिर रतलाम के रास्ते का चयन किया गया है। इस रूट का फैसला भी सर्वे के बाद ही लिया गया। इंदौर आई मेट्रो ट्रेन भी इसी रूट से आई थी। अब भोपाल आने के लिए इंदौर से भोपाल और फिर शहर के भीतर सुभाष नगर तक के डिपो का सर्वे होना है।

मॉक ड्रिल में बिल्कुल वैसे ही ट्राले को सड़क पर चलाया जाएगा जिस तरह से उसे वास्तव में आना है। रूट मैप, रोड की चौड़ाई, ट्रेन का भार, रोड के मोड़ आदि की जांच के बाद ही तय होगा कि मेट्रो को लेकर आ रहा ट्राला किस रास्ते से शहर में आएगा। स्मार्ट पार्क में डिस्प्ले के लिए आया कोच चेन्नई से आया था। भोपाल में उसकी एंट्री औबेदुल्लागंज की तरफ से हुई थी।

## भौंरी बायपास से एयरपोर्ट रोड होते हुए सुभाष नगर पहुंचेगी



सुभाष नगर स्टेशन पर निर्माण का जायजा लेते मेट्रो कंपनी के एमडी मनीष सिंह।

### 42 टन है 22 मीटर लंबे एक कोट का वजन

एक कोच की चौड़ाई 2.9 मीटर और लंबाई 22 मीटर है। कोच का वजन 42 टन है। तीनों कोच के भोपाल आने पर इन्हें यहां असेंबल किया जाएगा। मेट्रो रेल कंपनी के एमडी मनीष सिंह ने शनिवार को मेट्रो के ट्रायल रन की समीक्षा की। उन्होंने साइट पर जाकर काम की स्थिति देखी। सुभाष नगर डिपो को स्टेशन से जोड़ने वाले एंट्री एग्जिट पॉइंट का काम अभी जारी है। उन्होंने इसे तत्काल पूरा करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि पहले ट्रैक, डिपो और स्टेशन से संबंधित ऐसे काम पूरे कर लें जो ट्रायल के लिए जरूरी हैं।

### ट्रायल रन से पहले भी होगा सेफ्टी टेस्ट

25 सितंबर के आसपास होने वाले मेट्रो के ट्रायल रन से पहले भी एक ट्रायल होगा। यह ट्रायल सेफ्टी टेस्ट के रूप में होगा। इसके लिए मेट्रो को सुभाष नगर डिपो के भीतर बनाए गए टेस्ट ट्रैक के साथ वाया डक्ट यानी सुभाष नगर से आरकेएमपी तक पूरे ट्रैक पर ट्रायल करके देखा जाएगा। इसके अलावा मेट्रो स्टेशन पर लग रहे एस्केलेटर और अन्य उपकरणों की भी सुरक्षा जांच होगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | पत्रिका | भोपाल | 03.09.2023 | 02 | जिस रोड से आएगी मेट्रो कोच उन सड़कों का होगा मॉकड्रिल, ऑरें मेट्रो | Neutral |

**वड़ोदरा से तीन कोच**

# जिस रोड से आएगी मेट्रो कोच उन सड़कों का होगा मॉकड्रिल, ऑरेंज लाइन में संतरे के रंग की मेट्रो




**भोपाल @ पत्रिका.** भोपाल मेट्रो ट्रेन के कोच अगले चार दिन में भोपाल के लिए रवाना होंगे। गुजरात वड़ोदरा के एल्सटॉप कंपनी के सावली प्लांट से 6 सितंबर को भोपाल के लिए कोच रवाना करेगी। भोपाल की एम्स से करोद तक 14.22 किमी लंबी ऑरेंज लाइन के लिए ऑरेंज रंग के कोच तैयार किए हैं। तीन कोच के डिब्बों की चौड़ाई 2.9 मीटर और लंबाई 22 मीटर है। भोपाल डिपो में ट्रेन को अनलोडिंग-बे पर अनलोड किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं।

**उद्घाटन के पहले वायाडक्ट पर ट्रायल होगा:** जिस सड़क मार्ग से मेट्रो कोच को लाया जाएगा पहले उन सड़कों का मॉक ट्रायल होगा। ताकि देखा जा सके कि सड़क तो नहीं धंसेगी। टेस्ट ट्रैक व वायाडक्ट पर ट्रेन का ट्रायल रन किया जाएगा। इसमें सेफ्टी परीक्षण व अन्य आवश्यक जांच की जाएगी। इसके साथ ही स्टेशन पर लगे एस्केलेटर, लिफ्ट का भी ट्रायल कर जांच होगी।

**मई-जून 2024 में कमर्शियल रन होगा:** यहां मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट का निरीक्षण करने के दौरान एमडी मनीषसिंह ने ठेकेदारों को ट्रायल रन का काम जल्द पूरा करने का कहा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | हरि भूमि | भोपाल | 03.09.2023 | 03 | मेट्रो ट्रायल रन के लिए एमडी सहित कंपनी के अधिकारी उतरे भोपाल ट्रैक पर | Neutral |

# हरिभूमि

भोपाल - मुख्य संस्करण

3 Sep 2023

## हरिभूमि भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 3 सितंबर 2023

3 25 हजार बहनों ने आशीर्वाद के साथ रामेश्वर...



4 महिला स्व-सहायता समूह से संचालित देश का पहला...





# मेट्रो ट्रायल रन के लिए एमडी सहित कंपनी के अधिकारी उतरे भोपाल ट्रैक पर

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

भोपाल व इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन होना है। इसको लेकर शनिवार को एमडी मनीष सिंह व मेट्रो कंपनी के सभी अधिकारी भोपाल मेट्रो साइट्स का निरीक्षण करने पहुंचे। भोपाल मेट्रो साइट्स के ट्रैक का काम पूरा हो गया है। वहीं स्टेशन रोड सहित अन्य काम भी अंतिम चरण में है, इनका निरीक्षण कंपनी के अधिकारियों ने किया और एमडी ने सुपरवाइजरों से शेष काम कब तक पूरे होंगे के बारे में जानकारी ली। मनीष सिंह द्वारा निर्देश दिए गए कि जो भी काम रह गए हैं, उनके लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर दिन रात कार्य कर तय समय में पूर्ण कर लिए जाएं।

**खास बातें**

- कंपनी के अनुसार अंतिम चरण की तैयारियां तेज गति से चल रही हैं
- भोपाल मेट्रो साइट्स का निरीक्षण करने एमडी व अधिकारी पहुंचे



### 3 कोच बुधवार को रवाना होंगे

पश्चात कंपनी अल्सटॉम वडोदरा से भोपाल मेट्रो के लिए ऑरेंज लाइन के तीन कोच बुधवार को रवाना होंगे। इसके एक डिब्बे की 2.9 मीटर चौड़ाई एवं 22 मीटर लंबाई होगी।

### वायाडक्ट पर ट्रेन का ट्रायल रन

लोकल के उद्घाटन से पहले टेस्ट ट्रैक पर वायाडक्ट पर ट्रेन का ट्रायल रन किया जाएगा, जिसमें सेफ्टी परीक्षण एवं आगे जांच के बाद एस्केलेटर, लिफ्ट इत्यादि का भी ट्रायल करके जांच की जाएगी।

### 15 के करीब होगा ट्रायल रन

कंपनी के अनुसार इस माह के बाद तक भोपाल इंदौर मेट्रो ट्रायल रन के लिए आवश्यक सभी कार्य होंगे। इसके बाद अगला चरण शुरू करने ट्रायल रन उपरांत तमाम जांच में पूर्ण किए जाएंगे, ताकि मेट्रो ट्रेन का आवागमन के लिए संचालन जल्द ही शुरू किया जा सके।

### डिपो में अनलोडिंग की तैयारी

सुभाष नगर स्थित डिपो में ट्रेन को अनलोडिंग के पश्चात अनलोड किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां हो गई हैं। ट्रेन के आने के पूर्व जांच ही सौंफ ट्रायल और ट्रैक और कुलसेट परीक्षण भी किया जाएगा, जिसमें रूट मैप, ट्रैक की चौड़ाई, ट्रेन का भार, रोड के मोड़, घुमाव इत्यादि की जांच की जाएगी।

### निरीक्षण कार्यक्रम के मुख्य बिंदु

- मनीष सिंह द्वारा ट्रायल रन से महत्वपूर्ण अधिकार सुभाष भोपाल मेट्रो स्टेशन एवं डिपो में सभी संबंधित विभागों के साथ निरीक्षण कर कार्य समय पर सुरक्षा के साथ पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।
- एमडी द्वारा स्टेशन पर एस्केलेटर, लिफ्ट, पोर्टल, स्ट्रक्चर, रोड, ट्रैक, ओवरहेड संबंधित कार्यों का डिजाइन से निरीक्षण किया एवं निर्देश दिए कि जल-जलाई व हाउसकीपिंग के कार्यों को भी साथ-साथ किया जाए। इसके बाद बाहरी एवं आंतरिक सौंदर्यीकरण के कार्य किए जाएंगे।
- अधिकारियों द्वारा एमडी को अवगत किया गया कि ट्रायल रन के लिए सभी महत्वपूर्ण कार्य समय पर पूर्ण कर लिए जाएंगे। साथ ही एमडी द्वारा एंट्री/एग्जिट पॉइंट का भी निरीक्षण किया एवं निर्देश दिए कि सुभाष नगर स्टेशन को एंट्री एग्जिट पॉइंट से एफओबी से जोड़ने का काम जल्दी पूरा किया जाए।
- सिंह द्वारा स्टेशन कॉन्ट्रैक्टर को निर्देशित किया गया कि बचा हुआ काम जल्द पूर्ण करके रोड को जल्द से जल्द खाली की जाए। सितंबर माह में मेट्रो का ट्रायल होना है, उससे पहले सेफ्टी ट्रायल एवं अन्य गतिविधियां की जाएंगी। इसके बाद आगामी वर्ष मई-जून 2024 में कमर्शियल ऑपरेशन का संचालन किया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | अमर उजाला | भोपाल | 03.09.2023 | 03 | 15 तक आएंगे मेट्रो कोच, सितंबर के अंत मे शुरु होगा इंदौर-भोपाल मे ट्रायल रन | Neutral |



बस थोड़ा इंतजार

मेट्रो के रुट मैप, ट्रैक की चौड़ाई, ट्रेन का भार, ट्रैक के मोड़ इत्यादि को परखने की तैयारियां पूर्ण

# 15 तक आएंगे मेट्रो कोच, सितंबर के अंत में शुरु होगा इंदौर-भोपाल में ट्रायल रन

अमर उजाला ब्यूरो

भोपाल। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने मेट्रो ट्रायल रन की तैयारियां तेज कर दी है। इंदौर के मेट्रो रेल के तीन कोच पहुंच गए हैं। भोपाल मेट्रो ऑरेंज लाइन के तीन कोच एल्स्टोम कंपनी वडोदरा से 6 सितंबर को रवाना करेगी। इसका एक डिब्बा 2.9 मीटर चौड़ाई एवं 22 मीटर लंबाई है।

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल के अधिकारियों के अनुसार सितंबर अंत तक ट्रायल रन शुरू हो जाएगा। पहले इंदौर मेट्रो का ट्रायल रन शुरू होगा। इसके एक सप्ताह के अंदर भोपाल में ट्रायल रन की शुरुआत होगी। एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह शनिवार को भोपाल मेट्रो साइट का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की मंशा के अनुसार सितंबर में ट्रायल होना है।



वडोदरा की एल्स्टोम कंपनी में तैयार भोपाल मेट्रो ऑरेंज लाइन के कोच।

## भोपाल डिपो में कोच अनलोड किए जाएंगे

भोपाल डिपो में मेट्रो कोच को अनलोडिंग-वे पर अनलोड किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं, साथ ही ट्रेन के आने से पूर्व मॉक ट्रायल ऑफ ट्रेलर फॉर मूवमेंट परीक्षण भी किया जाएगा। इसमें रूट मैप, ट्रैक की चौड़ाई, ट्रेन का भार, ट्रैक के मोड़/घुमाव, इत्यादि को परखा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि सब-कुछ जांचने और सभी मानकों पर खरा उतरने के बाद ही मेट्रो चलाई जाएगी।

## समय पर कार्य पूरा करें...

एमडी सिंह ने निर्देश दिए कि समय पर कार्य पूरा हो, इसके लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर दिन-रात कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस माह के मध्य तक मेट्रो ट्रायल रन के लिए अधोसंरचना संबंधी सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। एमडी ने ट्रायल रन के बाद समय सीमा में काम पूरे कर मेट्रो ट्रेन का संचालन आम जनता के लिए शुरू किया जाएगा।

## एमडी ने ये निर्देश भी दिए

एमडी सिंह ने स्टेशन पर लगे एस्केलेटर, लिफ्ट्स, पोर्टिको स्ट्रक्चर/शेड, ट्रैक, अग्निशमन संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि साफ-सफाई, हाउस कीपिंग के कार्यों को भी साथ-साथ किया जाए। इसके बाद बाहरी एवं आंतरिक सौंदर्यीकरण के कार्य किए जाएंगे। अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि ट्रायल रन के लिए सभी महत्वपूर्ण कार्य समय पर पूर्ण कर लिए जाएंगे, साथ ही एमडी द्वारा एंट्री-एग्जिट पाइंट का भी निरीक्षण किया एवं निर्देश दिए कि सुभाष नगर स्टेशन को एंट्री-एग्जिट प्वाइंट को एफओबी फुटओवर ब्रिज से जोड़ने का कार्य जल्द पूर्ण कर लिया जाए।

■ **मई-जून 2024 में शुरू होगा मेट्रो का संचालन :** मध्य प्रदेश मेट्रो रेल के सिंह द्वारा स्टेशन कांट्रेक्टर को निर्देशित किया गया कि बचा हुआ काम जल्द पूर्ण करके नीचे की रोड जल्द से जल्द बना दी जाए। सितंबर में मेट्रो का ट्रायल होना है। उससे पहले सैफ्टी ट्रायल एवं अन्य गतिविधियां की जाएंगी। इसके बाद अगले वर्ष मई-जून 2024 में कमर्शियल/ पैसेंजर ऑपरेशन का संचालन किया जाएगा।

MPMETRO

METRO NEWS

04th SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | Raj Express | Bhopal | 04.09.2023 | 05 | कोई ले रहा सेल्फ़ी तो कोई मॉडल देखकर खुश | Positive |



भोपाल

महानगर

www.rajexpress.co

राज एक्सप्रेस 5

स्मार्ट पार्क में मेट्रो का मॉडल आकर्षण का केंद्र बना, अब बस सफर करने का बेसब्री से इंतजार

# कोई ले रहा सेल्फी तो कोई मॉडल देखकर खुश

भोपाल ▪ राज न्यूज नेटवर्क

## सही अर्थों में अब मेट्रो सिटी बनेगा भोपाल

## इनका कहना है

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | Hari Bhumi | Bhopal | 04.09.2023 | 03 | मेट्रो ट्रायल रन के लिए एमडी सहित कंपनी के अधिकारी उतरे भोपाल ट्रैक पर | Positive |

# हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 3 सितंबर 2023

3

## मेट्रो ट्रायल रन के लिए एमडी सहित कंपनी के अधिकारी उतरे भोपाल ट्रैक पर

**खास बातें**



### 3 कोच बुधवार को रवाना होंगे

### वायाडक्ट पर ट्रेन का ट्रायल रन

### 15 के करीब होगा ट्रायल रन

### डिपो में अनलोडिंग की तैयारी

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | The times of india | Bhopal | 04.09.2023 | 02 | Metro workforce increased to meed 'trial run' deadline | Positive |

Pg-02

TIMES CITY

THE TIMES OF INDIA, BHOPAL | MONDAY, SEPTEMBER 4, 2023

# Metro workforce increased to meet 'trial run' deadline

TIMES NEWS NETWORK



MPMRCL MD Manish Singh inspected the Bhopal metro sites on Saturday

**Bhopal:** In the seventh instance since February, the Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) officials have issued orders to increase the number of workers to meet September deadline of the trial run of metro.

MPMRCL claimed that the metro trial run preparations is going on at a fast pace and trial run will be conducted in Bhopal and Indore this month. MPMRCL MD Manish Singh inspected the Bhopal metro sites on Saturday.

By mid-September, all the infrastructure related works for Bhopal-Indore metro trial run will be completed. Other remaining works will be completed within the time limit after the trial run so that the operation of the metro train can be started for the general public soon.

The timeline being is by September 6, three coaches of Orange Line will leave from Vadodara for Bhopal.

Before the inauguration, a trial run of the train will be conducted on the test track and viaduct along with safety tests and other necessary checks.

On Saturday, Singh inspected the metro stations and infrastructure. He also inspected the entry and exit points.

Metro trial is to be held in the month of September. Passenger operation will be conducted in May-June 2024, said a press release.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | Hari bhumi | Bhopal | 04.09.2023 | 03 | तीन ट्राले पर रखकर लाई जा रही भोपाल की मेट्रो ट्रेन | Positive |

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 4 सितंबर 2023

3


## मेट्रो लाने के लिए मार्ग का किया जा रहा है सर्वे

# तीन ट्राले पर रखकर लाई जा रही भोपाल की मेट्रो ट्रेन

खराब और गड्ढे वाली सड़कें भी की जा रही दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल


इस माह भोपाल मेट्रो का ट्रायल रन होना है, इसके लिए ट्रैक से लेकर सड़क की चेकिंग की जा रही है। सड़क की जांच इसलिए की जा रही है, क्योंकि मेट्रो ट्रेन तीन ट्राले पर रखकर भोपाल लाई जा रही है। गुजरात के सावली से मेट्रो का पहला रैक बुधवार को को भोपाल के लिए रवाना होगो, जिससे भोपाल तक सड़कों को भी सुधारा जा रहा है। भोपाल तक जिन सड़कों से मेट्रो को लाना है, उस मार्ग की जांच भी की जा रही है। इस दौरान मार्ग की चौड़ाई, ट्रेन व ट्राले का भारए मार्ग में मोड़ समेत अन्य तकनीकी जांच करने के बाद ही मेट्रो ट्रेन को



हरी झंडी दिखाई जाएगी। मप्र मेट्रो कार्पोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं। वहीं कोच और ट्राले का वजन झेलने लायक सड़कें कौन सी हैं, मोड़ने में कोई दिक्कत तो नहीं आएगी। ट्रैफिक जाम लगता है या नहीं, ये सभी जानकारियां जुटाई जा रही हैं। इसके लिए संभावित मार्ग पर इतने ही वजनी ट्राले को चलाकर देखा जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | Patrika | Bhopal | 04.09.2023 | 16 | इंदौर में ट्रायल: बिजली से जगमग हुए मेट्रो कोच | Positive |

# इंदौर में ट्रायल: बिजली से जगमग हुए मेट्रो कोच



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** गांधीनगर के डिपो में मेट्रो के तीन कोच का इलेक्ट्रिफिकेशन का काम तेजी से चल रहा है। सभी कनेक्शन जोड़ने के बाद इंजीनियरों की टीम ने बिजली का ट्रायल किया, जिससे सभी कोच पूरी तरह जगमग हो गए, एसी सिस्टम भी चालू हुआ। विशेषज्ञों के मुताबिक, रात में मेट्रो कोच में हाई पॉवर वोल्टेज सप्लाई किया गया। देर रात कोच को आगे-पीछे कर उसकी टेस्टिंग भी की गई। स्टील बाड़ी वाले मेट्रो कोच की हेडलाइट व अंदर की लाइट शुरू हुई तो दूर तक चमक दिखाई दे रही थी। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारी रविवार को भी सक्रिय थे। गांधीनगर मेट्रो डिपो का काम नहीं हुआ था, अब तेजी से काम कराए जा रहे हैं।

## 10 तक ट्रायल के सारे काम पूरे करने का लक्ष्य

मेट्रो कोच की टेस्टिंग के साथ स्टेशन के काम में करीब साढ़े चार हजार कर्मचारी तैनात किए हैं। तीन महीने से सभी कर्मचारियों के अवकाश पर रोक है। 10 सितंबर तक ट्रायल के लिए सारे काम पूरे करने का लक्ष्य है। इसके बाद ट्रैक से लेकर स्टेशन तक की साफ-सफाई कर व्यवस्थित किया जाएगा। 14 या 15 सितंबर को ट्रायल होना है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | पत्रिका | भोपाल | 05.09.2023 | 06 | डमी मेट्रो में ट्रेन जैसी रियल फीलिंग | Neutral |



#Metroincity स्मार्ट पार्क में रखा मेट्रो मॉडल कोच बना नया पिकनिक स्पॉट

# डमी मेट्रो में ट्रेन जैसी रियल फीलिंग

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

भोपाल, चढ़ते और उतरते समय लाइन में रहे..., धूम्रपान या खाने पीने का सामान का अंदर उपयोग मना है..., यहां ना थूकें... ऐसे ही निर्देश आपको जल्द ही भोपाल मेट्रो में सुनने-पढ़ने को मिलेंगे। शहर में मेट्रो की सुविधा जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके शुरू होने से पहले डमी मेट्रो को श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट पार्क में रखा गया है। रोजाना इस मेट्रो मॉडल कोच को देखने के लिए 600 से 700 लोग पहुंच रहे हैं। कोई परिवार के साथ आ रहा है तो कोई दोस्तों के साथ। यहां हर तरफ लोग सेल्फी लेते, फोटो क्लिक करते और रील्स बनाते नजर आ रहे हैं।

## पहली बार मेट्रो देख रहे, अच्छा लग रहा

सिवनी से आए गिरवर सिंह इरिया ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। इसकी वजह से हम पहले से ही यात्रा करने के दौरान जरूरी चीजों का ध्यान रख सकेंगे। वहीं ओमप्रकाश कुम्हारे ने बताया कि वो दिल्ली मेट्रो में सफर कर चुके हैं और ये (डमी) मेट्रो भी वैसी ही है, बल्कि कुछ मामलों में यहां से ज्यादा विकसित है। चित्रों के साथ दर्शाए जाने वाले रूट भी यहां डिजिटल है जो दिल्ली मेट्रो में नहीं दिखते। बालाघाट की प्रिया कोचे ने बताया कि वो पहली बार मेट्रो देख रही हैं और बहुत अच्छा फील कर रही हैं। साथ ही इसके जल्द आने का इंतजार भी कर रही हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | पत्रिका | भोपाल | 07.09.2023 | 05 | हर स्टेशन पर लगें -4 एस्कलैटर, लेकिन अभी सिर्फ दो-दो ही लग रहे | Neutral |

पत्रिका

**मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन सितंबर में होना तय किया है**

#MetrotraintrialRun मेटल डिटेक्टर, चार्जिंग स्टेशन व एटीएम का काम शुरू नहीं

# हर स्टेशन पर लगेंगे 4-4 एस्केलेटर, लेकिन, अभी सिर्फ दो-दो ही लग रहे

**कोच आने में विलंब: ऑरेंज लाइन 14.99 किमी लंबाई में करोंद चौराहा से एम्स तक**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. मेट्रो ट्रेन के लिए रानी कमलापति से सुभाष ब्रिज प्रायोरिटी कॉरीडोर के एलीवेटेड मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों को पहुंचाने के लिए आरकेएमपी और सुभाष ब्रिज पर एस्केलेटर लग गया है। सुभाष मेट्रो डिपो से मेट्रो स्टेशन तक जाने के लिए फुट ओवरब्रिज बन रहा है। सितंबर आखिर में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल शुरू होगा। हालांकि अभी मेटल डिटेक्टर, चार्जिंग स्टेशन, एटीएम के काम शुरू नहीं हुआ है। उधर, गुजरात से कोच आने में दो दिन का और विलंब होगा।

## एस्केलेटर से पहुंचेंगे स्टेशन तक

यात्रियों को मेट्रो स्टेशन पर एस्केलेटर के जरिए पहुंचाया जाएगा। प्रायोरिटी कॉरीडोर के पांच स्टेशन हैं। हर स्टेशन पर चार-चार एस्केलेटर लगेंगे। हालांकि, अभी दो-दो लगाए जा रहे हैं। यात्री ग्राउंड से मेट्रो स्टेशन की टिकट खिड़की तक पहुंचेगा। यहां से फिर एस्केलेटर से रेलवे प्लेटफार्म तक जाएगा। टिकट खिड़की तक पहुंचने में कोई बाधा नहीं है, लेकिन यहां से प्लेटफॉर्म तक जाने के लिए टिकट जरूरी होगा।

## ऑटोमेटिक टिकट फेयर सिस्टम

मेट्रो ट्रेन का टिकटिंग सिस्टम अत्याधुनिक ऑटोमेटिक टिकट फेयर सिस्टम के जरिए संचालित होगा। इसमें एनएफसी यानि नियर फील्ड कम्युनिकेशन सिस्टम का इस्तेमाल होगा। मोबाइल में डिजिटल टिकट अपलोड होगा। इसे मोबाइल की स्क्रीन से स्कैन करते ही प्लेटफार्म का गेट खुल जाएगा। बीआरटीएस में यही व्यवस्था थी।



## 2.20 लाख यात्री होंगे 2027 तक

*सितंबर में ट्रायल के बाद मई जून 2024 में कमर्शियल रन शुरू किया जाएगा। 2026 तक शुरुआती दो लाइनों का काम पूरा करने का लक्ष्य है। 2027 में मेट्रो में 2.20 यात्रियों का आंकलन किया जा रहा है। पहली ऑरेंज लाइन 14.99 किमी लंबाई में करोंद चौराहा से एम्स तक है। इसका प्रायोरिटी कॉरीडोर अभी रानी कमलापति से सुभाष ब्रिज तक है। पूरी लाइन में एम्स, अल्कापुरी बस स्टैंड, हबीबगंज नाका, कमलापति रेलवे स्टेशन, संगम सिनेमा, बोडर्ज ऑफिस चौराहा, केंद्रीय विद्यालय, सुभाष अंडरपास, पुलबोगदा इंटरचेंज, ऐशबाग क्रॉसिंग, भोपाल जंक्शन, नादरा बस स्टैंड, सिंधी कॉलोनी, डीआइजी बंगला, कृषि उपज मंडी, करोंद चौराहा मेट्रो स्टेशन तय है।*

क्यूआर कोड को स्कैन कर विस्तृत खबर पढ़ें...

## डिपो से क्लियरेंस मिलेगा तो बड़ोदरा से निकलेंगे कोच

गुजरात के बड़ोदरा के सावली प्लांट से छह अगस्त को कोच रवाना नहीं हो पाए। यहां डिपो से क्लियरेंस नहीं मिल पाई है। कोच सुभाष डिपो में पहुंचेंगे। यहां कोच को रखने और इनके मूवमेंट से जुड़े काम पूरे होने के बाद ही कोच गुजरात से निकलेंगे। कोच निमार्ता कंपनी के इंजीनियर भोपाल में हैं और वे काम पूरे होने पर क्लीयरेंस देंगे। भोपाल मेट्रो की टीम गुजरात के सावली में है जहां से वह कोच को रवाना कराएगी। भोपाल में कोच 17 सितंबर तक ही पहुंच पाएंगे।

मेट्रो ट्रेन ट्रायल से जुड़े काम लगभग पूरे हो चुके हैं। इस माह के आखिर तक ट्रायल शुरू कर दिया जाएगा।

**मनीष सिंह**, एमडी, मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट

MPMETRO

METRO NEWS

08th SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | पत्रिका | भोपाल | 08.09.2023 | 05 | मेट्रो कोच को डिपो तक पहुंचाने 22 मीटर ट्रॉले के साथ ट्रायल | Neutral |

पत्रिका

# मेट्रो कोच को डिपो तक पहुंचाने 22 मीटर ट्रॉले के साथ ट्रायल



**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन कोच की आमद के पहले कोच को सुभाष डिपो तक पहुंचाने वाले रास्तों पर 22 मीटर लंबे ट्राले के साथ गुरूवार को ट्रायल किया गया। गौरतलब है कि मेट्रो ट्रेन के शुरुआती तीन कोच बड़ोदरा के सांवली प्लांट से भोपाल के लिए रवाना होने वाले हैं। कोच को सुभाष डिपो तक लाया जाएगा। यह कोच ट्रॉले में आएंगे। ट्राला कहीं अटके नहीं और कोच को डिपो तक पहुंचने में दिक्कत न हो इसलिए उससे जुड़ी सड़कों पर ट्रायल किया जा रहा है। सांवली प्लांट से ट्राले में तीन कोच 18 से 19 सितंबर के बीच भोपाल पहुंचने की उम्मीद है। अभी सबसे बड़ी दिक्कत सुभाष डिपो के पास ही है। यहीं पर मोड़ है इसलिए यहीं पर इसकी टेस्टिंग की गई। मॉक ड्रिल की रिपोर्ट कोच बनाने वाली कंपनी को दी जाएगी और उसके बाद ही कोच सांवली प्लांट से रवाना होंगे। इसके लिए लोकल रोड मैप भी तय किया जा रहा है। सीधी सड़कों से कोच को शहर में लाकर डिपो तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

08/09/2023 | Bhopal | Page : 5

Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 08.09.2023 | 03 | मेट्रो कोच का माक ट्रायल पूरा, डिपो पहुंचा ट्रेलर | Neutral |



# मेट्रो कोच का मॉक ट्रायल पूरा, डिपो पहुंचा ट्रेलर



**भोपाल (आरएनएन)।** गुजरात से भोपाल तक मेट्रो के तीन कोच लाने के लिए मॉक ट्रायल गुरुवार को पूरा हो गया। ट्रेलर में कोच के बराबर वजन रख कर सुभाष नगर स्थित डिपो तक पहुंचाए गए। बताया जा रहा है इस दौरान कहीं परेशानी नहीं हुई। ऐसे में एक-दो दिन में कोच बनाने वाली कंपनी से हरी झंडी मिलते ही भोपाल के लिए मेट्रो ट्रेन रवाना होने की संभावना है।

गुजरात के वड़ोदरा के पास स्थित सांवली प्लांट से मेट्रो के कोच भेजने की तैयारी पहले ही हो चुकी है। भोपाल में डिपो पर अनलोडिंग बे पर इसे उतारने, बिजली सप्लाई सहित अन्य कार्य से संतुष्ट होने पर प्लांट से रवाना कर दिया जाएगा। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के मुताबिक एक-दो दिन में प्लांट से कोच भोपाल के लिए निकाल दिए जाएंगे। यहां 16-17 सितंबर तक पहुंच सकते हैं, यहां बता दें कि इंदौर में तीन कोच की मेट्रो ट्रेन पहुंच चुकी है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 08.09.2023 | 02 | 28 पहियों का ट्राला चलाकर लिया मोड़ का अंदाजा, इसी पर आएंगे मेट्रो के कोच | Neutral |

दैनिक भास्कर

# भोपाल फ्रंट पेज

सूर्यास्त (शुक्रवार) 6:33 बजे | सूर्योदय (शनिवार) 6:04 बजे

शुक्रवार 8 सितंबर, 2023 | 2

# 28 पहियों का ट्राला चलाकर लिया मोड़ का अंदाजा, इसी पर आएंगे मेट्रो के कोच



**22 मीटर लंबा कोच**

भोपाल मेट्रो के लिए तीन कोच की ट्रेन लाए जाने की कवायद तकरीबन पूरी कर ली गई है। गुरुवार को इसके लिए मॉक ट्रायल मोमेंट ऑफ ट्रेलर टेस्ट किया गया। शहरी क्षेत्र से 28 चक्का ट्राला सुभाष नगर डिपो तक लाया गया। इस दौरान टीम ने रास्ते में आने वाले मोड़, गड्ढों का अंदाजा लिया।

ट्राले के पिछले हिस्से में उसी ऊंचाई के पतले पाइप पर लाल रंग का कपड़ा बांधा गया था, जितनी ऊंचाई एक कोच की होगी। इससे रास्ते में बाधा का अंदाजा लगाया गया। एक कोच की चौड़ाई 2.9 मीटर और 22 मीटर लंबाई होगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | पत्रिका | इंदौर/भोपाल | 10.09.2023 | 01 | प्रदेश की पहली मेट्रो का सेफ़्टी ट्रायल रन | पाज़िटिव |


भोपाल, रविवार, 10 सितंबर, 2023

# पत्रिका SUNDAY

## बरसते पानी में सवा किलोमीटर का लगाया फेरा

# प्रदेश की पहली मेट्रो का सेफ्टी ट्रायल रन

इंदौर @ पत्रिका. प्रदेश की पहली इंदौर मेट्रो ट्रेन का शनिवार को बरसते पानी के बीच सेफ्टी ट्रायल रन हुआ। गांधी नगर डिपो में अफसर और विशेषज्ञों की उपस्थिति में ट्रेन आगे बढ़ी और सवा किमी का फेरा लगाया। अगले एक-दो दिन में कुछ बचे हुए काम पूरा होने के बाद मेट्रो को ट्रैक पर चलकर देखा जाएगा।

## सुबह धूप, शाम में बादल, रात में झमाझम

भोपाल. राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में चार दिन से बारिश का दौर जारी है। भोपाल में शनिवार सुबह तेज धूप खिली, शाम में बादल छाए और रात में कुछ देर झमाझम हुई। सिलसिला देर रात तक चलता रहा। रात 11.30 बजे तक 1.5 इंच बारिश हुई।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 34 | दैनिक जागरण | भोपाल | 10.09.2023 | 03 | भोपाल के लिए दो मेट्रो कोच देर रात हुए रवाना, पहुंचेंगे 20 तक | Neutral |

# भोपाल के लिए दो मेट्रो कोच देर रात हुए रवाना, पहुंचेंगे 20 तक

जागरण प्रतिनिधि, भोपाल। वड़ोदरा से भोपाल के लिए दो मेट्रो कोच शनिवार-रविवार दरमियानी रात या अल सुबह रवाना हुए हैं। तीसरा कोच आज रविवार को दोपहर से शाम के बीच रवाना किया जाएगा। ये कोच बड़े ट्राले में भोपाल लाए जा रहे हैं। इन कोच को भोपाल आने के लिए 600 किमी तक का सफर करना होगा। उम्मीद जताई जा रही है कि 20 सितंबर तक तीनों कोच भोपाल पहुंच जाएंगे। मेट्रो के कोच भोपाल आने के बाद इसे सुभाष नगर डिपो में बने अनलोडिंग-वे पर अनलोड किया जाएगा। भोपाल आने पर कोच का पूजा-अर्चना कर ट्रैक पर लाया जाएगा। कोच आने से पहले सुभाषनगर डिपो में प्लेटफार्म से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बता दें कि इंदौर में मेट्रो कोच 31 अगस्त को पहुंच चुके हैं।



## बारिश के बीच इंदौर साइट्स का निरीक्षण

25 सितंबर के बाद कभी भी मेट्रो का ट्रायल रन हो सकता है। इसी के मद्देनजर प्रबंध संचालक मनीष सिंह द्वारा शनिवार को बारिश के बीच इंदौर मेट्रो साइट्स का निरीक्षण करने पहुंचे। प्रबंध संचालक की उपस्थिति में गांधी नगर डिपो में मेट्रो का सुपर प्रायोरिटी ट्रायल रन सफलतापूर्वक किए जाने पर मेट्रो के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों को दिन रात मेहनत करने पर बधाई दी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 10.09.2023 | 02 | देर रात भोपाल के लिए रवाना हुए मेट्रो के दो कोच | Neutral |

www.rajexpress.co
राज एक्सप्रेस 2 महानगर
सूर्यास्त (रविवार): 06:30 सूर्योदय (सोमवार): 06:05
तापमान अधिकतम 30.8° न्यूनतम 24.6°
भोपाल रविवार, 10 सितंबर 2023

# देर रात भोपाल के लिए रवाना हुए मेट्रो के दो कोच

**भोपाल (आरएनएन)।** राजधानी के लिए मेट्रो के दो कोच शनिवार-रविवार की दरमियानी रात गुजरात में सावली प्लांट से रवाना हो गए। तीसरा कोच रविवार शाम तक निकल सकता है।



यह 16-17 सितंबर तक भोपाल पहुंचने की संभावना है। इसके कुछ दिन बाद ट्रायल रन की शुरुआत होगी। भोपाल और इंदौर में इस महीने मेट्रो का ट्रायल रन किया जाना है। दोनों शहरों में तीन-तीन कोच की मेट्रो चलेगी। राजधानी में रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर के बीच करीब चार किमी लंबे रूट से शुरुआत होगी। इंदौर में 6.4 किमी रूट पर चलेगी। इस मामले में इंदौर आगे चल रहा है। वहां मेट्रो कोच कुछ दिन पहले पहुंच चुके हैं। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह की मौजूदगी में शनिवार को सेफ्टी ट्रायल रन भी सफलतापूर्वक हो गया।

## मेट्रो कोच की खूबियां जानने पहुंच रहे लोग

रोशनपुरा के पास स्मार्ट पार्क में मेट्रो का मॉडल कोच लगाया गया है। यह असल जैसा ही है, केवल पहिए नहीं हैं। इसकी खूबियां जैसे पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम, सुरक्षा इंतजाम जानने के लिए रोजाना लोग पहुंच रहे हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | पत्रिका | भोपाल | 10.09.2023 | 05 | मेट्रो प्रोजेक्ट: वडोदरा से निकले ऑरें | Neutral |

## मेट्रो प्रोजेक्ट: वड़ोदरा से निकले ऑरेंज कोच

# आज सुबह निकले मेट्रो कोच, 17 तक भोपाल पहुंचने की उम्मीद



**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन के ऑरेंज कोच वड़ोदरा के सावली प्लांट से रविवार सुबह निकले। दो ट्रॉले एक घंटे के अंतराल में निकले, जबकि तीसरा ट्रॉला दोपहर तक निकलेगा। ये कोच भोपाल पहुंचने के लिए दस दिन का समय लेकर निकले हैं, लेकिन इनके सात से आठ दिन में भोपाल पहुंचने की उम्मीद है। इनके 17 सितंबर तक भोपाल पहुंचने की बात कही जा रही है।

मेट्रो कोच के लिए सुभाष डिपो के आसपास सड़क दुरुस्त कर दी गई है। जब तक कोच नहीं पहुंचते, सड़क व मोड पर मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन की टीम नजर रखेगी। कोच पहुंचने के दो दिन पहले भी रोड को दुरुस्त किया जाएगा। गौरतलब है कि कोच को सावली से रवाना करने के पहले भोपाल में 22 मीटर लंबे ट्रॉले के साथ मॉकड्रिल की गई। मॉकड्रिल सफल होने के बाद ओके रिपोर्ट दी, तभी कोच रवाना हो पाए।

## Digital/Online Links

ABP

https://www.abplive.com/states/madhya-pradesh/indore-metro-train-gandhinagar-depot-trial-safety-run-conducted-in-the-presence-of-md-manish-singh-ann-2491029

Digiana News
https://youtu.be/j7kMOg-2ZXU?si=7erZB-os09SMnd6b

HBTV
HBTV NEWS –INDORE–भारी बारिश के बीच इंदौर मेट्रो का सेफ्टी ट्रायल रन हुआ..

Metro Rail Guy
https://themetrorailguy.com/2023/09/10/indore-metros-trial-runs-start-inside-gandhi-nagar-depot/

Free Press
https://www.freepressjournal.in/indore/indore-metro-safety-run-passes-off-without-glitch

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 38 | Freepress | Bhopal | 11.09.2023 | 04 | Vehicle ferrying Bhopal Metro coaches leaves Gujarat | Neutral |

BHOPAL CITY
INDORE / BHOPAL | MONDAY | SEPTEMBER 11, 2023 www.freepressjournal.in

# Vehicle ferrying Bhopal Metro coaches leaves Gujarat

OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in

The three coaches with inbuilt engine of Bhopal Metro Train left for Bhopal after they were loaded on a heavy transportation vehicle at the manufacturing unit based in Gujarat in the intervening night of Saturday and Sunday.



3D image of metro coach

The heavy vehicle ferrying metro coaches will reach Bhopal in 10 days. After arriving in city, Metro coaches will be unloaded at Subash Nagar depot.

"Bhopal Metro Coaches were manufactured in short duration. The manufacturing began on March 13," said Madhya Pradesh Metro Train Corporation Limited official.

Metro train trial is likely to be held around September 30. The metro coaches are expected to reach Bhopal by September 18.

The trial run would be held between Subash Nagar Metro Station and Rani Kamlapati railway station.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | दैनिक जागरण | भोपाल | 11.09.2023 | 12 | मानसून ब्रेक में हो चुका है काम, अब बारिश से मेट्रो के ट्रायल रन पर असर नहीं | Neutral |

दैनिक जागरण
भोपाल, 11 सितंबर, 2023 विविध www.djmp.in/epaper


# मानसून ब्रेक में हो चुका है काम, अब बारिश से मेट्रो के ट्रायल रन पर असर नहीं

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** इंदौर और भोपाल में बारिश का दौर जारी है, वहीं इन दोनों शहरों में मेट्रो का ट्रायल रन भी इसी महीने होना है, ऐसे में संभावना जताई जाने लगी थी कि बारिश के कारण शायद ट्रायल रन समय पर न हो, लेकिन ऐसा नहीं है। मेट्रो कार्पोरेशन के अधिकारियों के मुताबिक बारिश की वजह से काम पर असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि, वेल्डिंग से जुड़े सभी काम पहले ही पूरे किए जा चुके हैं। वहीं मानसून ब्रेक में भी तेजी से काम हुआ है, जिसकी वजह से सितंबर में ही ट्रायल रन होने में कोई अड़चन नहीं होगी।

## बाहरी सौंदर्यीकरण पर फोकस

सुभाष नगर स्टेशन पर बाहरी सौंदर्यीकरण का काम शुरू हो गया है। वहां टॉप रूफ कवरिंग और पीएल फ्लोरिंग का काम चल रहा है। मॉक ट्रायल मोमेंट और ट्रेलर टेस्ट के बाद मेट्रो कंपनी ने सुभाष नगर डिपो से ट्रेन अनलोडिंग क्लियरेंस पहले ही दे दिया है। सुभाष नगर स्टेशन पर स्ट्रक्चर गेज टेस्ट भी किया जा चुका है। मेट्रो के कोच भोपाल में सबसे पहले सुभाष नगर डिपो में ही आएंगे।



## पीईबी स्ट्रक्चर इंस्टॉलेशन का चल रहा काम

रानी कमलापति स्टेशन पर पीईबी स्ट्रक्चर इंस्टॉलेशन का काम तेजी से किया जा रहा है। इसके अलावा सुभाष नगर स्टेशन पर डिपो के बाहर एंट्री-एग्जिट गेट बना दिए गए हैं। इसके लिए मुख्य सड़क के ऊपर फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) बनाया गया है। एफओबी पर जाने के लिए एस्केलेटर भी लगा दिए हैं।

## इंदौर मेट्रो के ट्रायल की तैयारी पूरी, अब सीएम की सहमति का इंतजार

इंदौर। शहर में मेट्रो के ट्रायल रन के लिए तैयारी लगभग खत्म हो गई है। अब ट्रायल रन के लिए सीएम शिवराज सिंह चौहान की सहमती का इंतजार है। इसी के कारण मेट्रो प्रबंधन तारीख नहीं दे पा रहा है। पहले 14 सितंबर संभावित तारीख दी गई थी, लेकिन अब इस पर संशय है। गांधी नगर डिपो और आसपास में मेट्रो से जुड़ी टेक्निकल टीम तीन शिफ्ट में काम कर रही है। मौजूदा स्थिति यह है कि 5.8 किमी के ट्रायल रन के लिए ट्रैक तैयार हो चुका है। इसके लिए वडोदरा से आए तीन कोच को असेम्बल किए गए हैं। अब सिक्योरिटी ट्रायल चल रहा है। थर्ड रेल की चार्जिंग भी पूरी तरह शुरू हो जाएगी। फिलहाल सिक्योरिटी ट्रायल के लिए स्ट्रक्चर गेज को टेस्ट किया जा रहा है। इसके माध्यम से पटरियों के बीच की दूरी, अलाइनमेंट और गेज की जांच की जाती है। यह स्ट्रक्चर गेज डिपो, स्टेशन के अलावा ट्रायल रन के लगभग पूरे हिस्से में चलाकर देखा जाएगा ताकि कोच को पटरी पर लाने के बाद किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसी क्रम में गुरुवार-शुक्रवार को तेज बारिश के चलते सेफ्टी ट्रायल रन नहीं हो सका। शनिवार को मेट्रो के एमडी मनीष सिंह की मौजूदगी में गांधी नगर डिपो से मेट्रो निकली और उसका सेफ्टी ट्रायल रन हुआ। इस दौरान रिवर्स भी चेक किया गया। ऐसी स्थिति में अब ट्रायल रन 20 सितम्बर तक या फिर माह के अंत में हो सकता है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | हरि भूमि | भोपाल | 11.09.2023 | 01 | मेट्रो ट्रेन तड़के 3 बजे सांवली बड़ोदर से भोपाल हुई रवाना | Neutral |


हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 11 सितंबर 2023
3




*तीन ट्रेलर में आ रही हैं तीन बोगियां*

# मेट्रो ट्रेन तड़के 3 बजे सांवली बड़ोदरा से भोपाल हुई रवाना

◆ सड़क के टर्निंग और गड्ढों को लेकर हो चुकी बड़ोदरा से भोपाल तक के मार्ग की चेकिंग

हरिभूमि न्यूज भोपाल

**25 के आसपास सीएम दिखा सकते हैं ट्रायल रन को हरी झंडी**

**सभी तैयारियों से संतुष्ट हैं प्रबंध संचालक**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | पत्रिका | भोपाल | 11.09.2023 | 01 | मेट्रो कोच ने तय की 150 किमी दूरी | Neutral |

# मेट्रो कोच ने तय की 150 किमी दूरी

**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन के लिए सावर्ल से रविवार अलसुबह रवाना कोच ने बेहद सधी गति से करीब 150 किमी की दूरी तय कर ली। 22 मीटर लंबे कोच को ट्रॉले में रखकर भोपाल लाया जा रहा है। रविवार रात करीब ढाई बजे ये कोच आधे-आधे घंटे के अंतराल में रवाना हुए। तीसरा कोच दोपहर में रवाना हुआ। पहले रवान कोच ने 150 किमी की दूरी तर की है। हालांकि भोपाल मेट्रो ट्रेन से जुड़ा कोई कर्मचारी इनके साथ नहीं है। कोच निर्माण करने वाली एल्सट्रॉम कंपनी के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोच की लोकेशन व स्टेटस शेयर न किया जाए। इंदौर के लिए जब कोच रवाना हुए और रास्ते में थे तो लोगों ने इनके वीडियो बनाए और इन्हें सोशल वेब साइट पर शेयर किया। कंपनी ने इसके बाद पूरी तरह से लोकेशन व स्टेटस को लेकर प्रतिबंध लगा दिया है। बताया जा रहा है कि 100 किमी प्रति दिन की न्यूनतम दूरी तय की जाएगी। ऐसे में इनके 17 सितंबर तक शहर में पहुंचने की उम्मीद है। ये देवास सीहोर के रास्ते ही शहर में आएंगे कोच हाइवे पर ही रहेंगे। भोपाल में एंट्री रात के समय में करेंगे, ताकि यातायात में परेशानी न हो।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 42 | हरि भूमि | भोपाल | 12.09.2023 | 01 | पटरियों से विकास को मिली रफ्तार वंदे भारत दौड़ी, मेट्रो भी पटरी पर | Advertorial |

# हरिभूमि

Pg-01


भोपाल से दिल्ली, इंदौर और जबलपुर के लिए वंदेभारत सेवा शुरू

## पटरियों से विकास को मिली रफ्तार वंदे भारत दौड़ी, मेट्रो भी पटरी पर

इसी माह से दोनों ट्रैक पर होंगे ट्रायल, जून 2024 में मेट्रो ट्रेनों का संचालन संभव

इंदौर और भोपाल मेट्रो के लिए चल रहा काम अंतिम चरण में

### भोपाल मेट्रो के छह रूट अभी दो को मंजूरी



### मोदी कैबिनेट की मंजूरी के बाद भोपाल इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट को मिले पंख





### सुभाष नगर से आरकेएमपी तक मेट्रो ट्रैक पर ट्राली ट्रायल



इंदौर में 14 सितंबर को होगा ट्रायल रन

## इंदौर में बिजली से रोशन हुए मेट्रो के कोच आटोमैटिक गेट को संचालित कर देखा



## एल्सटोम सावली वड़ोदरा से तीन ट्रालों पर भोपाल के लिए रवाना हुई मेट्रो ट्रेन



उपलब्धि — कहा-सीहोर और मंडीदीप तक चलाएंगे मेट्रो ट्रेन, सीएम ने मंत्री-महापौर संग किया कोच का मुआयना

## सीएम ने मेट्रो मॉडल कोच का किया अनावरण





| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 43 | पत्रिका | भोपाल | 12.09.2023 | 07 | रात को सवा सौ किमी तक की दूरी तय कर रहे हैं मेट्रो कोच | Neutral |

## रात को सवा सौ किमी तक की दूरी तय कर रहे हैं मेट्रो कोच

**भोपाल @ पत्रिका.** मेट्रो ट्रेन कोच रात के समय में सड़कों पर भोपाल तक की लिए दूरी तय कर रहे हैं। अभी इनकी ट्रैकिंग पर सभी स्तरों से रोक लगा दी गई है, लेकिन बताया जा रहा है कि रात में यह 120 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद कहीं ठहर जाते हैं। इस समय मेट्रो ट्रेन के कोच करीब 275 किलोमीटर की दूरी तय कर चुके हैं। कोच को भोपाल पहुंचने में सामान्य तौर पर तीन से चार दिन लगते हैं, लेकिन इन्हें 7 से 8 दिन का समय लगना बताया जा रहा है। जिस रफ्तार से कोच चल रहे हैं इनका 17 सितंबर तक भोपाल पहुंचने की स्थिति बन जाएगी। भोपाल पहुंचने के बाद कोच को सुभाष डिपो पर अनलोड किए जाएंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 44 | हरिभूमि | भोपाल | 13.09.2023 | 02 | मेट्रो ट्रायल रन के साथ रही सुभाष नगर से एम्स तक संचालन की तैयारी | Neutral |



हबीबगंज रेलवे क्रासिंग पर स्टील ब्रिज लगाने के लिए पिलर बनकर तैयार

# मेट्रो ट्रायल रन के साथ चल रही सुभाष नगर से एम्स तक संचालन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ›› भोपाल

गुजरात के सांवली वडोदरा से भोपाल के लिए मेट्रो कोच आते ही ट्रायल रन किया जाएगा, लेकिन खासबात यह है कि कंपनी द्वारा युद्ध स्तर पर प्रायोरिटी कॉरिडोर में मेट्रो संचालन की भी तैयारी चल रही है। इस तैयारी को देखते हुए लगता है कि सुभाष नगर से एम्स तक तीन माह में पब्लिक के लिए मेट्रो ट्रेन उपलब्ध हो जाएगी। क्योंकि हबीबगंज रेलवे क्रासिंग पर बनने वाले स्टील ब्रिज की भी तैयारी लगभग 80 फीसदी हो गई है। अलवर से बनकर आ रहा स्टील ब्रिज तैयार हुए ब्रिज पर रख दिया जाएगा। इसके पहले डीआरएम चौराहे पर वायडक्ट का काम चल रहा है। जिसे हबीबगंज रेलवे क्रासिंग पर बनने वाले ब्रिज के वायडक्ट से जोड़ दिया जाएगा। इसके बाद स्टील ब्रिज रखा जाएगा। यह काम पूरा होने के बाद मेट्रो संचालन ट्रैक एम्स तक तैयार हो जाएगा।

## इन स्टेशनों पर होगा ट्रायल



प्रायोरिटी कॉरिडोर में कुल आठ स्टेशन हैं। इसमें एम्स हॉस्पिटल, अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस, स्टेशन, रानी कमलापति स्टेशन, एमपी नगर, बोर्ड ऑफिस, केंद्रीय विद्यालय और सुभाषनगर स्टेशन शामिल हैं। ट्रायल रन करीब साढ़े तीन किलोमीटर में सुभाष नगर स्टेशन से आरकेएमपी स्टेशन तक किया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | दैनिक जागरण | भोपाल | 13.09.2023 | 08 | बड़ोदर से मेट्रो कोच रवाना, 16 तक पहुंचें | Neutral |



# बड़ोदरा से मेट्रो कोच रवाना, 16 तक पहुंचेंगे

## करीब 600 किलोमीटर की दूरी तय करके सुभाषनगर डिपो में होंगे अनलोड







### कोच 28 पहियों के ट्राले में लाए जा रहे हैं

जागरण संवाददाता, भोपाल। गुजरात के सावली, बड़ोदरा से भोपाल के लिए मेट्रो कोच रवाना हो चुके हैं। करीब 600 किलोमीटर की दूरी तय करके 16 सितंबर तक कोच भोपाल पहुंच सकते हैं। कोच 28 पहियों के ट्राले में लाए जा रहे हैं। कोच आते ही उन्हें सुभाषनगर डिपो में अनलोड किया जाएगा। 25 सितंबर के बाद कभी भी मेट्रो का ट्रायल रन कर लिया जाएगा। इसके चलते मेट्रो स्टेशनों पर एस्केलेटर, सिविल वर्क समेत अन्य काम तेजी से किए जा रहे हैं। भोपाल के एम्स से सुभाषनगर तक बिछाई गई 6.22 किमी प्रायोरिटी लाइन पर यह कोच दौड़ेंगे। हालांकि, ट्रायल रन सुभाषनगर डिपो से रानी कमलापति स्टेशन के बीच ही होगा। मई-जून 2024 में आम लोग मेट्रो में सफर कर सकेंगे। इंदौर में मेट्रो कोच 31 अगस्त को पहुंच चुके हैं। अब वहां ट्रायल रन की प्रोसेस चल रही है।

### हर कोच की इतनी लंबाई-चौड़ाई

मेट्रो कार्पोरेशन के अफसरों का कहना है कि हर कोच की चौड़ाई 2.9 मीटर और लंबाई 22 मीटर है। भोपाल आने पर कोच का पुर्जा-अपार्ट कर ट्रैक पर लाया जाएगा। इस काम के लिए सुभाषनगर मेट्रो डिपो में प्लेटफार्म की पूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बड़ोदरा से चलकर कोच यहां पर आएंगे। भोपाल और इंदौर के मेट्रो प्रोजेक्ट पर 14 हजार करोड़ रुपए की लागत आई है।

### कोच के भोपाल आने पर यह कार्य होंगे

मेट्रो के कोच भोपाल आने के बाद उसे सुभाषनगर डिपो में बने अनलोडिंग-पैड पर अनलोड किया जाएगा। डिपो 80 एकड़ जमीन पर बन रहा है। यहीं से मेट्रो ट्रेनों का संचालन होगा। ट्रेनों का नाइट हाल्ट भी यहीं पर होगा।

### पांच स्टेशनों पर होगा ट्रायल

प्रायोरिटी कॉरिडोर में कुल आठ स्टेशन हैं। इनमें एम्स प्रीमियल, अलकापुरी, DRM ऑफिस, RKMP स्टेशन, सरगम सिनेमा, DB मॉल, केंद्रीय स्कूल और सुभाषनगर स्टेशन शामिल हैं। ट्रायल रन करीब साढ़े तीन किलोमीटर में सुभाषनगर स्टेशन से आरकेएमपी स्टेशन तक किया जाएगा। ट्रायल से पहले मेट्रो स्टेशनों पर सभी एस्केलेटर, लिफ्ट, प्लेटफॉर्म, ट्रैक, ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य चल रहे हैं। ट्रायल के लिए सभी जरूरी काम 20 सितंबर तक पूरे किए जाने का टारगेट है।

### ट्रायल रन के बाद सेफ्टी ट्रायल

मेट्रो के ट्रायल रन के बाद दिल्ली से टीम आएगी, जो सेफ्टी ट्रायल एवं अन्य गतिविधियां करेगी। इसके बाद अगले वर्ष मई-जून 2024 में कमर्शियल/पैसेंजर ऑपरेशन का संचालन किया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|
| 46 | दैनिक भास्कर | Indore/Bhopal | 14.09.2023 | Expression of Interest (EoI) for " Empanelment of Dispute Avoidance/Adjudication Board (DAAB)/ Dispute Adjudication Board (DAB) Member and Arbitrators", | Notice |
| | नवभारत टाइम्स | Mumbai/Delhi | | | |
| | Free Press | Indore/Bhopal | | | |
| | Hindustan Times | | | | |

MPMETRO

**MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED (MPMRCL)**

**(A Joint Venture of Government of India and Government of Madhya Pradesh)**

**2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building, Kalibadi Road, BHEL, Sector-A Berkheda, Bhopal-462022**

**Tender Notification No. 2078/MPMRCL/2023 Bhopal Dt. : 13.09.2023**

## NOTICE INVITING EOI

MPMRCL invites Expression of Interest (EoI) for "Empanelment of Dispute Avoidance/Adjudication Board (DAAB)/Dispute Adjudication Board (DAB) Member and Arbitrators". For further details please visit **https://www.mpmetrorail.com**. Any clarification/corrigendum/addendum to the Expression of Interest documents will be uploaded on the official website only, without any obligation of press notification.

M.P. Madhyam/111988/2023 **MANAGING DIRECTOR**

MPMETRO

METRO NEWS

15th SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 47 | हरि भूमि | भोपाल | 15.09.2023 | 04 | मेट्रो 'फिर'.. उपलब्धि 'हिट' | Neutral |



हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी



मेट्रो ट्रेन के कोच और ट्रैक की फिटनेस का हुआ परीक्षण, सब कुछ फिट मिला

▸▸ गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर 3 तक ट्रायल किया गया, यहां 5.9 किलोमीटर के हिस्से में मेट्रो को दौड़ाया गया

**6 मिनट में दूरी की तय**

गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर 3 तक हुए ट्रायल रन में ट्रेन 5.9 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ी और 6 मिनट में ये सफर तय किया। जैसे ही कोच प्लेटफार्म पर पहुंचे मेट्रो के इंजीनियर और स्टेशन निर्माण कर रहे मजदूरों ने तालियां बजाकर उत्साह जताया।

## खुशी से झूमे इंदौरवासी, शहर में दौड़ी प्रदेश की पहली मेट्रो ट्रेन

# मेट्रो 'फिट'...उपलब्धि 'हिट'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर/भोपाल

इंदौरवासियों को जिस लम्हे का बेसब्री से इंतजार था, वो अब पूरा हो गया है। शहरवासियों को अब जल्द ही मेट्रो की सुविधा मिलने वाली है क्योंकि, शहर में पहली बार मेट्रो ट्रेन का डायनामिक ट्रायल टेस्ट हुआ है। ट्रेन के कोच और ट्रैक की फिटनेस का परीक्षण किया गया। इसमें सब कुछ सही पाया गया और परीक्षण सफल रहा। डायनामिक टेस्ट के दौरान मेट्रो ट्रेन के मूवमेंट और स्टॉपेज के दौरान होने वाली व्यावहारिक परेशानियों का भी परीक्षण किया गया। साथ ही अधिकारियों ने टेक्निकल टीम से भी ▸▸ शेष पेज 4 पर

**कल- यह सशक्त और तेजी से विकसित होते मप्र की तस्वीर**

**कल आएगी भोपाल की मेट्रो चार दिन में होगी असेंबल**

▸▸ शेष पेज 4 पर

**मेट्रो 'फिट'...उपलब्धि 'हिट'...**

**कल आएगी भोपाल...**

MPMETRO

METRO NEWS

18th SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 48 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 18.09.2023 | J2 | राजधानी में मेट्रो का श्रीगणेश.. भोपाल में दाखिल, आज होगी अनलोडिंग | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 18-09-2023 Pg-J2

पटरी पर प्रोजेक्ट • इंदौर में कोच की अनलोडिंग के 17 दिन बाद राजधानी की बारी, पहली बार इतने कम समय में दो शहरों में पहुंची मेट्रो

# राजधानी में मेट्रो का श्रीगणेश... भोपाल में दाखिल, आज होगी अनलोडिंग

इन्फ्रास्ट्रक्चर रिपोर्टर | भोपाल

तीन कोच वाली भोपाल की पहली भगवा (नारंगी) मेट्रो ट्रेन रविवार को राजधानी में दाखिल हो गई। 42 टन वजनी हर कोच को 106 पहियों वाले ट्राले से 1,100 किमी का सफर तय करवाकर भोपाल लाया गया है। रविवार देर शाम ये सीहोर बॉर्डर पहुंचे। अंधेरा होते ही ट्राले भोपाल-सीहोर बॉर्डर पर रोक दिए गए।

ट्राले के साथ चल रही एक टीम ने यहां से सुभाष नगर डिपो तक पहुंचने वाले रूट का मुआयना किया, फिर सड़कों से ट्रैफिक कम होने पर ट्रेन को रात करीब ढाई बजे सुभाष नगर डिपो पर पहुंचाया गया। यहां सोमवार सुबह 10 बजे इन तीनों कोच को क्रेन की मदद से अनलोड किया जाएगा। इंदौर मेट्रो कोच 31 अगस्त को अनलोड किया गया था। देश में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब किसी प्रदेश के दो अलग-अलग शहरों में महज 17 दिन के भीतर ही दो अलग-अलग मेट्रो अनलोड हुई है।



## 24-25 को शुरू होगा सेफ्टी ट्रायल

**106** पहिए वाले ट्राले में भोपाल पहुंचे हैं कोच

**1100** किमी का सफर तय किया

हम 24-25 सितंबर तक भोपाल में भी मेट्रो का सेफ्टी ट्रायल शुरू कर देंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री जी का समय मिलते ही मेट्रो का ट्रायल रन कर दिया जाएगा। -मनीष सिंह, एमडी मेट्रो कंपनी



ऐसी दिखेगी हमारी मेट्रो

सुभाष नगर डिपो में तैयारी

## क्रेन से ट्रैक पर उतारे जाएंगे, फिर तीनों को जोड़कर ट्रायल

सोमवार को सुभाष नगर डिपो में बने अनलोडिंग ट्रैक पर इन कोच को उतारा जाएगा। अनलोडिंग ट्रैक पर ट्राला समेत एक कोच लाएंगे। क्रेन की मदद से इसे लिफ्ट कर लेंगे और नीचे से ट्राला हटा दिया जाएगा। इसके बाद अलाइनमेंट सेट कर कोच को ट्रैक पर उतार दिया जाएगा। नीचे उतारने के बाद शंटर की मदद से इन्हें खींचकर आगे बढ़ा देंगे। यही प्रक्रिया तीनों कोच उतारने के लिए की जाएगी। इसके बाद तीनों को आपस में जोड़कर अगले तीन-चार दिनों के भीतर सेफ्टी ट्रायल किए जाने की योजना बनाई गई है। इंदौर में 31 अगस्त को अनलोड हुई ट्रेन का सेफ्टी ट्रायल 13 दिन बाद 13 सितंबर को किया गया था।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 49 | नव दुनिया | भोपाल | 18.09.2023 | 04 | 106 पहिये के ट्राले पर आई हमारी मेट्रो | Neutral |


नवदुनिया
भोपाल, सोमवार, 18 सितंबर, 2023




# 106 पहिये के ट्राले पर आई हमारी मेट्रो

## छह दिन में तय किया वड़ोदरा से भोपाल का 600 किमी सफर, आज सुभाष नगर डिपो में किए जाएंगे अनलोड

विकास वर्मा/मदनमोहन मालवीय, भोपाल

शहरवासियों का मेट्रो को लेकर इंतजार अब खत्म हो गया है। दरअसल भोपाल मेट्रो के कोच को लेकर 106 पहिया का ट्राला रविवार देर रात भोपाल पहुंच गया। अब इन कोच को सोमवार सुबह सुभाष नगर डिपो पर क्रेन की मदद से ट्रैक पर उतारा जाएगा। मेट्रो के तीन कोच को लेकर तीन बड़े-बड़े ट्राला 12 सितंबर को गुजरात के सांवली, वड़ोदरा से रवाना हुए थे। जो कि छह दिन में करीब 600 किलोमीटर का सफर तय करते हुए रविवार शाम छह बजे भोपाल पहुंच गए थे। जिन्हें भारी वाहन प्रवेश वर्जित की वजह से मुबारकपुर टोल प्लाजा पर गांधीनगर से पहले सुरक्षित स्थान पर खड़ा कराया गया था। जहां नवदुनिया की टीम ने मौके पर पहुंचकर मेट्रो कोच का परीक्षण किया।



गांधीनगर से पहले भोपाल बायपास पर मुबारकपुर टोल प्लाजा पर रविवार रात 11 बजे ट्राले पर कवर से ढके मेट्रो ट्रेन के कोच। ● नवदुनिया

### 74 पहिया के दो ट्राला पर दो कोच, वजन 37 टन

भोपाल सीमा में शाम छह बजे पहुंचने के बाद मेट्रो के तीन कोच यानि ट्रेन को लेकर आ रहे 74 -74 पहिया के दो ट्राला और एक 106 पहिया का ट्राला मुबारकपुर टोल प्लाजा पर खड़े थे। जहां पर रात 11 बजे पहुंची टीम ने कोच के साथ आ रहे कर्मचारियों से बातचीत की तो पता चला कि 37 टन वजनी ट्राला को लगभग 20 की धीमी रफ्तार से गुजरात के सांवली बड़ोदरा से यहां तक लाया गया है। रास्ते में कहीं भी कोई दिक्कत नहीं आई, लेकिन शुक्रवार को तेज वर्षा होने के कारण इंदौर के राऊ में लगभग पांच घंटे ट्रालों को निकालने में लग गए हैं। यहां पर फ्लायओवर का काम चल रहा है।



सुभाष नगर डिपो जहां सोमवार को अनलोड किए जाएंगे मेट्रो कोच। ● नवदुनिया

### वड़ोदरा से रखी जा रही थी कोच पर नजर

कर्मचारियो ने बताया कि हम कोच को लेकर 12 सितंबर को भोपाल के लिए रवाना हुए थे। अत्यंत सावधानी से हम कोच को लेकर भोपाल आए हैं। कंपनी ने एक तिरपाल ढंक कर दी थी, लेकिन कोई नुकसान न हो इसके लिए हमने अलग से और मजबूत तिरपाल ढंक दी थी। तीनों भारी वाहनों पर वड़ोदरा से कंपनी द्वारा जीपीएस के माध्यम से नजर रखी गई। जिससे सुरक्षा के साथ कोच सुभाषनगर डिपो भोपाल पहुंच पाए।

### सुभाषनगर डिपो पर तैयारियां पूरी परीक्षण के बाद होगा ट्रायल

भोपाल मेट्रो ट्रेन के कोच को सोमवार सुबह करीब 10 बजे सुभाष नगर डिपो पर अनलोड किया जाएगा। यहां पर मेट्रो रेल कार्पोरेशन द्वारा हर तरह की तैयारियां कर ली गई हैं यहां कोच का परीक्षण किया जाएगा, इसके बाद 25 सितंबर को कभी भी एम्स से सुभाष नगर तक बिछाई गई 6.22 किलोमीटर आरेंज लाइन पर ट्रायल रन किया जाएगा। ट्रायल रन के बाद दिल्ली से टीम आएगी, जो सेफ्टी ट्रायल एवं अन्य गतिविधियां करेगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 18.09.2023 | 03 | देर रात राजधानी पहुंचे कोच, आज होंगे अनलोड | Neutral |

www.rajexpress.co
राज एक्सप्रेस
3 महानगर
सूर्योदय (सोमवार) 06:21 सूर्यास्त (मंगलवार) 06:08
तापमान अधिकतम 27.7° न्यूनतम 21.8°
भोपाल सोमवार, 18 सितंबर 2023



मेट्रो के तीन कोच गुजरात के सावली से रविवार देर रात राजधानी पहुंचे। इनसेट - सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन जहां कोच को ट्रेलर से उतारा जाएगा।

# देर रात राजधानी पहुंचे कोच, आज होंगे अनलोड

## जहां मेट्रो के कोच उतरेंगे उसका बेस तैयार, मगर ट्रायल के लिए करना होगा इंतजार

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

आखिरकार मेट्रो के कोच देर रात राजधानी पहुंच गए हैं। सोमवार की सुबह से अनलोडिंग का काम शुरू होगा और ट्रायल के लिए [illegible] जाएगा। जहां ये कोच उतरेंगे, उसका बेस देर रात को तैयार कर लिया गया था, लेकिन ट्रायल के लिए अभी इंतजार करना होगा। मेट्रो के तीन कोच गुजरात के सावली से लाए गए हैं।

[illegible] ट्रायल रन होना है। सुभाष नगर से एम्स तक बिछाई गई 6.22 किलोमीटर की [illegible] लाइन पर पहली बार मेट्रो कोच का ट्रायल रन होना है। इसके लिए तीन कोच रविवार की देर रात राजधानी पहुंचे। सुभाष नगर डिपो में इन्हें रखा गया है। करीब 80 एकड़ एरिया में बने डिपो के [illegible] एकड़ एरिया में मेट्रो कोच को अनलोड करने के लिए बेस बनाया गया है। यहीं मेट्रो की [illegible] है। जब ट्रायल रन शुरू होगा, एम्स से लौटकर मेट्रो को यहीं पार्क किया जाएगा। मेट्रो प्रोजेक्ट के इंजीनियरों के मुताबिक कोच की चौड़ाई 2.9 मीटर और लंबाई 22 मीटर है।

### यहां होगा पहला ट्रायल

मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर में पहली बार ट्रायल रन होगा। इस कॉरिडोर में कुल 8 स्टेशन हैं। इसका पहला स्टेशन एम्स [illegible] से शुरू होगा। फिर अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, [illegible], डीबी मॉल, केंद्रीय स्कूल के बाद सीधे मेट्रो सुभाष नगर स्टेशन पहुंचेगी। यह मेट्रो का आखिरी स्टेशन होगा। पहली बार में करीब साढ़े तीन किलोमीटर का ट्रायल रन किया जाना है।

### ब्रिज की छत की फिनिशिंग बाकी

सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन का एस्केलेटर बनकर तैयार हो गया है। लेकिन इसके आगे बने ब्रिज की फिनिशिंग बाकी है। रविवार को यहां देर रात तक काम चलता रहा। यहीं स्टेशन की भी सफाई होना बाकी है। साइट पर मौजूद इंजीनियरों के मुताबिक दो दिन बाद फिनिशिंग का काम होगा।

### बैंगलुरु से बुलाई टोयोटा की क्रेन

ट्रालों से मेट्रो कोच को उतारने के लिए 25-35 टन की क्रेनों की मदद ली जा रही है। यह क्रेन टोयोटा कंपनी की है, जिसे बैंगलुरु से बुलाया गया है। कंपनी के इंजीनियर देर रात भोपाल पहुंचे। यहां उन्होंने साइट का मुआयना किया। इसके बाद पूरी टीम [illegible] सुभाष नगर डिपो में ही रही।

### 880 किमी की दूरी तय कर आए कोच

मेट्रो के कोच एक सप्ताह में 880 किलोमीटर की दूरी तय कर के भोपाल लाए गए हैं। रविवार को रात 10 बजे ट्रालों में रखे कोच मुबारकपुर टोल पहुंच गए थे। फिर रात के समय ट्रैफिक खुलते ही ट्राला आगे बढ़ा और [illegible] होते हुए देर रात शहर में इंटर हुआ।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 51 | पत्रिका | भोपाल | 18.09.2023 | 02 | ड्रोन फोटो के जरिए जानें मेट्रो का कैसा होगा श्री गणेश | Neutral |



माय सिटी MY CITY 03 पत्रिका
भोपाल, सोमवार, 18 सितंबर 2023

पत्रिका में सबसे पहले

# ड्रोन फोटो के जरिए जानें मेट्रो का कैसे होगा श्री गणेश

भोपाल. मेट्रो ट्रेन के तीन कोच गुजरात के सावली, वडोदरा से करीब एक सप्ताह में 850 किमी का सफर तय कर भोपाल पहुंच गए। आनंदनगर, बायपास, पेल रायसेन रोड के रास्ते आधी रात को यह सुभाष डिपो पहुंचे। सोमवार सुबह 10 बजे कोच को अनलोड किया जाएगा।

## 100 मीटर का अनलोडिंग वे

80 एकड़ जमीन में बने सुभाष डिपो में बने अनलोडिंग वे में कोच को उतारा जाएगा। अनलोडिंग वे प्लेटफार्म 100 मीटर का है। कोच की लंबाई 22 मीटर और चौड़ाई 2.9 मीटर है। शंटर के जरिए इन्हें खींचकर पटरी के कोने पर ले जाया जाएगा। कोच की असेंबलिंग कनेक्शन, बैटरी व अन्य उपकरणों से जोड़ने आदि में सात से आठ दिन लगेंगे।

सुभाष मेट्रो रेलवे स्टेशन

अनलोडिंग- वे पर तीन कोच को उतारा जाएगा। यहीं असेंबलिंग की जाएगी।

असेंबलिंग के बाद डिपो के इंटरनल ट्रैक पर मेट्रो को रैंप तक ले जाया जाएगा।

रैंप से तीन कोच की पहली मेट्रो ट्रेन सुभाष रेलवे स्टेशन के मेट्रो ट्रैक पर पहुंचेगी। फिर आगे अन्य स्टेशनों से होते हुए रानी कमलापति तक का सफर तय करेगी।

क्यूआर कोड स्कैन कर विस्तृत खबर पढ़ें...

भोपाल पहुंच रहे मेट्रो

## मेट्रो ट्रेन एक नजर में

22 मीटर लंबा, 2.9 मी. चौड़ा ऑरेंज कोच
100 मीटर लंबा अनलोडिंग वे
66 मीटर लंबा मेट्रो रैक
750 यात्री एक रैक में कर सकेंगे यात्रा
50 यात्रियों की सिटिंग कैपेसिटी
200 यात्री कोच खड़े हो सकेंगे
04 किमी लंबा प्रायोरिटी कॉरिडोर
06 कोच की क्षमता है मेट्रो स्टेशन की
03 कोच का रैक शुरुआत में चलेगा
10 सितंबर को सावली से हुए थे रवाना

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | Times of india | Bhopal | 18.09.2023 | 02 | Green Signal: Metro Trial Run Next Week | Neutral |

TIMES CITY
THE TIMES OF INDIA, BHOPAL | MONDAY, SEPTEMBER 18, 2023
Pg-02

# Green Signal: Metro Trial Run Next Week

## 3 More Coaches Arrive In Bhopal After Road Trip Of 526Km

Jamal.Ayub@timesgroup.com

**Bhopal:** A week after leaving manufacturing plant in Gujarat, three coaches of Bhopal metro train finally arrived in the state capital late on Sunday night, according to Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL).

The coaches had left Gujarat plant on September 10. They crossed Sehore on Sunday afternoon and have covered a distance of 526 km from Savli in Gujarat to reach Bhopal late in the night.

The 'orange line' coaches were unloaded at Bhopal metro rail depot at Subhas Nagar.

With their arrival, the dum trial run of Bhopal metro is expected to take place next week. Before the dignitaries flag off the trial run, like Indore, a safety trial run would be conducted, the official said. All preparations related to unloading of the coaches on arrival are in place at the depot, the officials said.

The first coach had reached Bhopal on August 26. It was unveiled at a ceremony at Smart City Park. They have CCTVs, display units and emergency communication system. The coaches are likely to be operational six months after the trial run.

## WELCOME TO BHOPAL, METRO

**Carbon footprint**
**Reduction of 12%**

Annual emissions in a standard year of operation were estimated at 45.3 kT CO2 equivalent per year (absolute emissions). Without the project, namely with the current mode split between private vehicles and buses, the annual emissions were estimated at 51.9 kT equivalent per year (baseline emissions)

**Land**

Project shall require permanent acquisition/ transfer of the total land of 15.1 hectares (ha), of which 12.37 ha is government land (excluding of Government Land for Depot) and 2.73 ha is private land impacting around 954 households

**Stations**

28 elevated stations and 2 underground stations

**Metro will cost around ₹250 crore per km at (proposal cost including depot construction)**

**Bhopal Metro Project cost ₹6941.40 cr**

### PUBLIC TRANSPORT

**BRTS in a nutshell:**

- On road no. of buses - **about 300**
- BRTS bus stops - **77**
- Length - **24 km** covers includes the BRT Corridor from Bairagarh to Misrod
- Timing - **6 am to 11 pm**
- BRTS projects cost US $2.4 million per km or ₹**12.18 crore per km**

### STATIONS

**Elevated**

Akapuri, Habibganj Naka, Habibganj Station, MP Nagar, Mall, Kendriya Vidyalaya, Subhash Nagar, Pulbogda, Aishbagh Crossing, Sindhi Colony, DIG Bangalow, Bhadbhada Square, Depot Square, Jawahar Chowk, Roshanpura Square, Minto Hall, Lilly Talkies, Pulbogda, Prabhat Square, Govindpura, Govindpura Ind. Area, J K Road, Indrapuri, Piplani, Ratnagiri Tiraha

**Underground**

Bhopal Station, Nadra Bus Stand



First lot of the Bhopal metro rail coach on their way to Bhopal. The coaches reached Bhopal late in the night, according to Madhya Pradesh Metro Rail Corporation limited (MPMRCL). The coaches had left the Gujarat plant on September 10. The priority corridor is scheduled to start in September. It will be from Subhash Nagar Depot, Kendriya Vidhalaya, MP Nagar, Board Office intersection to Habibganj, a distance of 4 km consisting of five stations




**Line No. 1**
Karond Square to AIIMS
**Stations 16**
(14 elevated)
(2 underground)
**Length 14.99 km**

**Line No. 2**
Bhadbhada Square to Ratnagiri Tiraha
**Stations 14**
(14 elevated)
**Length 12.88 km**





Pics: Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited

Earlier in 2010, Bhopal was part of 63 cities, selected under JNNURM to improve urban transport planning and management. Comprehensive Mobility Plans (CMPs) was prepared

Bhopal's metro rail project is one the first to be development under Union government's new metro rail policy 2017. Bhopal metro project phase I work began in 2018

European Investment Bank (EIB), funding of $500 million project is expected to flow with pace. UMTA is one of the prerequisites under the metro rail policy

New policy also endorses metro rail only for routes, where a ridership is 40,000-80,000 passengers per hour per direction. Requirement is that every proposal for Metro Rail should necessarily include proposals for feeder systems that help to enlarge the catchment area of each metro station at least to 5 kms

| | Orange Line | | | Blue Line | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Year | Peak Hour Ridership | Number of Passengers | Passenger km | Peak Hour Ridership | Number of Passengers | Passenger km |
| 2021 | 21,522 | 2,15,224 | 9,68,194 | 13,885 | 1,38,848 | 6,46,481 |
| 2031 | 28,370 | 2,83,703 | 12,76,250 | 18,303 | 1,83,026 | 8,52,176 |
| 2041 | 37,397 | 3,73970 | 16,82,322 | 24,126 | 2,41,260 | 11,23,318 |
| **2054** | **53,553** | **5,35,525** | **24,09,085** | **34,548** | **3,45,484** | **16,08,591** |

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 53 | Freepress | Bhopal | 18.09.2023 | 02 | New journey awaits commuters with Metro rakes at city doorsteps | Neutral |

BHOPAL CITY
INDORE/BHOPAL | MONDAY | SEPTEMBER 18, 2023 www.freepressjournal.in

# New journey awaits commuters with Metro rakes at city doorsteps

## To be unloaded at Subash Nagar Metro depot at 10 am today

OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in



The much awaited Metro train coaches were on the way to reach the city on late Sunday evening. The officials of the Metro project said that Metro train, being brought on a big trailer, will enter Bhopal at 12 midnight and will reach Subash Nagar depot around 2.30 am.

Till the filing of the story they were yet to reach the city. It took at least five days for Metro train to reach Bhopal from the manufacturing unit situated at Savli in Gujarat.

The big trailer carrying Bhopal Metro Train entered from Bhauri bypass and reached Subash Nagar depot via Anna Nagar. The trailer carrying Metro train entered the city after 12 pm.

Now it would be at 10 am on Monday that Metro train coaches comprising engine will be unloaded at Subash Nagar Metro depot. Thereafter, the work of assembling Metro coaches will be done.

At least eight to ten days are needed for assembling of metro coaches after which safety trial run will be done to check the safety procedures. Later on, time will be taken from Chief Minister Shivraj Singh Chouhan for the inauguration of Metro trial. The trial run of Metro train will be done from Subash Nagar depot till Rani Kamlapati Railway Station.

The Metro train colour is orange. The length of coach is 22 metres and width is 2.9 metres. They are equipped with modern facilities.

Bhopal Metro phase 1 will have two lines including Line 2 (Orange Line) and Line 5 (Blue Line). The Orange Line will be between Karond Circle and AIIMS. The Blue Line will be between Bhadbhada Square and Ratnagiri Tiraha.

People are eagerly waiting to see that how Metro train of city will look in actuality. However they are having the idea of Bhopal Metro train as they have already seen the Metro model which has been installed at Smart City Park.

The metro train project is a dream project of Bhopal and citizens are waiting with eagerness to travel in the metro. The metro trial run will pave the way for the operation of Bhopal Metro.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 54 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 18.09.2023 | 03 | गुजरात के वडोदरा से 850 किमी सफर तय कर भोपाल पहुंचे मेट्रो कोच | Neutral |

पीपुल्स समाचार
भोपाल सिटी Page: 3

# गुजरात के वडोदरा से 850 किमी सफर तय कर भोपाल पहुंचे मेट्रो कोच

## आज सुभाष नगर डिपो में होगी अनलोडिंग, 25 सितंबर के बाद राजधानी में होगा मेट्रो का ट्रायल रन

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9300697983

वडोदरा (सांवली) गुजरात से करीब 850 किमी का सफर तय कर मेट्रो कोच रात करीब 11 बजे भोपाल पहुंच गए। ट्राले में रखे इन मेट्रो कोचों को क्रेन की मदद से सोमवार सुबह सुभाष नगर मेट्रो डिपो में अनलोड किया जाएगा। अनलोडिंग का काम पूरा होने के बाद मेट्रो कोच की टेस्टिंग शुरू होगी। 25 सितंबर के बाद मेट्रो का ट्रायल रन किया जाना है।

अधिकारियों के मुताबिक, डिपो में कोच अनलोडिंग की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुभाष नगर से एम्स तक बनाए गए 6.22 किमी प्रायोरिटी कॉरिडोर में सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक मेट्रो का ट्रायल रन किया जाएगा।



मंडीदीप के पास मुबारकपुर बायपास पर रविवार को खड़े मेट्रो कोच।

### ट्रायल रन के बाद सेफ्टी ट्रायल

मेट्रो के ट्रायल रन के बाद दिल्ली से टीम आएगी, जो सेफ्टी ट्रायल एवं अन्य गतिविधियां करेगी। अगले साल मई-जून 2024 में कमर्शियल पैसेंजर ऑपरेशन शुरू किया जाएगा। मेट्रो के कोच आने के बाद सुभाष नगर डिपो में बने अनलोडिंग-वे पर अनलोड किया जाएगा। डिपो 80 एकड़ जमीन में बन रहा है। यहीं से मेट्रो ट्रेनों का संचालन होगा। नाइट हॉल्ट भी यहीं रहेगा।

### हर कोच 22 मीटर लंबा

मेट्रो कॉर्पोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि मेट्रो के हर कोच की चौड़ाई 2.9 मीटर और लंबाई 22 मीटर है। कोच आने और पूजा-अर्चना के बाद ट्रैक पर उतारा जाएगा। इस वजह से सुभाष नगर मेट्रो डिपो में प्लेटफार्म से जुड़ी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 55 | दैनिक जागरण | भोपाल | 18.09.2023 | 03 | भोपाल को मिली मेट्रो, दर रात सुभाष नगर डिपो पहुंचे कोच, 25 के बाद काभी भी ट्रायल | Neutral |

दैनिक जागरण
भोपाल, 18 सितंबर 2023



# भोपाल को मिली मेट्रो, देर रात सुभाष नगर डिपो पहुंचे कोच, 25 के बाद कभी भी ट्रॉयल

## ट्राले से आज सुबह 10 बजे उतारे जाएंगे कोच

जागरण प्रतिनिधि, भोपाल। भोपाल को अपनी मेट्रो मिल गई है। देर रात मेट्रो के तीन कोच सुभाष नगर डिपो पहुंच गए हैं। जिन्हें क्रेन की सहायता से ट्राले से आज सुबह 10 बजे उतारा जाएगा। इसके बाद टेस्टिंग होगी और फिर ट्रायल रन की तारीख तय की जाएगी। मेट्रो के ये कोच गुजरात के सांवली, वडोदरा से करीब एक सप्ताह में 850 किमी की दूरी तय करके भोपाल पहुंचे हैं। कोच आने से पहले अनलोडिंग से जुड़ी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को मेट्रो कॉर्पोरेशन की पूरी टीम इस काम में जुटी रही।

## बारिश के बीच तेजी से हो रहा प्रॉयोरिटी कॉरीडोर का काम

बारिश के बीच भी मेट्रो के प्रॉयोरिटी कॉरीडोर का काम तेजी से किया गया है और अपने निर्धारित लक्ष्य 25 सितंबर के बाद कभी भी ट्रायल रन कर लिया जाएगा। मेट्रो के कोच भोपाल आने के बाद सुभाष नगर डिपो में बने अनलोडिंग-वे पर अनलोड किया जाएगा। डिपो 80 एकड़ जमीन पर बन रहा है। यहीं से मेट्रो ट्रेनों का संचालन होगा। नाइट हॉल्ट भी यहीं पर होगा।



## हर कोच 2.9 मी. चौड़ा और 22 मीटर लंबा

भोपाल के लिए जो मेट्रो आई है, उसके हर कोच की चौड़ाई 2.9 मीटर और लंबाई 22 मीटर है। आज कोच की पूजा-अर्चना कर उसे ट्रैक पर लाया जाएगा। इस वजह से सुभाष नगर मेट्रो डिपो में प्लेटफार्म से जुड़ी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बता दें कि इंदौर में मेट्रो कोच 31 अगस्त को ही आ चुके हैं। वहां एक-दो दिन में ट्रायल हो सकता है।

## अब तक ये काम हुए पूरे

- सभी 8 मेट्रो स्टेशन के पियर आर्म कास्टिंग (कॉनकोर्स लेवल) का कार्य 73 प्रतिशत पूर्ण हुआ।
- सभी 8 मेट्रो स्टेशन की गर्डर कास्टिंग कार्य 82 प्रति. पूर्ण हुआ।
- सुभाष नगर डिपो की पाइलिंग का कार्य 98 प्रतिशत पूर्ण हुआ
- सुभाष नगर डिपो के ईरेक्शन वे (प्रायोरिटी लाइन्स) का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण हुआ।
- सुभाष नगर स्टेशन पर स्टेरकेस के साथ कॉनकोर्स से प्लेटफॉर्म लेवल तक एस्केलेटर लगाने का कार्य हुआ पूरा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 56 | हरि भूमि | भोपाल | 18.09.2023 | 01 | भोपाल पहुंची मेट्रो बोगियां, आज सुभाष नगर के डिपो में की जाएंगी अनलोड | Neutral |


हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 18 सितंबर 2023




### रायसेन रोड होते हुए सुभाष नगर डिपो पहुंचे बोगी लेकर आए तीन ट्राले

# भोपाल पहुंचीं मेट्रो बोगियां, आज सुभाष नगर के डिपो में की जाएंगी अनलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानीवासियों को लंबे समय से अपनी मेट्रो की बोगी आने का इंतजार था। आखिर यह इंतजार खत्म हो गया और रविवार रात को यह बोगी सुभाष नगर डिपो पहुंच गईं। इन बोगियों का स्वागत रायसेन रोड के पटेल नगर चौराहे से आनंद नगर होते हुए सुभाष नगर डिपो तक लोगों ने किया। कई लोग ट्राले पर रखीं इन बोगियों को सुभाष नगर की तरफ जाते हुए सड़क पर खड़े होकर देख रहे थे। सोमवार सुबह 10 बजे इन कोच को अनलोडिंग किया जाएगा। इसके लिए क्रेन तैनात कर दी गई है।

गुजरात के सांवली बडोदरा से मेट्रो बोगी 850 किमी की दूरी तय करके भोपाल पहुंचे हैं। अनलोडिंग के बाद इन्हें रैंप के द्वारा वायडक्ट तक ले जाया जाएगा, जिससे इनका ट्रायल रन शुरू हो सके। कंपनी के अनुसार 25 सितंबर तक इसका ट्रायल रन शुरू होने की पूरी उम्मीद है। क्रेन की मदद से बोगी ट्राले से नीचे उतारे जाएंगे। इसके बाद टेस्टिंग होगी। और फिर ट्रायल रन की तारीख तय की जाएगी।

◆ शहर में प्रवेश करते ही रात को लोग देखने के लिए रास्ते में रुके रहे



### पांच स्टेशनों पर होगा ट्रायल

प्रायोरिटी कॉरिडोर में कुल 8 स्टेशन हैं। इनमें एम्स, अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, सरगम टॉकीज, बोर्ड ऑफिस, केंद्रीय स्कूल और सुभाषनगर स्टेशन शामिल हैं। ट्रायल रन करीब साढ़े तीन किमी में सुभाषनगर स्टेशन से आरकेएमपी स्टेशन तक किया जाएगा।

### अनलोडिंग वे पर किया जाएगा अनलोड

मेट्रो बोगी सोमवार सुबह सुभाष नगर डिपो में बने अनलोडिंग वे पर अनलोड किया जाएगा। डिपो 80 एकड़ जमीन पर तैयार हुआ है। यहीं से मेट्रो ट्रेनों का संचालन होगा। नाइट हॉल्ट भी यहीं पर होगा।

### मेट्रो डिपो में प्लेटफार्म से जुड़ी तैयारियां पूरी

अधिकारियों का कहना है कि अनलोडिंग के बाद पूजा-अर्चना कर बोगियों को ट्रैक पर लाया जाएगा। इस वजह से सुभाष नगर मेट्रो डिपो में प्लेटफार्म से जुड़ी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**ऑरेंज लाइन पर होगा ट्रायल:** भोपाल के एम्स से सुभाष नगर तक बिछाई गई 6.22 किलोमीटर ऑरेंज लाइन पर यह बोगी दौड़ेगी। हालांकि ट्रायल रन सुभाष नगर डिपो से रानी कमलापति स्टेशन के बीच ही होगा। मई जून 2024 में आम लोग मेट्रो में सफर कर सकेंगे।

METRO NEWS

19th SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 57 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 19.09.2023 | 01 | मेट्रो की मुंह दिखाई, ट्रायल की तारीख पर मुहर नहीं लगाई | Neutral |

भोपाल 19-09-2023 Pg-01



आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार
दैनिक भास्कर
कुल पेज 26, ... मूल्य ₹ 6.00 | वर्ष 67, अंक 37, महानगर
dainikbhaskar.com
भोपाल, मंगलवार 19 सितंबर, 2023 भाद्रपद शुक्ल पक्ष-4, 2080
12 राज्य | 61 संस्करण

भोपाल में मेट्रो प्रोजेक्ट कुल लागत 6742 करोड़

1700 करोड़ खर्च हो चुके हैं | 1700 करोड़ इंदौर मेट्रो में खर्च हुए हैं



ट्रैक पर हमारी मेट्रो... लेकिन अभी डिपो के ट्रैक पर 2 से 3 किमी/घंटा की रफ्तार से चलेगी

# मेट्रो की मुंह दिखाई, ट्रायल की तारीख पर मुहर नहीं लगाई

- अब 5 महीने तक ट्रायल रन चलेगा
- संचालन अप्रैल-मई तक शुरू हो पाएगा

गणेश चतुर्थी से एक दिन पहले तीन कोच वाली भोपाल की पहली मेट्रो ट्रेन सोमवार को ट्रैक पर आ गई। सुभाष नगर डिपो पर इसे अनलोड किया गया। सुबह साढ़े दस बजे अल्सटॉम मेट्रो रेल कंपनी शोभित टंडन ने विधिवत पूजा कर कोच अनलोड करने के लिए हरी झंडी दी।

**ट्रायल कब से होगा**

- अभी 3 कोच जोड़े जाएंगे। करीब 1500 वायर जोड़े जाएंगे। एक्टर टेस्ट करना जाएगा।
- 25-26 सितंबर तक मेट्रो ट्रायल शुरू हो पाएगा।

**पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर कब तक तैयार होगा**

एमडी मेट्रो रेल कंपनी मनीष सिंह ने बताया कि डिपो में बने ट्रैक पर मेट्रो ट्रायल की शुरुआत 2-3 किमी/घंटा की रफ्तार से करेंगे। धीरे-धीरे बढ़ाएंगे। फिर मेन ट्रैक पर ट्रायल करेंगे। 5 महीने तक यह प्रक्रिया चलेगी। संचालन और पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर अप्रैल या मई तक तैयार हो पाएगा।

**मेट्रो की खासियत**

- हर कोच में करीब 50 लोगों के बैठने, 300 के खड़े रहने की क्षमता।
- भोपाल मेट्रो को थर्ड रेल और एआई जैसी आधुनिकतम तकनीक से तैयार किया गया है। इसमें ऑटोमैटिक ट्रेन ऑपरेशन मोड है। यानी बिना ड्राइवर के भी चलाई जा सकती है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 58 | नव दुनिया | भोपाल | 19.09.2023 | 02 | राजधानी आब मेट्रो सिटी, पर सफर करने के लिए मार्च 2024 तक इंतजार | Neutral |

नवदुनिया
भोपाल, मंगलवार, 19 सितंबर, 2023
02 सूर्योदय मंगलवार 06.30 | सूर्यास्त 06.00 बुधवार

# भोपाल सिटी

## राजधानी अब मेट्रो सिटी, पर सफर करने के लिए मार्च 2024 तक इंतजार

भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)। देश में दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता जैसे महानगरों सहित देश के कुल 15 शहरों के बाद अब भोपाल भी मेट्रो सिटी की सूची में शामिल हो गया है। सोमवार को भोपाल मेट्रो का पहला रैक सुभाष नगर स्थित डिपो में पहुंचा, जहां सुबह 10 बजे इसकी अनलोडिंग की गई। अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो के ट्रायल रन को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही है, सितंबर के आखिरी सप्ताह में इसका ट्रायल रन संभावित है। हालांकि, जनता को अभी मेट्रो ट्रेन की सवारी के लिए मार्च 2024 तक का इंतजार करना होगा।

- मेट्रो का पहला रैक सुभाष नगर डिपो पहुंचा, की गई अनलोडिंग
- सितंबर के आखिरी सप्ताह में होगा मेट्रो का ट्रायल रन

गुजरात से 600 किमी का सफर कर मेट्रो कोच रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब तीन बजे भोपाल पहुंच गए थे। सुभाष नगर मेट्रो डिपो में इन्हें सोमवार सुबह आधुनिक क्रेनों की मदद से अनलोड-बे (पटरियों) पर उतारा गया। अनलोडिंग से पहले मेट्रो डायरेक्टर शोभित टंडन ने पूजा-अर्चना की, इसके बाद ट्राले से कोच को उतारा गया। इसे भोपाल पहुंचने में आठ दिन लगे।



सुभाष नगर डिपो पर सोमवार को पहुंचे मेट्रो के कोच ट्राले से उतार कर पटरी पर रखे गए कोच। • नवदुनिया

### पांच स्टेशनों के बीच होगा ट्रायल रन

प्रायोरिटी कारिडोर में एम्स से सुभाष नगर के बीच कुल आठ स्टेशन बनाए जा रहे हैं। लेकिन निर्माण कार्य में देरी की वजह से प्रायोरिटी कारिडोर की लंबाई कम कर दी गई है। अब केवल पांच किलोमीटर में पांच स्टेशनों के बीच मेट्रो का ट्रायल रन शुरू होगा। इनमें रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, डीआरएम तिराहा, एम्स, अलकापुरी, केंद्रीय विद्यालय और सुभाष नगर स्टेशन शामिल हैं।

### सुभाष नगर डिपो में 90 प्रतिशत काम पूरा

ट्रायल रन को लेकर मेट्रो स्टेशन और कारिडोर के कार्यों में तेजी आ गई। सुभाष नगर डिपो से मेट्रो का ट्रायल होना है, यहां स्टेशन का काम 90 प्रतिशत पूरा हो गया है। एस्केलेटर, लिफ्ट, अग्निशमन समेत अन्य कार्य पूरे हो गए हैं, जबकि कारिडोर संबंधी काम किए जा रहे हैं। इसी प्रकार रानी कमलापति स्टेशन में भी लिफ्ट व एस्केलेटर लगाने का काम किया जा रहा है।

### जनवरी 2024 में होगा मेट्रो का सेफ्टी ट्रायल

सितंबर 2023 से शुरू होने वाला मेट्रो का ट्रायल रन आगामी तीन माह तक चलेगा। इसके बाद जनवरी 2024 में मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त इस मार्ग की सुरक्षा को परखेंगे। उनके संतुष्ट होने के बाद प्रायोरिटी कारिडोर पर मेट्रो संचालन की अनुमति दी जाएगी। मेट्रो के अधिकारियों के अनुसार मार्च 2024 में मेट्रो प्रायोरिटी कारिडोर पर दौड़ सकती है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 59 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 19.09.2023 | 03 | 15 साल पहले देखा था मेट्रो का सपना अब हकीकत, भोपाल आई हमारी मेट्रो | Neutral |



**कोच देर रात तक होते रहे अनलोड, पांच-सात दिन में पटरी पर दौड़ा कर देखेंगे**

# 15 साल पहले देखा था मेट्रो का सपना अब हकीकत, भोपाल आई हमारी मेट्रो

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

[illegible]





**मेट्रो रेल में यह खास**

[illegible]

## अगले दो-तीन में करेंगे चार्जिंग, चेकिंग

[illegible]

## शुरुआत रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर के बीच, फिर एम्स तक बढ़ाएंगे

[illegible]

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | पत्रिका | भोपाल | 19.09.2023 | 03 | मैट्रो ट्रैक प; 100 मीटर चलाकर देखा | Neutral |



#BhopalMetro अनंत चतुर्दशी तक मुख्य ट्रैक पर पहुंचेंगे ऑरेंज मैट्रो के तीनों कोच

# मैट्रो ट्रैक पर; 100 मीटर चलाकर देखा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** भोपाल की ऑरेंज मेट्रो का पहला रैक सोमवार को सुभाष डिपो के ट्रैक पर उतर गया। इसके लिए दो विशेष क्रेन लगाई गईं थीं। करीब 50 फीट ऊंचाई की क्रेन से मेट्रो कोच की बॉडी को होल्डर की मदद से कसा गया। कोच को क्रेन से उठाकर ट्रॉला निकाला। इसके बाद धीरे-धीरे कोच को डिपो के अनलोड वे के ट्रैक पर रख दिया गया गया। यहां वैकल्पिक इंजन की मदद से कोच को करीब 100 मीटर तक ट्रैक पर चलाया गया। सुबह साढ़े दस बजे कोच को अनलोड वे पर रखने का सिलसिला शुरू हुआ। शाम चार बजे तक तीनों कोच उतार दिए गए थे।

## पूजा कर नारियल फोड़ा

कोच को अनलोड वे पर रखने के पहले पूजा की गई। यहां नारियल फोड़ा गया। मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन, जनरल कंसलटेंसी के इंजीनियर अधिकारियों के साथ मीडिया के सामने कोच को अनलोड वे पर रखा गया। जिस ट्रॉले में कोच लाए गए, उसमें इंजन के दस पहिए मिलाकर कुल 106 पहिए थे। पूजन कार्य निदेशक मेट्रो प्रोजेक्ट सिस्टम शोभित टंडन ने किया। इसके पहले पर्दा हटाकर मुंह दिखाई भी की गई।






## एक माह में खुलेगा जिंसी का मार्ग

मेट्रो की पहली रैक के कोच को अभी असेंबल करना बाकी है। इसमें पांच से छह दिन का समय लगेगा। सोमवार को गणेश चतुर्थी पर डिपो के ट्रैक पर उतरे कोच के अनंत चतुर्दशी तक या इससे पहले मुख्य ट्रैक पर चलने की उम्मीद है। अब जिंसी के बंद रास्ते को खोला जाएगा। एक माह में यहां सीमेंट कांक्रीट की नई रोड तैयार कर एमपी नगर से जिंसी के बीच का रास्ता शुरू हो जाएगा।

## असेंबलिंग के बाद सेफ्टी ट्रायल

रैक के कोच को असेंबल करने के बाद सेफ्टी ट्रायल होगा। इसके लिए दिल्ली से एक्सपर्ट टीम भोपाल आएगी। डिपो से रैंप की मदद लेकर रैक को सुभाष नगर स्टेशन पहुंचाया जाएगा। रानी कमलापति तक चलाकर सेफ्टी ट्रायल होगा। ओके रिपोर्ट के बाद फायनल ट्रायल की तारीख तय कर ट्रायल किया जाएगा। कमर्शियल रन जून 2024 तक ही होने की उम्मीद है। तब तक 6 स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज भी बनाए जाएंगे ताकि आने-जाने में आसानी हो।

## इंदौर में 27 या 30 को ट्रायल की तैयारी

**इंदौर @ पत्रिका.** इंदौर में मेट्रो कोच के ट्रायल के बाद अब स्टेशन के काम में तेजी लाई जा रही है। गांधीनगर के पास के डिपो में शेड लग गए हैं, पटरियों के पास रेलिंग भी लगा दी है। एस्केलेटर भी शुरू हो गए हैं। अब स्टेशन का काम पूरा किया जा रहा है।मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीषसिंह के मुताबिक, सभी काम चल रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की उपस्थिति में 27 या 30 सितंबर को ट्रायल होगा।

**सिग्नल भी लगा दिए:** स्टेशन के ऊपरी हिस्से में रेलिंग लगाकर पटरियों को सुरक्षित किया है, थर्ड रेल से बिजली प्रभावित होने के कारण पहले रेलिंग लगाई है ताकि लोग आगे तक न जा सके। सिग्नल भी लगा दिए गए हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 61 | Times of india | Bhopal | 19.09.2023 | 1&2 | Coaches here, trial run in a week as metro work tajes the fast route | Neutral |

TIMES CITY
THE TIMES OF INDIA, BHOPAL | TUESDAY, SEPTEMBER 19, 2023

Pg-1&2

## HI, BHOPAL! IT'S YOUR METRO



The first 'Orange Line' coach of Bhopal Metro is unloaded at Subhash Nagar depot on Monday. Three coaches will undergo safety tests before a trial run expected next week | P 2

# Coaches here, trial run in a week as metro work takes the fast route


## THREE CHEERS: First Batch Unloaded At Subhash Ngr Depot | 26 More To Come

Jamal.Ayub@timesgroup.com

Bhopal: Three 'Movia' metro coaches, first trainset, was unloaded at Subhash Nagar metro depot in Bhopal on Monday. It is the first of 27 three-car configuration trainsets ordered for Bhopal metro which will have two lines in the phase.

The trains have a 50 passenger seating and 300 standing capacity. Light-weight, the trains will operate at a top speed of 80 km/h. Reality of a fully functional, two metro lines, is a few years away.

Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) is all set to prepare for 'safety trial', expected within a week. A grand showcase event — first in Indore and then in Bhopal — is expected before the end of the month, official said.



TRACKING METRO

Described as 'ultramodern', the light-weight trains come with a with 15 years of comprehensive maintenance. Communications-Based Train Control (CBTC) signalling system as well as train control and telecommunication systems will be synced with the three coaches before they are rolled to the second floor of the metro station above this week.

At around 6.30 pm, all three coaches were unloaded, the official said. All three coaches of the first metro train were lowered onto the 'unload bay' at Subhash Nagar depot.

Manufacturing of the metro coaches for Bhopal and Indore began in March this year. First trainset reached Indore on August 31 while the first coach in Bhopal had reached on August 26.

All the work for the trial run under Bhopal metro priority corridor is going on at a fast pace. The trial is to be conducted from Subhash Nagar to Rani Kamalapati station this month, an official said.

The depot was abuzz with final civil and system works of the station. Escalators, lifts, stairs, tracks, shed, entry-exit, foot-over-bridge (FoB) and other finishing works will be completed soon, official said.

Commercial operations are expected to be around May-June 2024.



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 62 | Freepress | Bhopal | 19.09.2023 | 10 | 3 COACHES UNLOADED AT METRO DEPOT | Neutral |

BHOPAL CITY
INDORE / BHOPAL | TUESDAY | SEPTEMBER 19, 2023 www.freepressjournal.in

# 3 COACHES UNLOADED AT METRO DEPOT

## TRIAL RUN BY MONTH END

OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in



Three coaches of Bhopal Metro train were unloaded at Subhash Nagar Metro depot on Sunday. The first coach was unloaded at about 10.42 am. Now, the trial run of Metro Train is awaited, which is expected by month end. The commercial operation of Metro Train is likely in May and June.

The three coaches were unloaded from lorry with the help of cranes in presence of senior officials of Madhya Pradesh Metro Train Corporation Limited.

According to Shobit Tandon, Director System, Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited, 15 to 20 days are taken for assembling Metro coaches but efforts will be done to complete it fast so that trial run can be held by September end.

Before that, safety trial will be conducted. The three coaches of Metro train will accommodate 900 passengers.

The trial run will be held on 6KM long railway track from Subash Nagar to Rani Kamlapati Railway Station.

The Metro Project is likely to be completed by 2026. After trial run, the Metro track will be extended till AIIMS.

The work of manufacturing Bhopal Metro Coaches was started in March by Alstom Company at its plant in Savli, Gujarat.

Efforts are underway to complete other works of Metro project at a lightning speed.

The length of Metro Coach is 22 metres and width is 2.9 metres. Each Metro Coach will have seating capacity of 50 people and standing capacity of around 300 people. Bhopal Metro Train is based on high level modern technique. It is equipped with AI technique, LED, AC coaches, intelligent CCTV system, train control and management system, cyber security etc.

### 27 MORE PROPOSED

At least 27 more Metro trains are proposed in Bhopal. "These trains will run on two tracks and will be available in the gap of two to three minutes. They will significantly reduce the traffic pressure on roads as people would prefer Metro to avoid traffic chaos," said an official of MP Metro Train Corporation Ltd.

### TWO LINES

Bhopal Metro will have two lines Orange and Blue Line. The orange line will connect Karondh Circle with AIIMS while Blue Line will connect Bhadbhada Square with Ratnagiri Trisection. There will be 28 Metro stations in the city.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 63 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 19.09.2023 | 03 | मेट्रो ऑन ट्रैक: सुभाष नगर डिपो में कोच की अनलोडिंग, ट्रायल रन जल्द | Neutral |


पीपुल्स समाचार

भोपाल सिटी Page: 3


# मेट्रो ऑन ट्रैक : सुभाष नगर डिपो में कोच की अनलोडिंग, ट्रायल रन जल्द


पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

मो.नं. 9300697983


मेट्रो ट्रेन वाले शहरों की लिस्ट में भोपाल भी शामिल हो गया। सोमवार को पहली मेट्रो (रॉलिंग स्टॉक ट्रेन) पटरी पर उतरी। हालांकि इसमें सफर करने के लिए इंतजार करना होगा। ऐसी 27 ट्रेनें भोपाल आनी हैं।

वडोदरा (गुजरात) से मेट्रो कोच रविवार रात करीब 10:30 बजे भोपाल पहुंच गए थे। सोमवार सुबह सुभाष नगर मेट्रो डिपो में आधुनिक क्रेनों की मदद से मेट्रो कोच को पटरियों पर उतारा गया। इससे पहले मेट्रो कंपनी के डायरेक्टर शोभित टंडन ने विधिवत पूजा-अर्चना की। ट्रेन का निर्माण अल्स्टॉम इंडिया लिमिटेड द्वारा सांवली (वडोदरा) स्थित प्लांट में किया गया है। इसका निर्माण मार्च में शुरू हुआ था। करीब 850 किमी की दूरी तय करके मेट्रो कोच 74 पहियों वाले ट्रॉले से भोपाल पहुंचे। इसे यहां पहुंचने में आठ दिन लगा।



## वडोदरा से 8 दिन में भोपाल पहुंचे मेट्रो कोच, ऐसी 27 ट्रेनें आनी हैं



सुभाष नगर डिपो में मेट्रो कोच की अनलोडिंग

**ऑरेंज लाइन पर होगा ट्रायल:** एम्स से सुभाष नगर तक 6.22 किमी ऑरेंज लाइन पर यह कोच दौड़ेंगे। ट्रायल रन साढ़े तीन किमी सुभाष नगर डिपो से रानी कमलापति स्टेशन के बीच ही होगा। प्रायोरिटी कॉरिडोर में आठ स्टेशन हैं। इनमें एम्स, अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस, रानी कमलापति स्टेशन, सरगम टॉकीज, डीबी मॉल, केंद्रीय स्कूल और सुभाष नगर स्टेशन शामिल हैं।

**ट्रायल रन के बाद सेफ्टी ट्रायल:** ट्रायल रन के बाद दिल्ली से टीम आएगी, जो सेफ्टी ट्रायल एवं अन्य गतिविधियां करेगी। इसके बाद अगले वर्ष मई-जून 2024 में कमर्शियल/ पैसेंजर ऑपरेशन का संचालन किया जाएगा। मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि प्रायोरिटी कॉरिडोर में ट्रायल रन के लिए काम तेजी से चल रहा है। 22 से 25 सितंबर तक ट्रायल रन हो सकता है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 64 | दैनिक जागरण | भोपाल | 18.09.2023 | 03 | भोपाल को मिली मेट्रो, दर रात सुभाष नगर डिपो पहुंचे कोच, 25 के बाद काभी भी ट्रायल | Neutral |


विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अख़बार

# दैनिक जागरण

▸ वर्ष 66 ▸ अंक 355 ▸ पृष्ठ 12+4=16

▸ भोपाल, मंगलवार 19 सितम्बर 2023

▸ भाद्रपद शुक्ल पक्ष 4, विक्रम संवत 2080

▸ महानगर ▸ मूल्य 5 रुपए


## मेट्रो का शुभ आगमन

**सीएम ने ट्वीट कर दी बधाई**



**मॉडल कोच उद्घाटन के 23 दिन में पहुंची भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 26 अगस्त को स्मार्ट सिटी पार्क में मेट्रो मॉडल कोच का उद्घाटन एवं अनावरण किया था। उसके 5 दिन बाद ही 31 अगस्त को इंदौर में पहली मेट्रो पहुंच गई थी और गणेश चतुर्थी के ठीक एक दिन पहले 18 सितंबर को राजधानी भोपाल में भी पहली मेट्रो पहुंच गई है।

भोपाल। गुजरात के सांवली, बड़ोदरा से करीब 850 किमी की दूरी तय कर मेट्रो के 3 कोच रविवार देर रात भोपाल आ गए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट के जरिए भोपाल के लोगों को पहली मेट्रो के लिए बधाई दी। 74 पहियों के ट्रॉले से कोच शहरी हिस्सों से होते हुए सुभाष नगर डिपो लाए गए। टेस्टिंग के बाद ट्रायल की डेट तय होगी। माना जा रहा कि गणेशोत्सव के दौरान ही 22 से 25 सितंबर के बीच ट्रायल किया जा सकता है। मेट्रो के ट्रायल रन के बाद दिल्ली से टीम आएगी, जो सेफ्टी ट्रायल एवं अन्य गतिविधियों की जांच करेगी। इसके बाद अगले वर्ष मई-जून 2024 में पैसेंजर के लिए यह चलना शुरू कर देगी।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 65 | दैनिक जागरण | भोपाल | 19.09.2023 | 03 | राजधानी में मेट्रो ऑन ट्रैक: पांच स्टेशन के बीच गणेशोत्सव के दौरान ही होगा ट्रायल | Neutral |

दैनिक जागरण
भोपाल, 19 सितंबर 2023



# राजधानी में मेट्रो ऑन ट्रैक : पांच स्टेशन के बीच गणेशोत्सव के दौरान ही होगा ट्रायल

## मेट्रो सिटी की ओर बढ़ते भोपाल के कदम, अभी 26 और मेट्रो ट्रेनें आना बाकी

जागरण प्रतिनिधि, भोपाल। मेट्रो ट्रेन सोमवार को सुभाष नगर डिपो पहुंच गई। इसके साथ ही भोपाल मेट्रो सिटी की श्रेणी में शामिल होने जा रहा है। सोमवार सुबह तीन कोच को अनलोड करने से पहले निदेशक शोभित टंडन ने इनकी पूजा-अर्चना की। मेट्रो के अधिकारियों द्वारा मेट्रो कोच का सुभाष नगर डिपो में स्वागत किया गया।पहली मेट्रो ट्रेन के सभी तीन कोच को उन्नत और अत्याधुनिक वैज्ञानिक प्रक्रिया से क्रेन की मदद से सुभाष नगर डिपो में रविवार रात अनलोड-वे पर उतारा गया। भोपाल में ऐसी 26 और ट्रेन आना प्रस्तावित है। जैसे-जैसे कॉरिडोर तैयार होता जाएगा ट्रेनें भोपाल आएंगी। मेट्रो के आने के बाद अब जल्द ही इसके ट्रॉयल रन की तारीख निर्धारित कर दी जाएगी। गणेशोत्सव के दौरान ही पांच स्टेशनों के बीच ट्रायल रन हो सकता है। प्रायोरिटी कॉरिडोर में कुल आठ स्टेशन हैं। इनमें एम्स हॉस्पिटल, अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस, रानी कमलापति स्टेशन, सरगम टॉकीज, डीबी मॉल, केंद्रीय स्कूल और सुभाष नगर स्टेशन शामिल हैं। ट्रायल रन करीब साढ़े तीन किलोमीटर में सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन तक किया जाएगा। ट्रायल से पहले मेट्रो स्टेशनों और डिपो पर लगे लोडिंग-अनलोडिंग-वे, इन्स्पेक्शन-वे, सब-स्टेशन, ट्रैक्शन एवं रिसीविंग सब-स्टेशन, टेस्ट ट्रैक, थर्ड रेल, ऐडमिन बिल्डिंग, इत्यादि कार्य भी तेजी से चल रहे हैं।



सुभाष फाटक के पास स्थित मेट्रो के डिपो में कर्मचारियों ने दो क्रेन की मदद से कोच को ट्राले से उतारा।



अधिकारियों ने पूजा-अर्चना कर मेट्रो कोच को अनलोड किया।

### एम्स तक तेजी से बढ़ाया जाएगा काम

भोपाल मेट्रो प्राइऑरटी कॉरिडर के अंतर्गत ट्रायल रन के लिए सभी कार्य तेज गति से चल रहे हैं, जिसमे सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक इसी माह में ट्रायल होना है। इसके बाद इसे एम्स स्टेशन तक बढ़ाया जाएगा। इसके लिए स्टील ब्रिज, वायाडक्ट एवं स्टेशन पर अन्य कार्य भी साथ-साथ चल रहे है।

### थर्ड रेल से मेट्रो को होगी बिजली सप्लाई

पटरी के साथ थर्ड रेल जो ट्रेन को चलाने बिजली सप्लाई करेगी उसके लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। स्टेशन के सिविल तथा सिस्टम के कार्य भी तेजी से चल रहे हैं। जिसमें एस्कलेटर, लिफ्टस, स्टेर्स, ट्रैक, शेड, एंट्री-अगसिट, फुटओवर ब्रिज, फिनीशिंग के कार्य जल्द ही पूर्ण कर,बाहरी सौंदरीयकर्ण का कार्य किया जाएगा।

### ऐसी रहेगी हमारी मेट्रो

- मेट्रो ट्रेन के प्रत्येक कोच की 22 मीटर लंबाई तथा 2.9 मीटर चौड़ाई है।
- मेट्रो के एक डब्बे में लगभग 50 लोगों के बैठने और 300 लोगों के खड़े रहने की क्षमता होगी।
- आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से मेट्रो की सेफ्टी तय करने तथा ऊर्जा संरक्षण में काफी फायदा होगा।
- कोच के अंदर 6 इंटरनल कैमरे लगे हैं, जो किसी भी इमरजेंसी या अन्य कारणों के लिए हैं। साथ ही साथ रेल के दोनों इमरजेंसी डोर पर भी कैमरे हैं।
- लाइटिंग के लिये मेट्रो रेल सेवा में अत्याधुनिक प्रणाली इस्तेमाल में लाई जा रही है। इसके तहत रेल की लाइटिंग लेवल प्राकृतिक रोशनी के हिसाब से बदलती जाएगी।
- मेट्रो की खिड़कियों पर अल्ट्रा वॉयलेट किरणों को रोकने की फिल्म रहेगी।
- अत्याधुनिक एयर कंडीशनिंग सिस्टम लगेगा, जिसकी एयर कूलिंग पैसेंजर के लोड के हिसाब से बदलती रहेगी। इसमें रोगाणु नियंत्रण की सुविधा है।
- हर कोच में इसके 4 पैसेंजर इमरजेंसी कम्युनिकेशन यूनिट लगे रहेंगे, जिसकी सहायता से किसी भी आपातकालीन स्थिति में यात्रियों की चालक से बात हो सके। *

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 66 | हरि भूमि | भोपाल | 19.09.2023 | 01 | गणेश उत्सव के दौरान शुरू हो यकता है ट्रायल रन | Neutral |


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार, 19 सितंबर 2023



गणेश चतुर्थी की मंगलकामनाएं




## भोपाल में पटरी पर मेट्रो ट्रेन

# गणेश उत्सव के दौरान शुरू हो सकता है ट्रायल रन



कुल 27 कोच आएंगे, इनमें से 3 भोपाल पहुंचे

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दी भोपाल एवं प्रदेशवासियों को मेट्रो ट्रेन आने की बधाई

हरिभूमि न्यूज भोपाल

इंदौर के बाद अब भोपाल में भी मेट्रो ट्रेन के कोच पटरी पर उतर चुकी है। सोमवार को गणेश चतुर्थी से एक दिन पहले भोपाल मेट्रो की पहली झलक सामने आ गई। बताया जा रहा है कि इस दस दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान ट्रायल रन हो सकता है। सोमवार सुबह तीन कोच को अनलोड करने से पहले कलेक्टर शोभित टंडन ने पूजा-अर्चना की।

यहां मौजूद कर्मचारियों ने ताली बजाकर कोच को ट्राले से उतारने का काम शुरू किया। इसके बाद दो बड़ी क्रेन के सहारे एक-एक कोच को डिपो में ट्राले से उतारा गया। गुजरात के सावली, वड़ोदरा से करीब 850 किमी की दूरी तय करके मेट्रो के 3 कोच रविवार देर रात भोपाल आ गए थे।


पढ़ें पेज 03 भी




| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 67 | हरि भूमि | भोपाल | 19.09.2023 | 01 | गणेश चतुर्थी से एक दिन पहले सुभाष नगर डिपो में सामने आई भोपाल मेट्रो की पहली झलक | Positive |



हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 19 सितंबर 2023

## गणेश उत्सव के दौरान ट्रायल रन की पूरी तैयारी

### मेट्रो यात्री ध्यान दें... सुभाष नगर स्टेशन पर आपका स्वागत है...!

# गणेश चतुर्थी से एक दिन पहले सुभाष नगर डिपो में सामने आई भोपाल मेट्रो की पहली झलक

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ भोपाल

### तीन कोच ट्राले से उतारकर 10 बजकर 52 मिनट पर ट्रैक पर रखा कदम

मध्य प्रदेश मेट्रो कंपनी द्वारा तेज गति से किए गए निर्माण कार्य के कारण समय पर भोपाल की मेट्रो ट्रेन ट्रैक पर आ गई। सोमवार को सुबह सही समय पर 10 बजे तीन बोगी की एक ट्रेन ने ट्रायल में सुभाष नगर स्टेशन के नीचे डिपो में प्रवेश किया और 10 बजकर 52 मिनट पर पहले कोच को क्रेन के माध्यम से ट्रैक पर उतार दिया गया।

ट्रैक पर रखने के बाद से रैंप तक ले जाया गया, जहां तीनों बोगी को ट्रैक पर उतारने के बाद जोड़ दिया गया। अब इसे एक दो दिन में ट्रायल के लिए हरी झंडी दी जाएगी। मेट्रो कंपनी अधिकारियों के अनुसार संभवतः दस दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान ट्रायल रन हो जाएगा। सोमवार सुबह तीन कोच को अनलोड करने से पहले डायरेक्टर शोभित टंडन ने इसकी पूजा-अर्चना की। वहां मौजूद कर्मचारियों ने ताली बजाकर कोच को ट्राले से उतारने का काम शुरू किया। इसके बाद दो बड़ी क्रेन के सहारे एक-एक कोच को डिपो में ट्राली से उतारा गया।





### गुजरात से 8 दिन पहले भोपाल आ गए कोच

कंपनी के अधिकारियों के अनुसार कोच गुजरात से 8 दिन पहले भोपाल पहुंचे हैं। रविवार रात में कोच स्टेशन तक आ गए थे। देर रात इन्हें सुभाष नगर डिपो तक लाया गया। कोच पहुंचने से पहले ही सुभाष नगर डिपो में असेंबलिंग से जुड़ी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। मेट्रो कॉर्पोरेशन की पूरी टीम इस काम में जुटी रही।

### हर कोच की इतनी लंबाई-चौड़ाई

हर कोच की चौड़ाई 2.9 मीटर और लंबाई 22 मीटर है। सोमवार सुबह 10 बजे कोच की पूजा-अर्चना कर ट्रैक पर लाया गया। डिपो 60 एकड़ जमीन पर बन रहा है। यहीं से मेट्रो ट्रेनों का संचालन होगा। ट्रेनों का मेंटेनेंस भी यहीं पर होगा।

### इसी माह को सकता है ट्रायल, टेस्टिंग बाकी

गुजरात के सावली वडोदरा से करीब 850 किलोमीटर की दूरी तय करके मेट्रो के 3 कोच रविवार देर रात भोपाल आ गए थे। 74 पहियों के ट्राले में 64 इंजन और 32 पहिए हैं। इस ट्रेन से कोच [illegible] सुभाष नगर डिपो लाए गए। टेस्टिंग के बाद ट्रायल की डेट तय होगी। 22 से 25 सितंबर के बीच ट्रायल किया जा सकता है।

### मेट्रो ऑन ट्रैक

- अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा अनुरूप सितंबर में ट्रायल रन तय किया गया और उसी में सफलता मिल गई।
- भोपाल की पहली मेट्रो ट्रेन पहुंचने के साथ ही अब राजधानी भोपाल मेट्रो सिटी की श्रेणी में शामिल होने जा रहा है।
- मुख्यमंत्री के द्वारा स्मार्ट सिटी पार्क में पिछले माह ही भोपाल में मेट्रो मॉडल कोच का उद्घाटन एवं अनावरण किया गया था।

### मुख्यमंत्री ने बधाई दी

- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने ट्वीट के जरिए भोपाल एवं प्रदेश वासियों को पहली मेट्रो के लिए बधाई दी।
- इसी माह मेट्रो का ट्रायल होना है, उससे पहले सैकड़ों ट्रायल एवं अन्य गतिविधियां की जाएंगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 68 | प्रदेश टूडे | भोपाल | 19.09.2023 | 03 | भोपाल मेट्रो पटरी पर डायरेक्टर ने पूजा कर फोड़ा नारियल | Neutral |


गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं

पूरा सच, बेहिचक

# प्रदेश टुडे

गणपति बप्पा मोरया...

वर्षः 13, अंकः 262, कुल पृष्ठः 12, इंदौर, मंगलवार, 19 सितंबर 2023 मूल्यः ₹2.00







## भोपाल मेट्रो पटरी पर डायरेक्टर ने पूजा कर फोड़ा नारियल

प्रदेश टुडे, भोपाल। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार मेट्रो का भोपाल में श्री गणेश हो गया। सोमवार सुबह सुभाष नगर फाटक के पास इसके तीन कोच को पटरी पर उतारा गया। इस दौरान करीब 50 मीटर तक कोच को आगे-पीछे चलाकर भी देखा गया। इससे पहले मेट्रो रेल कारपोरेशन के डायरेक्टर शोभित टंडन ने पूजा पाठ की और नारियल फोड़ कर पूजन किया। अब इन कोचों की तकनीकी तरीके से जांच की जाएगी और उसके बाद ही सेफ्टी ट्रायल किया जाएगा।

**एमडी मनीष सिंह की अहम भूमिका**



भोपाल और इंदौर मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। इसमें मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनीष सिंह की अहम भूमिका मानी जा रही है। मनीष सिंह ने पिछले साल नवंबर में मेट्रो के एमडी का पदभार ग्रहण किया था। तब से मेट्रो के काम में और तेजी आई है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 69 | The HITWAD | Bhopal | 19.09.2023 | 03 | First lot of Metro coaches, engine finally reach state capital, unloaded at Subhash Nagar Depot | Neutral |

TheHitavada
Bhopal City Line | 2023-09-19 | Page- 3
ehitavada.com

# First lot of Metro coaches, engine finally reach State Capital; unloaded at Subhash Nagar Depot





The first metro train of Bhopal arrived at the Subhash Nagar depot on Monday were unloaded with the help of cranes. (Right) The metro train with three coaches was welcomed by the metro staff upon arrival.

■ Staff Reporter

MUCH awaited coaches of the Metro train finally reached the State Capital on Monday.

Three new coaches and an engine, were unloaded at 10:42 am at Subhash Nagar depot by following a religious ritual by Director Shobhit Tandon. The date of trial will be decided after testing. The trial is likely to be conducted between September 22 and 25. The trial run will be done between Subhash Nagar metro depot and Rani Kamlapati railway station to cover a distance.

With a help of crane the rolling stocks were unloaded along with a huge team of metro officials is involved in the unloading process.

The length of each coach is 2.9 metres and width is 22 metres.

MPMETRO

METRO NEWS

20th SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 70 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 20.09.2023 | 03 | मेट्रो ऑन ट्रैक असें<br>किमी टेस्टिंग ट्रैक पर पहला इम्तेहान | Neutral |

People Samachar





# मेट्रो ऑन ट्रैक

## असेंबल हुई मेट्रो, डिपो में बने दो किमी टेस्टिंग ट्रैक पर पहला इम्तेहान

भोपाल। मेट्रो ट्रेन डिपो में बने दो किमी लंबे टेस्टिंग ट्रैक पर पहली परीक्षा देने को तैयार है। सुभाष नगर डिपो में अनलोडिंग-बे पर ट्रॉले से उतरने के बाद मेट्रो के तीनों कोच इंसपेक्शन-बे लाइन पर पहुंचा दिए गए हैं। यहां डिब्बों को कपलिंग कर मेट्रो एसेंबल की जा चुकी है। इक्विपमेंट असेंबलिंग, चार्जिंग के बाद ट्रेन को डिपो में बने टेस्टिंग ट्रैक पर दौड़ाकर प्री-टेस्टिंग की जाएगी। इसके बाद मेन ट्रैक पर सेफ्टी ट्रायल के लिए शिफ्ट किया जाएगा। ट्रायल में सफल होने के बाद मेट्रो का ट्रायल रन किया जाएगा।

**90** किमी/घंटे है अधिकतम रफ्तार

**80** किमी/घंटे की स्पीड से ट्रैक पर दौड़ेगी

### 15 दिन का काम एक हफ्ते में

मेट्रो बनाने वाली कंपनी के मुताबिक, कोच असेंबलिंग के साथ इक्विपमेंट की वायरिंग, कनेक्टिविटी आदि में 15 दिन लगता है। 25 सितंबर के बाद ट्रायल रन होना है। लिहाजा पूरा काम एक हफ्ते में करने की तैयारी है।

### यूटीओ मोड पर डिजाइन है मेट्रो

भोपाल मेट्रो अन अटेंडेंट ऑपरेशन (यूटीओ) मोड पर डिजाइन की गई है, जो भविष्य की मेट्रो है। यह ड्राइवर लेस होगी। हालांकि वर्तमान में मेट्रो में ड्राइवर रहेगा, लेकिन भविष्य में बिना ड्राइवर के भी चलाया जा सकेगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 71 | नव दुनिया | भोपाल | 20.09.2023 | 02 | मेट्रो की असें -टेस्टिंग, फिर होगा ट्रायल रन | Neutral |



# मेट्रो की असेंबलिंग के बाद होगी प्री-टेस्टिंग, फिर होगा ट्रायल रन



मेट्रो के तीनों कोच को मंगलवार को आपस में जोड़ा गया, अब इसकी असेंबलिंग के बाद चार्जिंग होगी। • नवदुनिया

**भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** राजधानी में मेट्रो अपने ट्रैक पर पहुंच गई है। मंगलवार को इसके तीनों कोच को जोड़ा गया है। अब इसको असेंबलिंग के बाद चार्जिंग होगी। इसके बाद इसे वायडक्ट पर लाया जाएगा। जहां प्री-टेस्टिंग के लिए मेट्रो को वायडक्ट पर दौड़ाया जाएगा। इसके बाद सुरक्षा से संबंधित उपकरणों का परीक्षण करने के बाद ट्रायन रन होगा।

बता दें कि सुभाष नगर डिपो में अनलोडिंग-बे पर ट्राले से उतरने के बाद मेट्रो के तीनों कोच इंसपेक्शन-बे लाइन पर पहुंच चुके हैं। यहां कोच को कपलिंक कर मेट्रो कोच असेंबल किए जा चुके हैं। अब इक्यूपमेंट (उपकरण) असेंबलिंग और चार्जिंग के बाद ट्रेन को डिपो में बने करीब दो किमी लंबे टेस्टिंग ट्रैक पर दौड़ाकर प्री-टेस्टिंग की जाएगी।

- ट्रैक पर पहुंचे कोच, साफ्टवेयर इंस्टालेशन 15 का होगा काम

ये टेस्ट पास करने के बाद मेट्रो को मेन ट्रैक पर सेफ्टी ट्रायल के लिए शिफ्ट किया जाएगा। ट्रायल में सफल होने के बाद मेट्रो का ट्रायल रन किया जाएगा।

## एक सप्ताह का काम बाकी

मेट्रो ट्रेन की असेंबलिंग के साथ एसी, सीसीटीवी, हेड लाइट, एग्जिट और इमरजेंसी गेट समेत अन्य कार्य किए जाने हैं। इसमें हर एक उपकरण की वायरिंग और कनेक्टिविटी सहित साफ्टवेयर इंस्टालेशन में कम से कम 15 दिन का समय लगता है, लेकिन 25 सितंबर के बाद होने वाले ट्रायल रन के मद्देनजर मेट्रो के पास इतना समय नहीं है। ऐसे में निर्धारित अवधि में मेट्रो का काम पूरा करने के लिए दो शिफ्ट में काम किया जाएगा। जिससे यह काम पांच से छह दिन में पूरा कर लिया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 72 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 20.09.2023 | 03 | अगले हफ्ते जमीन के ऊपर मेट्रो दौड़ने की तैयारी, देख सकें | Neutral |

www.rajexpress.co
राज एक्सप्रेस
3 महानगर
सूर्यास्त (बुधवार): 06:19 सूर्योदय (गुरुवार): 06:08
तापमान अधिकतम 32.8° न्यूनतम 22.4°
भोपाल बुधवार, 20 सितंबर 2023

# अगले हफ्ते जमीन के ऊपर मेट्रो दौड़ाने की तैयारी, देख सकेंगे लोग




भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

मेट्रो के तीनों कोच जुड़ गए हैं। अब रेल को सुभाष नगर डिपो में बने इंस्पेक्शन-बे पर ले जाया गया है। मेट्रो को ट्रायल सेफ्टी रन के लिए तैयार करने में सामान्य तौर से 15 दिन का समय लगता है, लेकिन सितंबर की डेडलाइन होने की वजह से इतने दिन नहीं रुका जा सकता है। ऐसे में डबल शिफ्ट में काम चल रहा है। डिपो में बने ट्रायल ट्रेक पर पांच दिन में ही इसे चलाकर टेस्टिंग कर ली जाएगी। फिर अगले हफ्ते की शुरुआत में जमीन के ऊपर (एलिवेटेड रूट) वाली पटरियों पर इसे दौड़ाया जाएगा। इस दौरान लोग मेट्रो चलती हुई देख सकेंगे। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि इंस्पेक्शन-बे में लाने के बाद चार्जिंग, एसी, ऑटोमैटिक गेट, डिजिटल डिस्प्ले सिस्टम समेत अन्य की वायरिंग जोड़ी जाएगी। यह सभी काम पूरे होने के बाद डिपो के अंदर ही बने ट्रायल ट्रेक पर मेट्रो रेल की टेस्टिंग की जाएगी। यह सफल होने पर वायाडक्ट यानि जमीन से काफी ऊंचाई पर स्थित ट्रेक पर रेल ले जाएंगे। यहां भी सेफ्टी ट्रायल रन किया जाएगा।

## एक-दो दिन के अंतर से होगा भोपाल, इंदौर में ट्रायल रन शुरू

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सितंबर में भोपाल और इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन करने की डेडलाइन तय की थी। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन इस लक्ष्य को हासिल करने के करीब पहुंच गया है। इंदौर में कुछ दिन पहले ट्रेक पर सेफ्टी ट्रायल रन किया जा चुका है। अब ट्रायल रन की शुरुआत होना है। मुख्यमंत्री के हाथों यह कराया जाएगा। बताया जा रहा है इंदौर में यह कार्यक्रम होने के एक-दो दिन बाद भोपाल में ट्रायल रन का सिलसिला शुरू किया जा सकता है। यह भी मुख्यमंत्री ही करेंगे। रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर के बीच करीब चार किमी हिस्से में ट्रायल रन किया जाएगा। इस दौरान स्टेशन, एस्केलेटर्स, लिफ्ट, सिग्नलिंग, इलेक्ट्रिकल उपकरण व सप्लाई, आपात स्थिति समेत सुरक्षा के इंतजामों की भी जांच की जाएगी। छह से सात महीने बाद ट्रायल रन चलने की संभावना है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 73 | पत्रिका | भोपाल | 20.09.2023 | 04 | ऑरेंज | Neutral |



माय सिटी
MY CITY
04
पत्रिका
भोपाल, बुधवार, 20 सितंबर 2023

मेट्रो के कोच को आपस में जोड़ा

# ऑरेंज कोच को ग्रीन सिग्नल का इंतजार

**भोपाल.** भोपाल मेट्रो के तीनों कोच गणेश चतुर्थी के दिन आपस में जोड़ दिए गए। तीनों कोच को इंस्पेक्शन लाइन पर खड़ा करके जोड़ा गया। यहां पर बैटरी के साथ ही वायरिंग, कनेक्शन, एसी समेत ऑटोमैटिक ऑपरेटेड डोर का काम किया गया। मेट्रो के पहले रैक का सेफ्टी ट्रायल सुभाष डिपो के अंदर बने करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे ट्रैक पर होगा। अगले रविवार- सोमवार को सुभाष डिपो में ट्रायल की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मेट्रो स्टेशन पर सेफ्टी ट्रायल शुरू किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इंदौर मेट्रो के ट्रायल के बाद भोपाल मेट्रो का ट्रायल होगा।

22 मीटर कोच की लंबाई

2.9 मीटर कोच की चौड़ाई

50 यात्रियों की सिटिंग क्षमता

200 यात्रियों की स्टैंडिंग क्षमता

04 किमी लंबाई का प्रियोरिटी कॉरिडोर अभी तैयार

5-6 दिन में मेट्रो के सभी पार्ट को असेंबल कर दिया जाएगा।

2.2 किमी ट्रायल रन रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष डिपो के बीच किया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 74 | Free Press | Bhopal | 20.09.2023 | 10 | WORK TO ASSEMBLE METRO COACHES BEGINS | Neutral |


BHOPAL CITY

INDORE / BHOPAL | WEDNESDAY | SEPTEMBER 20, 2023 www.freepressjournal.in


# WORK TO ASSEMBLE METRO COACHES BEGINS



## Work to be completed in five days, safety trial run likely on Monday


OUR STAFF REPORTER

city.bhopal@fpj.co.in


The assembling work of three metro coaches comprising the engine commenced at the Subhash Nagar metro depot on Tuesday. Normally, 15 to 20 days for completing the assembling of the metro coaches but Madhya Pradesh Metro Corporation Limited (MPMRCL) is racing against time for the trial.

Hence, the metro train manufacturing company ALSTOM officials are working day and night to assemble metro coaches by the deadline.

"Assembling work of Metro coaches has started. This includes coupling work, connecting the electrical wires, pressure pipe of brakes etc," said MPMRCL Director System Shobit Tandon.

The sources in MPMRCL told Free Press that many checks will be done after the assembling work and even a testing of the metro will be done inside the Subhash Nagar depot. Thereafter further testing will be needed including the viaduct testing trial.

"Normally ten to fifteen days are needed for assembling of Metro coaches but relentless efforts are being made by ALSTOM company to complete the assembling of metro coaches within five days. The employees of ALSTOM Company are working day and night," said another officer of MPMRCL.

ALSTOM Company will also conduct the safety trial run and then it will hand over the metro train to MPMRCL, said the officer. If all goes well then by next Monday, a safety trial run of Metro could be carried out. It would be after all the safety check ups and trials that the time will be sought from Chief Minister Shivraj Singh Chouhan for inauguration of Metro Train Trial. As 4far as connecting the electric wires is concerned then it is a complicated work as there is a set of 1500 to 2000 wires which need to be connected properly.

The senior officers of Metro Corporation are keeping a close watch on the assembling work of metro coaches and other necessary preparations needed for the trial run.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 75 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 20.09.2023 | 03 | मेट्रो ट्रायल के लिए 25 इंजीनियर्स करें शिफ्ट, 15 दिन का काम 6 दिन में करेंगे पूरा | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 20-09-2023 Pg-03

तीनों कोच आपस में जोड़े गए, 24 घंटे तक चार्ज की जाएंगी बैटरियां

# मेट्रो ट्रायल के लिए 25 इंजीनियर्स करेंगे डबल शिफ्ट, 15 दिन का काम 6 दिन में करेंगे पूरा



मंगलवार को भोपाल मेट्रो के तीनों कोच को आपस में जोड़ दिया गया। जल्द ही इसका ट्रायल होगा।

इंफ्रास्ट्रक्चर रिपोर्टर | भोपाल

भोपाल मेट्रो के तीनों कोच को आपस में मंगलवार को जोड़ दिया गया है। इसे कपलिंग कहा जाता है। अब इस ट्रेन में लगी बैटरियां करीब 24 घंटे तक चार्ज की जाएंगी। इसके बाद एयरकंडीशन, अनाउंसमेंट सिस्टम, कैमरा, लाइटिंग, ऑटोमेटिक डोर, एलईडी पैनल्स और ऑपरेटर सिस्टम से जुड़ी हजारों वायर को आपस में जोड़ा जाएगा। क्योंकि इन्हीं वायर्स की मदद से ट्रेन के आखिरी कोच तक करंट पहुंचाया जाएगा।

## 5.5 किमी के ट्रैक पर होगा ट्रायल रन

एमडी मेट्रो रेल कंपनी मनीष सिंह ने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में तकरीबन 15 दिन का वक्त लगता है, लेकिन मेट्रो कंपनी इसे डबल शिफ्ट में 5-6 दिन में पूरा करवा रही है। यानी इसके लिए अगले 6 दिनों तक करीब 25 इंजीनियर्स दिन-रात काम करेंगे। इंदौर मेट्रो को भी टेस्टिंग ट्रैक तक पहुंचने में इतना ही वक्त लगा था। करीब दो किमी लंबे टेस्टिंग ट्रैक पर मेट्रो ट्रेन को अलग-अलग रफ्तार से दौड़ाया जाएगा। ये रफ्तार 2 किमी प्रतिघंटा से लेकर 25 किमी प्रतिघंटा तक हो सकती है। इसके बाद ही इसे ट्रायल रन के लिए तैयार माना जाएगा। ट्रायल रन सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन के बीच करीब 5.5 किमी के ट्रैक पर किया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 76 | हरि भूमि | भोपाल | 20.09.2023 | 1 | ट्रैक पर आने के बाद मेट्रो की टेस्टिंग हुई शुरू, चार दिन के बाद होगा ट्रायल रन | Neutral |

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 20 सितंबर 2023

## टेस्टिंग के बाद वायडक्ट पर पहुंचेगी मेट्रो

सीएम करेंगे ट्रायल रन की शुरुआत

# ट्रैक पर आने के बाद मेट्रो की टेस्टिंग हुई शुरू, चार दिन के बाद होगा ट्रायल रन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो के ट्रैक पर आने के बाद अब उसकी टेस्टिंग शुरू हो गई है। बोगी के अंदर की सभी प्रकार की टेस्टिंग पूरी होने के बाद ही मेट्रो को इसी हफ्ते वायडक्ट पर ले जाया जाएगा, जहां ट्रायल रन की शुरुआत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे।

गुजरात के सांवली वडोदरा से आए 3 कोच के सुभाष नगर डिपो में उतारने के बाद से ही इनकी टेस्टिंग का काम लगातार चल रहा है। ट्रैक पर टेस्टिंग के दौरान शहर के कई लोग मेट्रो को देखने के लिए भी पहुंच रहे हैं। कोच के इंटीरियल टेस्टिंग सहित ज्यादातर काम पूरे हो चुके हैं। शेष बचे काम सुभाषनगर डिपो में दिन-रात चल रहे हैं।



**ट्रैक पर भी होगा सेफ्टी ट्रायल रन:** टेस्टिंग और अन्य कार्यों के होने के बाद पहले डिपो के अंदर ट्रायल होगा। फिर ट्रैक पर सेफ्टी ट्रायल रन करेंगे।

### 50 पैसेंजर बैठ सकेंगे, 300 खड़े हो सकेंगे

मेट्रो ट्रेन के प्रत्येक कोच की 22 मीटर लंबाई और 2.9 मीटर चौड़ाई है। मेट्रो के एक कोच में करीब 50 पैसेंजर बैठ सकते हैं, जबकि 300 पैसेंजर के खड़े रहने की क्षमता है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 77 | दैनिक जागरण | भोपाल | 20.09.2023 | 02 | भोपाल मेट्रो का फर्स्ट लुक, छह दिन बाद ट्रायल | Neutral |



झलक | पांच दिन में करना होगा बचा हुआ 15 दिन का काम, मेट्रो कर्मचारी दिन रात कर रहे मेहनत

# भोपाल मेट्रो का फर्स्ट लुक, छह दिन बाद ट्रायल

**शहर संवाददाता, भोपाल।** मंगलवार को पहली बार भोपाल मेट्रो की पूरी झलक नजर आई। ऑरेंज कलर की मेट्रो सूरज की तेज किरणों में देखते ही बन रही थी। दरअसल वडोदरा से मेट्रो के तीनों कोच के आने के बाद सुभाष नगर डिपो में इन्सपेक्शन-बे पर कपलिंग कर मेट्रो के तीनों कोच को असेंबल कर मेट्रो ट्रेन में तब्दील कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार वर्तमान में सेफ्टी ट्रायल रन के पहले लगभग 15 दिन का काम बचा हुआ है, जिसे पांच दिन में पूरा करने के लिए टारगेट तय किया गया है। ऐसे में सभी अधिकारी और कर्मचारी दिन रात मेहनत कर पूरे काम को पांच दिन में करेंगे, जिससे छह दिन बाद इसका प्री टेस्टिंग ट्रायल किया जा सके।

## इन कामों को निपटाने की चुनौती

दो किमी लंबे ट्रैक पर प्री टेस्टिंग ट्रायल करने से पहले एलाइनमेंट एसेंबलिंग और चार्जिंग का काम किया जाएगा। सेफ्टी ट्रायल टेस्ट पास करने के बाद मेन ट्रैक पर शिफ्ट किया जाएगा। जहां लगभग तीन माह तक इसका ट्रायल किया जाएगा।



## दो शिफ्ट में किया जा रहा है काम

मेट्रो ट्रेन कोच असेंबलिंग के बाद इसमें लगे उपकरणों की वायरिंग और कनेक्टिविटी के बाद जरूरी सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करने में 15 दिन का वक्त लगता है, लेकिन 25 सितंबर के बाद होने वाले ट्रायल रन को देखकर अधिकारियों को यह पूरा काम पांच दिन में निपटाना होगा और इसके लिए दो शिफ्ट में काम किया जा रहा है।

MPMETRO

METRO NEWS

21th SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 78 | राज एक्स्प्रेस | भोपाल | 21.09.2023 | 03 | मेट्रो: 30 सितंबर को इंदौर मे होगी ट्रायल रन की शुरुआत, दो दिन बाद गांधी जयंती पर भोपाल मे | Neutral |

www.rajexpress.co
राज एक्सप्रेस
3 महानगर
सूर्यास्त (गुरुवार): 06:18 सूर्योदय (शुक्रवार): 06:09
तापमान अधिकतम 34.3° न्यूनतम 23.4°
भोपाल गुरुवार, 21 सितंबर 2023

# मेट्रो: 30 सितंबर को इंदौर में होगी ट्रायल रन की शुरुआत, दो दिन बाद गांधी जयंती पर भोपाल में




भोपाल ▪ राज न्यूज नेटवर्क

भोपाल और इंदौर में मेट्रो के ट्रायल रन की आधिकारिक शुरुआत की तारीख आखिर तय हो गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इंदौर में 30 सितंबर को हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ करेंगे। इसके दो दिन बाद यानि गांधी जयंती पर राजधानी में मेट्रो को पटरी पर चलाने का ट्रायल शुरू होगा। बताया जा रहा है कि इस दौरान मुख्यमंत्री मेट्रो में सफर भी कर सकते हैं। इंदौर में मेट्रो प्रोजेक्ट थोड़ा आगे चल रहा है। वहां कोच पिछले महीने आ गए थे और सेफ्टी ट्रायल रन भी किया जा चुका है। राजधानी में दो दिन पहले ही सुभाष नगर डिपो में तीन कोच अनलोड हुए हैं। इनको जोड़कर (कपलिंग) इंस्पेक्शन के बाद से जा चुके हैं। यहां चार्जिंग व वायरिंग का काम चल रहा है। मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने पांच-छह दिन में मेट्रो का सेफ्टी ट्रायल रन करने के निर्देश दिए हैं। इस टारगेट को हासिल करने के लिए डिपो के साथ ही स्टेशनों पर दिन-रात काम चल रहा है। बताया जा रहा है कि अगले हफ्ते डिपो से बाहर निकलकर जमीन से ऊंचाई पर बने ट्रैक पर मेट्रो दौड़कर देखी जा सकती है। इसकी अधिकतम रफ्तार 90 किमी प्रति घंटा होगी।

## मई-जून में कर सकेंगे सफर

दोनों शहरों में मेट्रो के ट्रायल रन का सिलसिला पांच-छह महीने तक चलेगा। फिर कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी इसका निरीक्षण करेंगे। उनकी अनुमति के बाद कॉमर्शियल रन शुरू किया जाएगा। यानि आम आदमी मेट्रो में सफर कर सकेगा। कॉर्पोरेशन के अधिकारी इसके लिए मई-जून का टारगेट लेकर चल रहे हैं। भोपाल में शुरुआत रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर के बीच होगी।

### किसके पास क्या जिम्मा

- छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित जिंदल स्टील प्रा. लिमिटेड को पटरियां बनाने का कार्य दिया गया है
- पटरियां बिछाने का कार्य एफकॉन्स कंपनी कर रही है
- फ्रांस की अल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया, गुजरात के वडोदरा स्थित प्लांट में कोच का निर्माण कर रही है। भोपाल के लिए तीन कोच की 27 और इंदौर के लिए 25 ट्रेन बनाकर देगी
- भोपाल मेट्रो के लिए बिजली की सप्लाई का पॉवर जनरेटिंग कंपनी करेगी

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 79 | नव भारत | भोपाल | 21.09.2023 | 04 | मेट्रो कोच आपस मे कनेक्ट, टेस्टिंग शुरू | Neutral |



# मेट्रो कोच आपस में कनेक्ट, टेस्टिंग शुरू



भोपाल, 20 सितंबर. राजधानी में मेट्रो कोच आने के बाद अब इनके कनेक्ट और टेस्टिंग की प्रोसेस शुरू हो गई है. सुभाषनगर डिपो में बने इंस्पेक्शन बे लाइन पर सीनियर इंजीनियर्स, टेक्निकल एक्सपर्ट्स, सुपरवाइजर समेत 50 से ज्यादा लोगों की टीम इस काम में लगी है.

गुजरात के सांवली (वडोदरा) से तीन कोच आने के बाद भोपाल मेट्रो के ट्रायल रन की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं. तीनों कोच को आपस में कनेक्ट करने के बाद इनकी मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल के अलावा सॉफ्टवेयर टेस्टिंग भी शुरू कर दी गई है. सुभाषनगर डिपो में तीन शिफ्ट में 24 घंटे काम हो रहा है. मेट्रो रेल के अलावा मेट्रो बनाने वाली एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड के कर्मचारी भी यहां हैं.

### यह काम कर रहे इंजीनियर्स

सुभाषनगर डिपो के स्टेबलिंग-बे पर खड़ी ट्रेन के गाड़ी को जोड़ने का काम चल रहा है. इसके लिए कोच बनाने वाली कंपनी एल्सटॉम के इंजीनियरों की टीम भी भोपाल आई है. एक तरफ जहां ट्रेन के तीनों कोच को जोड़ने का काम चल रहा है. वहीं, अंदर से इंटीरियर का काम भी जोर-शोर से किया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक ट्रैक पर मेट्रो कोच आने के बाद अब टेस्टिंग समेत अन्य प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं. टेस्टिंग और अन्य कार्य में 15 से 20 दिन का समय लगता है, लेकिन इसे जल्दी करेंगे.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 80 | हरि भूमि | भोपाल | 21.09.2023 | 04 | मेट्रो प्रोजेक्ट से 90 हज्जार का लोहा चुराने वाले नाबालिग ओर महिला खरीददार गिरफ्तार | Neutral |



# मेट्रो प्रोजेक्ट से 90 हजार का लोहा चुराने वाले नाबालिग और महिला खरीदार गिरफ्तार

**नाबालिग ने 90 हजार का माल महज 3 हजार में कबाड़ी को बेच दिया था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर पुलिस ने मेट्रो प्रोजेक्ट से 90 हजार रुपए का लोहे का सामान चुराने वाले दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। नाबालिग ने चोरी के बाद 90 हजार रुपए का माल महज 3 हजार रुपए में कबाड़ी को बेच दिया था। पुलिस ने उक्त मामले में महिला कबाड़ी को भी चोरी का माल खरीदने के कारण आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार किया है।



पुलिस के अनुसार अज्ञात चोरों ने मेट्रो प्रोजेक्ट में चल रहे काम के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला लोहा चुरा लिया था। उक्त मामले की शिकायत प्रोजेक्ट में काम करने वाले एहतशाम अली खान (53) निवासी आजाद नगर, झारखंड के द्वारा एमपी नगर पुलिस से की गई थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया। इस बीच पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए मुखबिर तंत्र लगाए थे। मुखबिर से सूचना मिली कि सुभाष नगर फाटक के नीचे दो लड़के खड़े हैं और वह चोरी का माल बेचकर आए हैं। वह आपस में बातचीत कर रहे हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। दोनों ने माल चुराने की बात स्वीकार की। दोनों नाबालिग हैं। उन्होंने पूछताछ में बताया कि चोरी का माल उन्होंने परवीन चन्नी की कबाड़े की दुकान पर तीन हजार रुपए में बेचा है। पुलिस ने परवीन चन्नी की कबाड़े की दुकान से चोरी गया माल बरामद कर लिया है। पुलिस ने परवीन चन्नी (52) निवासी छोटा नेवरा अर्जुन नगर को चोरी का माल खरीदने के लिए आरोपी बनाया है।

MPMETRO

METRO NEWS

22nd SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 81 | दैनिक जागरण | भोपाल | 22.09.2023 | 04 | मेट्रो में चल रहा सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन का काम, इसके बाद होगी प्री टेस्टिंग | Neutral |

भोपाल, 22 सितंबर 2023

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.djmp.in/epaper

**प्रोजेक्ट** | डिपो में ट्रेक पर लाए गए कोच, 50 से ज्यादा लोगों की टीम कर रही काम

## मेट्रो में चल रहा साफ्टवेयर इंस्टॉलेशन का काम, इसके बाद होगी प्री टेस्टिंग

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** भोपाल में मेट्रो ट्रायल रन के लिए काम तेजी से चल रहा है। बुधवार को सुभाषनगर डिपो के अंदर कोच के इंटीरियर का काम चल रहा था, जिसके बाद गुरुवार को कोच फिर से ट्रैक पर लाए गए। जानकारी के मुताबिक डिपो में इंजीनियर्स, टेक्निकल एक्सपर्ट्स, सुपरवाइजर समेत 50 से ज्यादा लोगों की टीम कोच को कनेक्ट करने और टेस्टिंग की प्रोसेस में जुटी हुई है। अभी इसमें साफ्टवेयर इंस्टॉलेशन का काम चल रहा है। इसके बाद डिपो के अंदर ही प्री टेस्टिंग की जाएगी।

### वायडक्ट पर भी होगी टेस्टिंग

मेट्रो के ट्रायल रन से पहले की तैयारियां तेजी की जा रही है। प्री टेस्टिंग के बाद मेट्रो की वायडक्ट पर भी टेस्टिंग होगी। इसके बाद ट्रायल रन की तारीख तय की जाएगी। ट्रायल रूट पर 3 हजार से ज्यादा लोगों की टीम दिन-रात काम कर रही है। तकनीकी काम के लिए बाहर से भी इंजीनियर्स की टीम जुटी हुई है।



### पांच स्टेशनों पर होगा ट्रायल

प्रायोरिटी कॉरिडोर में कुल आठ स्टेशन हैं। इनमें एम्स हॉस्पिटल, अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, सरगम टॉकीज, डीबी मॉल, केंद्रीय स्कूल और सुभाषनगर स्टेशन शामिल हैं। ट्रायल रन करीब साढ़े तीन किलोमीटर में सुभाषनगर स्टेशन से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक किया जाएगा।

### 25 इंजीनियर दिन रात काम में लगे

वैसे तो मेट्रो के कोच आने के बाद ट्रायल रन से पहले की प्रक्रिया में 15 से 20 दिन का समय लगता है, लेकिन मेट्रो कंपनी इसे डबल शिफ्ट में 5-6 दिन में पूरा करवा रही है। इसके लिए अगले 6 दिनों तक करीब 25 इंजीनियर्स दिन-रात काम करेंगे।

### इंदौर का काम पिछड़ा, अब दोनों ट्रायल आसपास ही

इंदौर में मेट्रो 31 अगस्त को ही पहुंच गई थी। बावजूद इसके वहां भी अब तक ट्रायल रन नहीं हो सका है। भोपाल में काम में तेजी आई है, इसलिए उम्मीद जताई जा रही है कि अब इंदौर और भोपाल दोनों जगह मेट्रो के ट्रायल रन आसपास ही होंगे। •

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 82 | पत्रिका | भोपाल | 22.09.2023 | 01 | मेट्रो का ट्रायल 2 अक्टूबर को, केवल इंजीनियर ही होंगे सवार | Neutral |

BHOPAL PRIME
भोपाल प्राइम

पत्रिका. भोपाल, शुक्रवार 22 सितंबर 2023

### ट्रायल के दौरान सुरक्षा मानक रहेंगे पुख्ता

# मेट्रो का ट्रायल 2 अक्टूबर को, केवल इंजीनियर ही होंगे सवार

**भोपाल.** भोपाल मेट्रो ट्रेन के लिए अब तक कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी से मंजूरी प्रक्रिया नहीं हुई है। दो अक्टूबर गांधी जयंती पर मेट्रो का ट्रायल होना है, लेकिन इस दिन कोई इसके कोच में बैठकर सुभाष रेलवे स्टेशन से रानी कमलापति तक नहीं पहुंच पाएगा। यहां मेट्रो को हरी झंडी दिखाने के बाद ऑरेंज रैक में मेट्रो ट्रेन स्टाफ इंजीनियर ही रवाना होंगे। इसमें सुरक्षा के मानकों को ट्रायल के दौरान पुख्ता करके रखा जाएगा। सितंबर 2023 तक मेट्रो के ट्रायल की बात कही जा रही थी, लेकिन ये अक्टूबर तक तय किया है।



## कमर्शियल रन के पहले सेफ्टी मंजूरी

ट्रायल भले ही अभी अक्टूबर में हो रहा हो, लेकिन कमर्शियल रन 2024 में होगा। मई-जून 2024 तक आम यात्रियों के साथ कमर्शियल रन का प्लान है और उम्मीद है कि फरवरी-मार्च 2024 में इसके लिए आवेदन किया जाए। यहां से तय मानकों से रेल परिचालन को लेकर जांच होगी और सब ओके होने पर ही ट्रेन को शुरू करने की मंजूरी दी जाएगी।

## ब्रिज के लिए बनाए जा रहे पीयर्स

मेट्रो ट्रेन जब मई-जून 2024 में कमर्शियल रन करें तो संभव है वह एम्स से सुभाष ब्रिज तक 6.22 किमी तक की दूरी तय करें। इसके लिए गणेश मंदिर के सामने रेलवे लाइन पर मेट्रो आरओबी का काम शुरू कर दिया गया है। यहां दोनों तरफ दो-दो पीयर्स तैयार हो रहे हैं। गौरतलब है कि यहां लगने वाला फेब्रिकेटेड ब्रिज अलवर में तैयार कराया जा रहा है।

दो अक्टूबर को भोपाल में ट्रायल करेंगे। इस दौरान ट्रेन में सिर्फ कारपोरेशन का स्टॉफ इंजीनियर सुरक्षा नियमों के तहत रहेगा।

**मनीषसिंह,** एमडी, मेट्रो ट्रेन कारपोरेशन

MPMETRO

METRO NEWS

23rd SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 83 | हरि भूमि | भोपाल | 23.09.2023 | 04 | मेट्रो ट्रायल रन को हरि झंडी दिखाएंगे मुख्यमंत्री चौहान | Neutral |

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 23 सितंबर 2023

## मेट्रो ट्रायल रन को हरी झंडी दिखाएंगे मुख्यमंत्री चौहान

सुभाष नगर से आरकेएमपी तक होगा ट्रायल

# सुभाष नगर डिपो में सिविल वर्क अंतिम चरणों में, दो दिन बाद बायडक्ट पर पहुंचेगी पूरी मेट्रो



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भोपाल मेट्रो ट्रेन अब जल्दी ही वायडक्ट पर पहुंचने के लिए डिपो में तैयार खड़ी है। सभी प्रकार की टेस्टिंग सहित अन्य तैयारियां कर ली गई हैं। एक-दो दिन में यह वायडक्ट पर पहुंचने का संभावित ट्रायल ले सकती है। डिपो में काफी तेजी से सिविल वर्क चल रहे हैं। यह वर्क चलते रहे, लेकिन ट्रायल रन के लिए भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद ही ट्रायल रन शुरू होगा, जिसमें वो स्वयं सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक सवार रहेंगे।

### ट्रायल रन की अभी तारीख तय नहीं

मेट्रो कंपनी अधिकारियों के अनुसार ट्रायल रन की अभी तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन टेस्टिंग सहित सभी काम पूरे हो चुके हैं। वायडक्ट ट्रैक पर आने के बाद मेट्रो का सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन के बीच ट्रायल रन होगा। इसके बाद फाइनल ट्रायल रन को शिवराज सिंह चौहान हरी झंडी दिखाएंगे।



### ट्रायल रन को आसानी से देख सकेंगे लोग

मेट्रो ट्रायल रन के दौरान मेट्रो कई बार वायडक्ट से गुजरेगी ऐसे में लोग मेट्रो ट्रेन को कई बार मौके से देख सकते हैं। इसके बाद कभी भी फाइनल ट्रायल रन का किया जाएगा।

MPMETRO

METRO NEWS

24rd SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 84 | Free Press | Bhopal | 24.09.2023 | 03 | Safety trail of Metro train on the cards | Neutral |

Free Press Journal

Pg-03

BHOPAL CITY

BHOPAL | SUNDAY | SEPTEMBER 24, 2023 www.freepressjournal.in

# Safety trial of Metro train on the cards

## CHARGING OF 3RD RAIL LINE & COACHES UNDERWAY

OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in



After the arrival of three metro coaches, work is underway to charge the third rail line (which supplies electricity to moving Metro train) and all three Metro coaches with engine. The officials of Madhya Pradesh Metro Train Corporation Limited are planning to conduct safety trial run of Metro either on Tuesday or on following days.

"Most work related to assembling of Metro train has been completed. Different testing works are underway. Along with this, the works at Metro stations such as flooring and making stations more presentable are on," said director, systems, Shobit Tandon.

The safety trial run will be held between Subhash Nagar depot and Rani Kamlapati Railway station. The officials of MP Metro Train Corporation said testing works were carried out at Subhash Nagar Metro depot.

On September 18, three Metro coaches reached Bhopal from their Sanvli plant situated in Vadodara of Gujarat. In all, 27 sets of Metro coaches are likely to arrive Bhopal in future. The Metro train trial run will be held by month end.

MPMETRO

MPMETRO
METRO NEWS
25th SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 86 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 25.09.2023 | J4 | थर्ड रेल भी चार्ज.., आज या कल होगा डिपो के 2 किमी ट्रैक पर मेट्रो का सेफ़्टी ट्रायल | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 25-09-2023

Pg-J4

# थर्ड रेल भी चार्ज..., आज या कल होगा डिपो के 2 किमी ट्रैक पर मेट्रो का सेफ्टी ट्रायल




## आज डिपो से रैंप के जरिए जाने वाली मेन लाइन में दौड़ाया जाएगा करंट

इन्फ्रास्ट्रक्चर रिपोर्टर | भोपाल

भोपाल मेट्रो को चलाने के लिए टेस्ट ट्रैक पर बिछी थर्ड रेल को रविवार दोपहर चार्ज (करंट दौड़ाया) कर दिया गया है। भोपाल-इंदौर मेट्रो थर्ड रेल तकनीक पर चलाई जा रही है। यानी मेट्रो के आने और जाने वाले ट्रैक के बीच में दो लेन ऐसी बनाई गई हैं, जिनमें करंट दौड़ता रहेगा और मेट्रो इसी करंट की मदद से चलाई जाएगी। इसलिए सोमवार या मंगलवार को सुभाष नगर डिपो में बने टेस्ट ट्रैक पर सेफ्टी ट्रायल किया जा सकता है।

इसके अलावा डिपो से रैंप के बीच बिछाई गई मेन लाइन भी सोमवार को चार्ज कर दी जाएगी। इसी लाइन के जरिए मेट्रो को डिपो से मेन लाइन लाइन तक लाया जाएगा। मेट्रो कंपनी के अफसरों का कहना है कि इंदौर में 30 सितंबर तक ट्रायल रन किया जा सकता है। इसके दो-चार दिन बाद भोपाल में मेट्रो का ट्रायल रन किया जाएगा। ट्रेन में लगी बैटरियां पहले ही चार्ज हो चुकी है और ऑपरेशन से जुड़े हजारों वायर को आपस में जोड़ दिया गया है।

## 2 से 25 किमी की रफ्तार से दौड़ाई जाएगी ट्रेन

करीब दो किमी लंबे टेस्टिंग ट्रैक पर मेट्रो ट्रेन को अलग-अलग रफ्तार से दौड़ाया जाएगा। ये रफ्तार 2 किमी प्रतिघंटा से लेकर 25 किमी प्रतिघंटा तक हो सकती है। इसके बाद ही इसे ट्रायल रन के लिए तैयार माना जाएगा। ट्रायल रन सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन के बीच करीब 5.5 किमी के ट्रैक पर किया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 87 | नई दुनिया | भोपाल | 25.09.2023 | 03 | आज होगा मेट्रो का सेफ़्टी ट्रायल डिपो के टेस्ट ट्रैक पर दौड़ाई जाएगी | Neutral |


नवदुनिया

भोपाल, सोमवार, 25 सितंबर, 2023

भोपाल सिटी


# आज होगा मेट्रो का सेफ्टी ट्रायल डिपो के टेस्ट ट्रैक पर दौड़ाई जाएगी

**भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** भोपाल मेट्रो की पहली रैक सुभाष नगर स्थित डिपो पर पहुंच चुकी है। मंगलवार से जारी कोच की असेंबलिंग का काम भी पूरा कर लिया गया है। अब सोमवार को इसे डिपो में स्थित टेस्ट ट्रैक पर दौड़ाया जाएगा, इसके बाद मेट्रो रैंप के सहारे वायडक्ट में पहुंचेगी। इससे पहले ट्रायल ट्रैक पर थर्ड रेल की चार्जिंग का काम भी शुरू हो गया है, इसी के सहारे मेट्रो का संचालन किया जाएगा।



सुभाष नगर स्थित डिपो में खड़ा मेट्रो का कोच, आज इसका सेफ्टी ट्रायल होगा। ● नवदुनिया

मप्र मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन अभी डिपो में खड़ी है। सोमवार को इसे एक किलोमीटर के टेस्टिंग ट्रैक पर दौड़ाने के बाद रैंप तक लाया जाएगा। यदि सब कुछ ठीक रहा तो इसे वायडक्ट पर सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक दौड़ाया जाएगा। इसमें खास बात यह है कि भोपाल व इंदौर में मेट्रो का संचालन थर्ड रेल तकनीकी से किया जाना है। इससे ट्रेन रुकने के दौरान ब्रेक लगाने से जो ऊर्जा बेकार हो जाती थी, अब उसका भी पुर्नउत्पादन हो पाएगा। यानी ट्रेन में लगने वाले ब्रेक्स से पैदा होने वाली ऊर्जा को वापस सिस्टम में भेज दिया जाएगा। इससे भोपाल और इंदौर मेट्रो के संचालन में 40 से 45 फीसदी तक ऊर्जा की बचत होगी। इसके लिए रेलवे ट्रैक पर थर्ड रेल डीसी ट्रैक्सन सिस्टम लगाया गया है।

## दो अक्टूबर को फाइनल ट्रायल

भोपाल में मेट्रो का ट्रायल रन दो अक्टूबर व इंदौर 30 सितंबर को संभावित है। इससे पहले सुभाष नगर से आरकेएमपी तक मेट्रो की तीन से चार दिन प्री टेस्टिंग होगी। अधिकारियों ने बताया कि ट्रायल रन का शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में सुभाष नगर स्टेशन से किया जाएगा।

**सड़क रेस्टोरेशन का काम अंतिम चरण में** : एम्स से सुभाष नगर के बीच मेट्रो का वायडक्ट व पिलर डालने के दौरान जो सड़कें उखड़ी हैं, उनका मेट्रो कंपनी द्वारा रेस्टोरेशन किया जा रहा है। मेट्रो ट्रैक के नीचे बीत 10 दिनों से रेस्टोरेशन किया जा रहा है, दो दिन का काम और बाकी है।

### ट्रायल रन के लिए दो मेट्रो स्टेशन तैयार

मेट्रो का ट्रायल रन सुभाष नगर से आरकेएमपी तक होना है। इसके बीच में पांच मेट्रो स्टेशन पड़ेंगे। इनमें सुभाष नगर और आरकेएमपी में इंटीरियर का काम छोड़ अन्य सभी काम पूरे कर लिए गए है। दोनों ही स्टेशनों में दो-दो लिफ्ट और दो-दो एस्केलेटर लगाए गए हैं। इसके साथ ही डीबी माल के सामने स्टेशन का 90 फीसद काम पूरा हो गया है। वहीं केंद्रीय विद्यालय व सरगम टाकीज के पास मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य तेज कर दिया है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 88 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 25.09.2023 | 4 | मेट्रो ट्रेन की पहली परीक्षा आज, दो किमी लंबे टेस्ट ट्रैक पर होगा ट्रायल | Neutral |

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

भोपाल सिटी Page: 4 September 25, 2023

# मेट्रो ट्रेन की पहली परीक्षा आज, दो किमी लंबे टेस्ट ट्रैक पर होगा ट्रायल

## इक्विपमेंट असेंबलिंग, वायरिंग के साथ सॉफ्टवेयर इंस्टाल करने का काम पूरा

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9300697983

वड़ोदरा (गुजरात) से एक हफ्ते पहले भोपाल पहुंची मेट्रो ट्रेन में इक्विपमेंट असेंबलिंग, वायरिंग के साथ ही सॉफ्टवेयर इंस्टॉल किया जा चुका है। सोमवार को सुभाष नगर मेट्रो डिपो में बने करीब दो किमी लंबे टेस्ट ट्रैक पर ट्रायल होगा। इसको देखते हुए ट्रायल ट्रैक पर थर्ड रेल की चार्जिंग का काम भी शुरू हो गया है, इसी के सहारे मेट्रो का संचालन किया जाएगा। इसके बाद मेट्रो रैंप के सहारे वायडक्ट में पहुंचेगी।

मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन अभी डिपो में खड़ी है। सोमवार को इसे टेस्टिंग ट्रैक पर दौड़ाने के बाद



रैंप तक लाया जाएगा। सब कुछ ठीक रहा तो इसे वायडक्ट पर सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक दौड़ाया जाएगा। भोपाल व इंदौर में मेट्रो का संचालन थर्ड रेल तकनीकी से होगा।

**दो अक्टूबर को होगा फायनल ट्रायल रन:** मेट्रो का ट्रायल रन दो अक्टूबर को संभावित है। इससे पहले सुभाष नगर से आरकेएमपी तक मेट्रो की तीन से चार दिन प्री टेस्टिंग होगी।

### दो मेट्रो स्टेशन पूरी तरह तैयार

मेट्रो का ट्रायल रन सुभाष नगर से आरकेएमपी तक होना है। इसके बीच में 5 मेट्रो स्टेशन पड़ेंगे। इनमें सुभाष नगर और आरकेएमपी में इंटीरियर का काम छोड़ अन्य सभी काम पूरे कर लिए गए हैं। दोनों ही स्टेशनों में दो-दो लिफ्ट और दो-दो एस्केलेटर लगाए गए हैं। डीबी माल के सामने स्टेशन का 90 फीसदी काम पूरा हो गया है। केंद्रीय विद्यालय व सरगम टॉकीज के पास मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। एम्स से सुभाष नगर के बीच मेट्रो का वायडक्ट व पिलर डालने के दौरान जो सड़कें उखड़ी हैं, उनका मेट्रो कंपनी द्वारा बीते 10 दिनों से रेस्टोरेशन किया जा रहा है, जो 2 दिन में पूरा हो जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 89 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 25.09.2023 | 4 | हमारी मेट्रो का आज किया जाएगा सेफ़्टी ट्रायल, सफल होते ही डक्ट पर चढ़ाएंगे | Neutral |

4 www.rajexpress.co राज एक्सप्रेस महानगर भोपाल सोमवार, 25 सितम्बर 2023

# हमारी मेट्रो का आज किया जाएगा सेफ्टी ट्रायल, सफल होते ही डक्ट पर चढ़ाएंगे

भोपाल ▪ राज न्यूज़ नेटवर्क

**तीन कोच को जोड़कर बनाई है एक रैक, 750 डीसी के करंट से चलेगी**

भोपाल मेट्रो सेफ्टी ट्रायल के लिए तैयार है। सोमवार को यह ट्रायल होगा। इसके सफल होते ही मेट्रो को मेन डक्ट पर चढ़ाया जाएगा। अभी तीन कोच को जोड़कर एक रैक तैयार की गई है। ट्रायल के लिए थर्ड रेल सिस्टम के तहत 750 डीसी का करंट दिया गया है। सबकुछ ठीक रहा तो भोपाल में मेट्रो का ट्रायल रन दो अक्टूबर को हो सकता है। इससे पहले सुभाष नगर से आरकेएमपी तक मेट्रो की तीन से चार दिन ही टेस्टिंग होगी। पूरे एक सप्ताह पहले गुजरात से आए मेट्रो के तीन कोच का सेफ्टी ट्रायल शुरू होने जा रहा है। तीनों कोच को कपलिंग से आपस में जोड़कर एक रैक बनाई गई है। उल्लेखनीय है कि भोपाल को तीन-तीन कोच की 27 रैक मिलना है। लेकिन अभी सिर्फ तीन से ही शुरुआत हो रही है। बीते रविवार को यह कोच भोपाल आ गए थे।



अब तक कोच में पंखों से लेकर ऑटोमैटिक सिस्टम के डोर, एलईडी पैनल, इमरजेंसी बटन, एंटी बैक्टीरियल सिस्टम, एयर फिल्ट्रेशन सिस्टम, अलार्म सिस्टम, पैसेंजर कम्युनिकेशन सिस्टम को इंस्टॉल किया जा चुका है।

## डिपो में बना है टेस्ट ट्रैक

सोमवार को मेट्रो के तीन कोच की बनी रैक को डिपो में स्थित टेस्ट ट्रैक पर दौड़ाया जाएगा। यह सेफ्टी ट्रायल है। इसके बाद मेट्रो रैक दो महीने बाद डक्ट में पहुंचेगी। इससे पहले ट्रायल ट्रैक पर थर्ड रेल की वायरिंग का काम भी शुरू हो गया है। इसी से सारी मेट्रो का संचालन किया जाएगा। मेट्रो ट्रेन को चलाने के लिए डिपो की पटरियों में थर्ड रेल सिस्टम के तहत 750 डीसी का करंट छोड़ा गया है। जिस तरह से सामान्य ट्रेन पेंटोग्राफ की ओवरहेड लाइन से हाई वोल्टेज करंट लेती है, उसी तरह मेट्रो ट्रेन पटरियों में बहते 750 डीसी करंट से चलेगी। करीब एक किलोमीटर के टेस्टिंग ट्रैक पर दौड़ने के बाद इसे रैंप तक लाया जाएगा। फिर वहां डक्ट पर सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक दौड़ाया जाएगा।

## ट्रायल रन के लिए दो मेट्रो स्टेशन तैयार

मेट्रो का ट्रायल रन सुभाष नगर से आरकेएमपी तक होना है। इसके बीच में पांच मेट्रो स्टेशन हैं। जिसमें सुभाष नगर और आरकेएमपी में इंटीरियर का काम छोड़ अन्य सभी काम पूरे कर लिए गए हैं। दोनों ही स्टेशनों में दो-दो लिफ्ट और दो-दो एस्केलेटर लगाए गए हैं। इसके साथ ही डीबी मॉल के सामने स्टेशन का 90 फीसदी काम पूरा हो गया है। वहीं केंद्रीय विद्यालय व सरगम टॉकीज के पास मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य तेज हो गया है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 90 | दैनिक जागरण | भोपाल | 25.09.2023 | 2 | मेट्रो कंपनी बनवा रही गुरुदेव गुप्त चौराहा से सुभाष नगर तक की सड़क | Neutral |

भोपाल, 25 सितंबर 2023

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.djmp.in/epaper

# मेट्रो कंपनी बनवा रही गुरुदेव गुप्त चौराहा से सुभाषनगर तक की सड़क

## ट्रायल रन के लिए तेजी से हो रहा काम, यहीं से गुजरेगा सीएम का काफिला

जागरण प्रतिनिधि, भोपाल। भोपाल मेट्रो अब जल्द ही ट्रैक पर दिखाई देगी। मेट्रो की तैयारियां अंतिम चरणों में है। इसलिए ट्रायल रन के लिए सीएम से डेट भी ली जा रही है। यहीं डीबी मॉल से लेकर सुभाषनगर मेट्रो स्टेशन तक सड़क भी बनाई जा रही है। यह सड़क मेट्रो कंपनी द्वारा ही बनवाई जा रही है। ट्रायल रन के समय सीएम का काफिला यहीं से होकर गुजर सकता है। जिस तेजी से काम चल रहा है उससे यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि अब जल्द ही मेट्रो का ट्रायल रन हो सकता है।

### केंद्रीय विद्यालय स्टेशन के नीचे भी लेन खाली

डामरीकृत सड़क फिलहाल डीबी मॉल से सुभाषनगर स्टेशन तक सीधी बनाई जा रही है। इसके बीच मेट्रो का केंद्रीय विद्यालय स्टेशन भी है। फिलहाल सड़क स्टेशन को छोड़कर बनाई जा रही है। हालांकि स्टेशन के नीचे की लेन भी पूरी तरह से खाली कर दी गई है, जल्द ही यहां भी सड़क बना दी जाएगी। इसके बाद डीबी मॉल से सुभाषनगर तक की पूरी लेन कम्प्लीट हो जाएगी। ट्रायल रन के लिए सीएम का काफिला यहीं से होकर गुजरेगा।

### कल के बाद सेफ्टी ट्रायल

मेट्रो के कर्मचारी दिनरात काम में लगे हुए हैं। कल के बाद कभी भी सेफ्टी ट्रायल हो सकता है। जिसके बाद ट्रायल रन की तारीख तय की जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से तारीख ली जा रही है।



### इंस्पेक्शन बे लाइन पर मेट्रो

मेट्रो का ट्रायल रन शुरू होने से पहले उसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। साफ्टवेयर इंस्टॉलेशन का काम अंतिम चरणों पर है। सुभाषनगर डिपो के इंस्पेक्शन बे लाइन पर फंक्शन की जांच की जा रही है। इसके बाद डिपो में ही सेफ्टी ट्रायल किया जाएगा।

### इन 5 स्टेशनों पर होगा ट्रायल

- रानी कमलापति स्टेशन
- सरगम टॉकीज स्टेशन
- डीबी मॉल स्टेशन
- केंद्रीय स्कूल स्टेशन
- सुभाषनगर स्टेशन

### अभी मेट्रो में यह हो रहे हैं काम

मेट्रो के तीनों कोच को जोड़ने के बाद इंस्पेक्शन लाइन पर फंक्शन की जांच की जा रही है। एक टीम साफ्टवेयर इंस्टॉलेशन के काम को अंतिम रूप देने में लगी है। मेट्रो के इंजीनियरों के साथ ही कोच बनाने वाली कंपनी एल्सटॉम के इंजीनियरों की भी एक टीम भोपाल में डटी हुई है। तीनों कोच में इंटीरियर का काम भी लगभग पूरा होने को है। सुभाषनगर डिपो में ट्रायल रन से पहले के सभी कामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं सुभाषनगर स्टेशन पर एस्केलेटर, सीढ़ियां और फुटओवर ब्रिज बनाया जा रहा है।

### ट्रायल रन के बाद आगे के ट्रैक पर होगा फोकस

ट्रायल रन के बाद मेट्रो आगे के ट्रैक पर फोकस कर काम शुरू करेगा, ताकि मई 2024 तक पैसेंजर के लिए मेट्रो का संचालन शुरू हो सके। अभी ट्रायल रन के लिए सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन तक के कामों पर ही फोकस किया जा रहा है। ट्रायल रन होने के बाद इसे डीआरएम ऑफिस, अलकापुरी और एम्स तक बढ़ाया जाएगा।



### रातों रात बनी केंद्रीय विद्यालय स्टेशन तक सड़क

23 सितंबर तक जो सड़क खराब थी, वह शनिवार रात में रातों रात बना दी गई। डीबी मॉल की ओर से केंद्रीय विद्यालय स्टेशन तक आने वाली सड़क बना दी गई है। वहीं स्टेशन के बाद सुभाषनगर डिपो की ओर जाने वाली सड़क पर 100 मीटर तक डामर बिछा दिया गया है। जानकारी के अनुसार कल मंगलवार तक यह सड़क बनकर तैयार हो जाएगी।

### आम नागरिकों को कई बार दिखेगी मेट्रो

राजधानी भोपाल में बहुत जल्द मेट्रो ट्रेन अब रेलवे ट्रैक पर चलती हुई दिखाई देगी। ट्रायल रन के दौरान मेट्रो ट्रेन सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन के बीच कई बार अप डाउन करेगी। ये सब कुछ सेफ्टी ट्रायल के तहत होगा। ट्रेन के अंदर कोई भी यात्री नहीं होगा। जो विशेषज्ञ और कर्मचारी होंगे वह भी सभी सुरक्षा बंदोबस्त के साथ होंगे, लेकिन अपडाउन के दौरान आम नागरिक इस मेट्रो ट्रेन को सुभाषनगर से लेकर रानी कमलापति स्टेशन के बीच कई बार देख सकेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 91 | दैनिक जागरण | भोपाल | 25.09.2023 | 12 | प्रयोरिटी कॉरिडोर तैयार, इंदौर मे अगले महीने हो सकता है ट्रायल रन | Neutral |


दैनिक जागरण

भोपाल, 25 सितंबर, 2023 विविध www.djmp.in/epaper




# प्रायरिटी कॉरिडोर तैयार, इंदौर में अगले माह हो सकता है ट्रायल रन

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन सितंबर माह में संभव नहीं लगता। हालांकि अभी ट्रायल रन की तिथि तय नहीं हो पाई है, लेकिन पूरी संभावना जताई जा रही है कि अक्टूबर माह में ट्रायल रन हो सकता है, क्योंकि इंदौर में स्मार्ट सिटी कांफ्रेंस, गणेश विसर्जन चल समारोह जैसे बड़े आयोजन हैं। इसके अलावा चुनावी अभियानों की व्यस्तता के कारण मुख्यमंत्री को भी समय नहीं मिल पा रहा है। सरकार चाहती है कि मेट्रो के ट्रायल रन के दौरान बड़ा कार्यक्रम हो और शहर के लोग भी उसमें शामिल हो सके। मेट्रो के प्रॉयरिटी कॉरिडोर का काम पूरा हो चुका है। मेट्रो के रन के दौरान कोच पहले स्टेशन तक का सफर तय कर चुके हैं। बारिश के कारण मेट्रो स्टेशनों पर एस्केलेटर लगाने का काम प्रभावित हुआ था, लेकिन मौसम खुलने के बाद वे काम भी पूरा हो चुके हैं। अब स्टेशनों के रंग-रोगन का काम चल रहा है। अफसरों ने बताया कि सेफ्टी रन भी दस दिनों में 20 से ज्यादा बार लिए जा चुके हैं। अब ट्रायल रन के लिए मेट्रो ट्रेन कार्पोरेशन पूरी तरह तैयार है।



## आचार संहिता से पहले होगा समारोह

मेट्रो के संचालन में डेढ़ से दो साल का समय लग सकता है। अगले साल सितंबर माह में गांधी नगर से रेडिसन होटल तक 17 किलो मीटर तक के हिस्से में ट्रायल रन लिया जाएगा। विधानसभा चुनाव के लिए जल्दी ही आचार संहिता लगने वाली है। सरकार उससे पहले पांच किलोमीटर हिस्से में मेट्रो का ट्रायल रन कराना चाहती है। अक्टूबर के पहले सप्ताह में इंदौर में इसके लिए बड़ा समारोह हो सकता है। तब शहर के नागरिक इंदौर के लिए आए कोचों को भीतर से भी देख सकेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 92 | हरि भूमि | भोपाल | 25.09.2023 | 2 | ट्रायल रन के लिए भोपाल मेट्रो पूरी तरह हुई तैयार, अब मुख्यमंत्री की डेट का इंतजार | Neutral |

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 25 सितम्बर 2023


## सुभाष नगर और रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन पर लगे एस्केलेटर व सीढ़ी

# ट्रायल रन के लिए भोपाल मेट्रो पूरी तरह हुई तैयार, अब मुख्यमंत्री की डेट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो पूरी तरह से रन के लिए तैयार है। सुभाष नगर डिपो में मेट्रो का अभी सेफ्टी ट्रायल चल रहा था, वो भी पूरा हो गया है, जबकि ट्रायल रन के लिए सुभाष नगर और रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन पर एस्केलेटर व सीढ़ी तैयार हो चुकी है। सीएम हरी झंडी दिखाकर सुभाष नगर स्टेशन से मेट्रो में सफर शुरू करेंगे और रानी कमलापति स्टेशन पर उतरेंगे। इसलिए इन दो स्टेशनों को प्रमुखता के आधार पर तैयार किया गया है।

मेट्रो कंपनी अधिकारियों के अनुसार सुभाष नगर डिपो व वहां के स्टेशन और रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन तक सिविल वर्क सहित सभी काम पूरे हो गए हैं। इनके



बीच के स्टेशन केंद्रीय विद्यालय, बोर्ड ऑफिस, एमपी नगर मेट्रो स्टेशन के बचे शेष 5 फीसदी काम भी जल्दी पूरे होने को हैं। जबकि रानी कमलापति स्टेशन से लेकर एम्स तक वायडक्ट का काम भी पूरा हो गया है। रेलवे क्रासिंग पर स्टील ब्रिज के पिलर का काम भी तेजी से चल रहा है। पिलर बनते ही ब्रिज अलवर से आ जाएगा।

### सुभाष नगर डिपो में तैयार मेट्रो ट्रेन

सुभाष नगर डिपो में भोपाल मेट्रो ट्रेन सेफ्टी ट्रायल का काम पूरा होने के बाद तैयार खड़ी है। हरा सिग्नल होते ही रैंप से होते हुए ट्रेन वायडक्ट के ट्रेक पर पहुंच जाएगी। यहीं पर सीएम ट्रायल रन के लिए हरी झंडी दिखाएंगे।



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 93 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 25.09.2023 | 10 | इंदौर: मेट्रो के ट्रायल रन की तैयारी, फिर वायाडक्ट पर चलाकर देखें | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 25-09-2023

Pg-10

## स्टेट विंडो

# इंदौर : मेट्रो के ट्रायल रन की तैयारी, फिर वाया डक्ट पर चलाकर देखेंगे

इंदौर| सुपर कॉरिडोर पर प्रस्तावित मेट्रो के ट्रायल रन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक 30 सितंबर को इसका ट्रायल रन संभावित है। स्टेशन का काम होने के कारण मेट्रो कोच को वाया डक्ट पर नहीं चलाया जा रहा है। पिछले हफ्ते 6 किमी के ट्रैक पर मेट्रो को चलाया गया था। अभी सिविल वर्क पूरा नहीं हुआ है, लेकिन गांधी नगर स्टेशन और टीसीएस चौराहे के स्टेशन का काम पहले किया जा रहा है, ताकि ट्रायल रन हो सके। ट्रायल रूट पर कुल 5 स्टेशन हैं। सिविल वर्क से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि हमारी तैयारी पूरी है। 27 से 30 सितंबर के बीच ट्रायल रन होना है। गांधी नगर स्टेशन पर शेड का काम पूरा हो गया है। स्टेयर केस बन गया है। रैलिंग भी लग गई है। एंट्री व एग्जिट और ग्रेनाइट लग चुका है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 94 | नव दुनिया | भोपाल | 25.09.2023 | 07 | इंदौर मे मेट्रो का ट्रायल रन 30 सितंबर को | Neutral |



# इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन 30 सितंबर को

**इंदौर (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में 30 सितंबर को मेट्रो ट्रेन का गांधी नगर डिपो से सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 के बीच 5.9 किलोमीटर हिस्से में ट्रायल रन किया जाएगा। ट्रेन की रफ्तार 10 से 15 किमी प्रतिघंटा रहेगी। डेढ़ से दो हजार लोगों को भी इसे देखने का मौका मिलेगा। डिपो परिसर में ट्रायल रन का प्रमुख आयोजन होगा। तैयारी शुरू हो गई है। ट्रायल रन के रूट पर मपांचों स्टेशनों को तैयार किया जा रहा है। ट्रायल रन के मौके मुख्यमंत्री पीथमपुर से राऊ होते हुए राजबाड़ा, लवकुश चौराहे से उज्जैन महाकाल मंदिर तक आरआरटीएस की घोषणा भी करेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 95 | पत्रिका | भोपाल | 25.09.2023 | 09 | आज 750 डीसी करंट वाली पटरियो पर डेढ़ किमी तक दौड़ेगी हमारी मेट्रो | Neutral |

पत्रिका

**#metrotrainproject** मेट्रो का सेफ्टी ट्रायल में इसे ड्राइवर के साथ जीओए-2 तकनीक से चलाया जाएगा

# आज 750 डीसी करंट वाली पटरियों पर डेढ़ किलोमीटर तक दौड़ेगी हमारी मेट्रो

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन को सेफ्टी ट्रायल के लिए तैयार कर दिया है। डिपो की पटरियों में थर्ड रेल सिस्टम के तहत 750 डीसी करंट भी छोड़ दिया है। संभवतः सोमवार को रैंप व स्टेशन की पटरियों को भी चार्ज कर दिया जाएगा। सोमवार को डिपो में मेट्रो पहली बार खुद रनिंग करेगी। यहां सफलता मिली तो इसी दिन सुभाष स्टेशन व रानीकमलापति तक की दूरी भी तय की जा सकती है।




## पटरी पर गड़बड़ तो खुद रुक जाएगी ट्रेन

सिग्नलिंग तकनीकी पर आधारित भोपाल की ऑरेंज मेट्रो पूरी तरह से ऑटोमैटिक है। पटरी पर किसी भी तरह की बाधा या दिक्कत महसूस होने पर ट्रेन खुद ही रुक जाएगी। यानी मेट्रो से दुर्घटना की आशंका जीरो तय की गई है।

**ड्राइवरलेस है, जीओए तकनीकी से खुद चलेगी:** भोपाल की ऑरेंज मेट्रो जीओए-4 तकनीकी आधारित है। यानि ये ड्राइवरलेस है। शुरुआत में इसे ड्राइवर के साथ जीओए-2 तकनीक से चलाया जाएगा, कुछ समय बाद पूरी तरह से ऑटोमेटेड कर दिया जाएगा। पटरियों में 750 डीसी करंट ठीक वैसे ही काम करेगा जैसे सामान्य ट्रेनें पटरियों के ऊपर बिजली लाइन ओएचई लाइन से पैंटोग्राफ लगाकर करंट लेती है। पटरियों से मेट्रो का इंजन करंट लेगा और दौड़ेगा।

## ऐसे असेंबल हुई ऑरेंज मेट्रो

**तीन कोच** को अनलोड करने के बाद इनकी कपलिंग की गई। यानि कोच को आपस में जोड़ा गया। इसके बाद कई तरह के कनेक्शन से असेंबलिंग की गई। असेंबलिंग करने के बाद कोच में इंस्टॉलेशन का काम शुरू किया, जिसमें एसी से लेकर ऑटोमैटिक सिस्टम के डोर, एलइडी पैनल, इमर्जेंसी बटन, अलार्म सिस्टम, पैसेंजर कम्यूनिकेशन सिस्टम, एंटी बैक्टीरियल सिस्टम, एयर फिल्ट्रेशन सिस्टम को इंस्टॉल किए। ऑटोमैटिक मोड के लिए सॉफ्टवेयर डाले गए ताकि ये खुद ही कमांड देकर काम कर सकें। सड़क के एक कोने में बने मेट्रो स्टेशन में पहुंचने के लिए एफओबी यानि फुटओवरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। सुभाष स्टेशन पर ब्रिज तैयार है, जबकि बोर्ड ऑफिस, एमपी नगर, रानी कमलापति पर इसके लिए काम किया जा रहा है।

25/09/2023 | Bhopal | Page : 9
Source : https://epaper.patrika.com/

MPMETRO

METRO NEWS

26th SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 96 | Times of India | Bhopal | 26.09.2023 | 02 | Shory trial run brings Bhopal closer to long-cherished Metro Dream | Neutral |

TIMES CITY

THE TIMES OF INDIA, BHOPAL | TUESDAY, SEPTEMBER 26, 2023

Pg-02

# Short trial run brings Bhopal closer to long-cherished Metro dream

## After Years Of Hard Work, Delays, Setbacks, Metro Finally Makes Its Initial Run

Jamal.Ayub@timesgroup.com



TOI

**ON TRACK FOR PROGRESS:** The metro rail gracefully glides along the tracks at the Arera Hills Stud Farm on Monday

**Bhopal**: A kilometer-long safety trial run of the Bhopal metro on Monday marked the first movement of ambitious public transport network with a promise of new beginning for the project that offers to deliver a modern transport for city's resident.

Against the backdrop of a sunset, the metro rail, adorned with orange stripes, smoothly ascended onto the main track with a synthetic green barrier separating it from the cemented blocks on the side and gracefully glided along the tracks at the Arera Hills Stud Farm which has been transformed into the metro rail depot for Bhopal's metro system.

In the months to come, the Arera Hills Stud Farm area will be abuzz with activity. However, the sight of three coaches coming together to form a single metro rail on Monday was enthralling for those fortunate enough to witness it.

While a full-fledged commercial operation is still months away, this initial run holds great symbolic significance. The one kilometer journey of metro was a far cry from the years of hard work, setbacks, and delays that have characterised the Bhopal metro project.

The Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) deliver a 4 km plus corridor. Indore will be the first city to witness the metro in action, followed by Bhopal. Tentatively, the priority trial runs are scheduled for September 30 and October 2, according to an MPMRCL official.

In the meantime, the potholed road from Subhash Nagar to Habibganj is undergoing repairs. Work commenced on Sunday in preparation for VIP movements during the inauguration. MPMRCL has stated that the contractor will not only repair the road but also ensure it is in better condition than it was under the Public Works Department (PWD). As per contract and statements by MPMRCL officials when metro work started in 2018-19, the road was to be maintained all through the project phase for smooth movement of traffic below the corridor.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 97 | पत्रिका | भोपाल | 25.09.2023 | 05 | डेढ़ किमी पटरियों पर मेट्रो का सेफ़्टी ट्रायल सफल | Neutral |

पत्रिका

भोपाल, मंगलवार, 26 सितंबर, 2023 | वर्ष 16 | अंक 124 | पृष्ठ 24 | मूल्य 5.00 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत् 2080
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

**750**
डीसी करंट पर **मेट्रो को** सोमवार शाम को चलाया गया

**02**
अक्टूबर को फाइनल ट्रायल किया जाएगा




## डेढ़ किमी पटरियों पर मेट्रो का सेफ्टी ट्रायल सफल

**भोपाल** में सुभाष डिपो में टेस्ट ट्रायल के लिए बिछाई गई पटरियों पर 750 डीसी करंट पर मेट्रो को सोमवार शाम को चलाया गया। मंगलवार को सुबह नौ बजे मेट्रो का सुभाष स्टेशन और रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन के बीच ट्रायल होगा। डेढ़ किमी के सेफ्टी ट्रायल सफल होने के बाद 2 अक्टूबर को फाइनल ट्रायल होगा। सेफ्टी ट्रायल में मेट्रो के ऑटोमेटिक सिस्टम को भी परखा गया और इसके सेंसर को भी टेस्ट किया गया। आज सुबह नौ बजे इसी रैंप से सुभाष मेट्रो स्टेशन पहुंचाया जाएगा।

26/09/2023 | Bhopal | Page : 5
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 98 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 26.09.2023 | J6 | टेस्ट ट्रैक पर मेट्रो ने दो राउंड लगाए, आज मेन ट्रैक पर बढ़ाएंगे रफ्तार | Neutral |

भोपाल 26-09-2023

Pg-J6

# टेस्ट ट्रैक पर मेट्रो ने दो राउंड लगाए, आज मेन ट्रैक पर बढ़ाएंगे रफ्तार



इन्फ्रास्ट्रक्चर रिपोर्टर | भोपाल

तीन कोच की भोपाल मेट्रो को आखिरकार सुभाष नगर डिपो में बने टेस्ट ट्रैक पर चलाया गया। सोमवार शाम करीब डेढ़ किमी लंबे ट्रैक पर मेट्रो ने दो चक्कर लगाए। इस दौरान टेक्निकल टीम ने इसकी रफ्तार एक-दो किमी प्रति घंटा ही रखी। हालांकि, इस दौरान कई बार ऑटोमैटिक डोर ओपन-क्लोज किए गए। इसके अलावा चलती ट्रेन में अचानक डिस्क ब्रेक और नॉर्मल ब्रेक भी लगाए गए।

ये परीक्षण सफल रहा और टेक्निकल टीम ने मेन ट्रैक पर सेफ्टी ट्रायल का क्लियरेंस दे दिया। अब मंगलवार सुबह करीब नौ बजे मेट्रो को मेन ट्रैक पर लाया जाएगा। यहां मेट्रो सुभाष नगर डिपो से लेकर रानी कमलापति तक करीब 5.5 किमी का सफर तय करेगी। इस ट्रैक पर ट्रेन की रफ्तार 10 किमी प्रति घंटा से ज्यादा रखी जाएगी।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 99 | राज एक्स्प्रेस | भोपाल | 26.09.2023 | 03 | डिपो मे मेट्रो का सेफ़्टी ट्रायल रन शुरू, दस से 20 किमी की स्पीड से दौड़ाई | Neutral |

www.rajexpress.co
राज एक्सप्रेस
3 महानगर
सूर्यास्त (मंगलवार): 06:11 सूर्योदय (बुधवार): 06:13
तापमान अधिकतम 32.1° न्यूनतम 22.4°
भोपाल
मंगलवार, 26 सितंबर 2023

# डिपो में मेट्रो का सेफ्टी ट्रायल रन शुरू, दस से 20 किमी की स्पीड से दौड़ाई

आज वायाडक्ट यानि एलिवेटेड रूट पर चढ़ाएंगे

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

राजधानी की मेट्रो आखिरकार चलना शुरू हो गई है। हालांकि, अभी सुभाष नगर स्थित डिपो में बने ट्रायल ट्रेक पर इसे नियंत्रित परिस्थितियों में दौड़ाया जा रहा है। डिपो में बने करीब डेढ़ किमी लंबे ट्रेक पर दस से 20 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से इसे चलाया जा रहा है। अब संभावना जताई जा रही है कि मेट्रो रेल को मंगलवार को रैंप के जरिए वायाडक्ट यानि जमीन के ऊपर बने रूट पर चढ़ाया जाएगा। फिर वहां इसका ट्रायल रन होगा। ट्रेक पर मेट्रो रेल चलाई जाएगी। खास बात यह होगी कि आम लोग भी इसे देख सकेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल और इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन शुरू करने के लिए सितंबर की समय सीमा तय की थी।

इंदौर में इसे हासिल कर लिया जाएगा। यहां 30 सितंबर को मुख्यमंत्री हरी झंडी दिखा कर ट्रायल रन की शुरुआत करेंगे। इसके ठीक दो दिन बाद 2 अक्टूबर को भोपाल में ट्रायल रन का शुभारंभ होगा।



## थर्ड रेल की चार्जिंग का कार्य पूरा किया गया

मेट्रो रेल चलाने के लिए बीच की पटरियों को भी बिजली से चार्ज करना होता है। इसे थर्ड रेल चार्जिंग कहते हैं। यह कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके साथ ही सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन के बीच एलिवेटेड रूट पर ट्रायल रन की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने इंजीनियरों को टेस्टिंग के सारे कार्य पांच-छह दिन में पूरे करने के निर्देश दिए हैं जबकि इसमें सामान्य तौर से 10-15 दिन का समय लगता है। रेलवे स्टेशनों पर मेट्रो रेल की सिग्नलिंग, बिजली सप्लाई, एस्केलेटर्स, ट्रेवलेटर्स, लिफ्ट्स आदि का भी परीक्षण किया जा रहा है।

## पांच-छह महीने चलेगा ट्रायल रन

भोपाल में रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर के बीच मेट्रो रेल चलाने की योजना है। यह करीब छह किमी लंबा रूट है। इस पर रानी कमलापति, डीबी मॉल, सुभाष नगर सहित पांच स्टेशन होंगे। कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के मुताबिक ट्रायल रन केवल मेट्रो का नहीं होता है। इसमें उससे जुड़े तमाम उपकरणों, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टेशन की सुविधाओं, सिग्नल सिस्टम, आग से रक्षा के इंतजाम आदि की भी जांच की जाती है। ऐसे में ट्रायल रन की प्रक्रिया पांच से छह महीने तक चल सकती है। इस दौरान मेट्रो को अधिकतम स्पीड 90 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से भी दौड़ा कर देखा जाएगा। सभी व्यवस्थाओं से संतुष्ट होने के बाद संचालन के लिए एनओसी ली जाएगी। इसके लिए कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी आकर मुआयना करेंगे। उनकी अनुमति मिलने पर भोपाल में मेट्रो का ऑपरेशन शुरू किया जा सकेगा। कॉर्पोरेशन इसके लिए अगले साल मई-जून का टारगेट लेकर चल रहा है। बताया जा रहा है कि इस दौरान ही रानी कमलापति स्टेशन से एम्स के बीच मेट्रो संचालन की तैयारियां शुरू कर दी जाएगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 25.09.2023 | 5 | मेट्रो सेफ़्टी ट्रायल: पहले इम्तेहान मे पास हुई मेट्रो, डिपो मे बने ट्रैक पर 30 की रफ्तार से दौड़ी | Neutral |

पीपुल्स समाचार

भोपाल सिटी Page: 5



# मेट्रो सेफ्टी ट्रायल

## पहले इम्तेहान में पास हुई मेट्रो, डिपो में बने ट्रैक पर 30 की रफ्तार से दौड़ी

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9300697983

मेट्रो ट्रेन सोमवार को सुभाष नगर डिपो में दो किलोमीटर लंबे टेस्ट ट्रैक पर 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाई गई। इंजीनियरों की मौजूदगी में शाम 5 से 7 बजे तक दो घंटे टेस्ट ट्रैक पर मेट्रो को दौड़ाकर जांच की गई। मेट्रो को कभी धीमी तो कभी तेज रफ्तार में दौड़ाया गया। अधिकारियों ने बताया कि टेस्ट सफल रहा।

**आज वायडक्ट में शिफ्ट होगी मेट्रो :** मेट्रो ट्रेन मंगलवार सुबह करीब 9 बजे सुभाष नगर डिपो से रैंप के जरिए वायडक्ट में शिफ्ट की जाएगी। इसके बाद सेफ्टी ट्रायल के तहत सुभाष नगर डिपो से रानी कमलापति स्टेशन तक चलाई जाएगी।

**ट्रायल रन के लिए दो मेट्रो स्टेशन तैयार :** मेट्रो का ट्रायल रन सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक होना है। इसके बीच में पांच मेट्रो स्टेशन पड़ेंगे। इनमें सुभाष नगर और आरकेएमपी में इंटीरियर का काम छोड़ अन्य काम पूरे हो गए हैं।

**दो अक्टूबर को फाइनल ट्रायल रन :** मेट्रो का ट्रायल रन दो अक्टूबर को संभावित है। इससे पहले सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक मेट्रो की तीन से चार दिन ट्री टेस्टिंग होगी। ट्रायल रन का शुभारंभ मुख्यमंत्री की उपस्थिति में होगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 101 | हरि भूमि | भोपाल | 26.09.2023 | 4 | सुभाष नगर स्टेशन से आरकेएमपी स्टेशन तक आज दौड़ेगी हमारी मेट्रो | Neutral |


हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 26 सितंबर 2023
4


### सुभाष नगर डिपो मे सेफ्टी ट्रायल रन पूरा, वायडक्ट पर आज से

# सुभाष नगर स्टेशन से आरकेएमपी स्टेशन तक आज दौड़ेगी हमारी मेट्रो

हरिभूमि न्यूज़ ›› भोपाल

आखिर हमारी मेट्रो मंगलवार से वायडक्ट पर आकर लोगों के लिए उत्सुकता के क्षण लेकर आ रही है। लोग सुबह 9 बजे भोपाल मेट्रो को सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक दौड़ते हुए देख सकेंगे। सुभाष नगर डिपो में सेफ्टी ट्रायल रन पूरा होने के बाद वायडक्ट पर सेफ्टी ट्रायल रन मंगलवार से शुरू हो जाएगा। जबकि इसके बाद [illegible] हरी झंडी दिखाएंगे। वायडक्ट पर ट्रेन दौड़ाने के लिए ट्रैक बिछाने वाली और ट्रेन बनाने वाली कंपनी के अधिकारी लगातार निगाह रखे हुए हैं। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार पूरी तरह से रन के लिए तैयार होने के साथ ही डिपो में सेफ्टी रन का ट्रायल कर लिया गया है। अब इसे वायडक्ट पर ले जाने के लिए सुभाष नगर डिपो से रैंप पर ले जाया जाएगा।

**ट्रैक बिछाने वाली और ट्रेन बनाने वाली कंपनी के अधिकारी लगातार कर रहे हैं निरीक्षण**



**डिपो में बने ट्रैक पर चलाकर देखा**

गुजरात के सावली वडोदरा से तीन कोच आने के बाद भोपाल मेट्रो के ट्रायल रन की तैयारियां की जा रही हैं। इसके पहले तीनों कोच को आपस में कनेक्ट कर दिया गया। मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल के अलावा सॉफ्टवेयर टेस्टिंग करने के बाद इसे लोकल रो डिपो में बने ट्रैक पर चलाकर भी देखा गया।

### डिपो में 24 घंटे चला काम

मेट्रो कोच को कनेक्ट करने और टेस्टिंग करने का काम सुभाषनगर डिपो में तीन शिफ्ट में 24 घंटे चलता रहा। मेट्रो रेल के अलावा मेट्रो बनाने वाली एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड के कर्मचारी भी यहां पर मौजूद हैं।

### 2 अक्टूबर को हो सकता है फाइनल ट्रायल रन

वायडक्ट पर कुछ दिनों तक ट्रैक पर सेफ्टी ट्रायल चलेगा। इसके बाद फाइनल ट्रायल रन होगा। 2 अक्टूबर को फाइनल ट्रायल रन होने की उम्मीद है। इसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मेट्रो में सफर भी करेंगे।

### कोच की यह खासियतें भी

- मेट्रो ट्रेन के प्रत्येक कोच की 22 मीटर लंबाई और 2.9 मीटर चौड़ाई है।
- मेट्रो के एक कोच में करीब 50 पैसेंजर बैठ सकते हैं, जबकि इसमें 300 पैसेंजर के खड़े रहने की क्षमता है।
- आटोमैटिक ट्रेन ऑपरेशन यूटीओ मोड
- आधुनिक ट्रैक सिग्नलिंग प्रणाली
- ऊर्जा बचत सुविधा
- ट्रेन नियंत्रण और प्रबंधन प्रणाली आधारित सुरक्षा सुविधाएं
- [illegible]
- [illegible]
- [illegible]
- चार्जिंग [illegible]

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 102 | दैनिक जागरण | भोपाल | 26 .09.2023 | 4 | सुभाष नगर डिपो मे सेफ़्टी ट्रायल, डेढ़ किमी तक चली मेट्रो, आज मुख्य ट्रैक पर आएगी | Neutral |

दैनिक जागरण
भोपाल, 26 सितंबर 2023



## भोपाल मेट्रो को आज आरकेएमपी स्टेशन तक चलाकर देखा जाएगा

# सुभाषनगर डिपो में सेफ्टी ट्रायल, डेढ़ किमी तक चली मेट्रो, आज मुख्य ट्रैक पर आएगी

जागरण प्रतिनिधि, भोपाल। सुभाषनगर डिपो में सोमवार को मेट्रो का सेफ्टी ट्रायल किया गया। इस दौरान 5 से 15 किमी की रफ्तार से मेट्रो को डेढ़ किमी तक चलाकर टेस्ट किया गया। टेस्टिंग सफल होने के बाद आज मंगलवार को इसे प्रायोरिटी कॉरिडोर के ट्रैक पर ऊपर लाया जाएगा। इसके बाद इसे सुभाषनगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन तक चलाकर देखा जाएगा। बता दें कि भोपाल में मेट्रो कोच आने के बाद इनके कनेक्ट और टेस्टिंग की प्रोसेस पूरी हो गई है। जिसके बाद अब सेफ्टी ट्रायल किया जा रहा है।

### 50 से ज्यादा लोगों की टीम ने 24 घंटे किया काम

मेट्रो कोच को कनेक्ट करने और टेस्टिंग करने का काम सुभाषनगर डिपो में तीन शिफ्ट में 24 घंटे चलता रहा। सुभाषनगर डिपो में बने इंस्पेक्शन बे लाइन (आईबीएल) पर सीनियर इंजीनियर्स, टेक्निकल एक्सपर्ट्स, सुपरवाइजर सहित 50 से ज्यादा लोगों की टीम ने इस काम को पूरा किया। मेट्रो रेल के अलावा मेट्रो बनाने वाली एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड के कर्मचारी भी मौजूद रहे।



सुभाष नगर डिपो के अंदर के ट्रैक पर सोमवार को सेफ्टी ट्रायल हुआ। इस दौरान मेट्रो डेढ़ किमी तक चलाई गई।

### थर्ड रेल तकनीक पर दौड़ेगी मेट्रो

भोपाल-इंदौर मेट्रो थर्ड रेल तकनीक पर चलाई जा रही है। मेट्रो के आने और जाने वाले ट्रैक के बीच में दो लेन ऐसी बनाई गई हैं, जिनमें करंट दौड़ता रहेगा और मेट्रो इसी करंट की मदद से चलाई जाएगी। डिपो से रैंप के बीच बिछाई गई मेन लाइन चार्ज हो चुकी है, इसी लाइन के जरिए मेट्रो को आज डिपो से मेन लाइन तक लाया जाएगा। तीनों कोच को आपस में कनेक्ट करने के बाद मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सॉफ्टवेयर टेस्टिंग हो गई है।



मेट्रो में आपातकालीन स्थिति के लिए इमरजेंसी डोर और ऑब्स्टेकल डिटेक्शन डिवाइस मौजूद है।

### ट्रायल में पहले ये काम किए पूरे

- तीनों कोच को आपस में कनेक्ट करने के बाद मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सॉफ्टवेयर टेस्टिंग हो गई है।
- मेट्रो को चलाने के लिए टेस्ट ट्रैक पर बिछी थर्ड रेल को रविवार सोमवार चार्ज (करंट दौड़ाना) कर दिया गया।
- सुभाषनगर डिपो से रैंप के बीच बिछाई गई मेन लाइन को सोमवार को चार्ज कर दी गई।
- ट्रेन में लगी बैटरियां पहले ही चार्ज कर दी गई हैं। ऑपरेशन से जुड़े हजारों पार्ट्स को आपस में जोड़ दिया है।

### 30 सितंबर के आसपास ट्रायल रन

मेट्रो के सेफ्टी रन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसका ट्रायल रन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार 30 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच ट्रायल रन हो सकता है। ट्रायल रन से जुड़ी तैयारियां भी लगभग पूरी हो चुकी हैं। सीएम से इसके लिए तारीख ली जा रही है। ट्रायल रन के दौरान सीएम भी मेट्रो में सफर कर सकते हैं।

### आपातकालीन स्थिति के लिए इमरजेंसी डोर

मेट्रो ट्रेन के प्रत्येक कोच की 22 मीटर लंबाई और 2.9 मीटर चौड़ाई है। मेट्रो के एक कोच में करीब 50 पैसेंजर बैठ सकते हैं। वहीं, इसमें 300 पैसेंजर के खड़े रहने की क्षमता है। इसमें सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। आपातकालीन स्थिति के लिए इमरजेंसी डोर और ऑब्स्टेकल डिटेक्शन डिवाइस मौजूद रहेंगे। इमरजेंसी होने पर मेट्रो के चालक से सीधे बात की जा सकेगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 103 | नव दुनिया | भोपाल | 26 .09.2023 | 3 | दो किमी के ट्रैक पर 30 किमी की रफ्तार से दो घंटे दौड़ी हमारी मेट्रो | Neutral |



# दो किलोमीटर के ट्रैक पर 30 किमी की रफ्तार से दो घंटे दौड़ी हमारी मेट्रो



सुभाष नगर स्थित टेस्टिंग ट्रैक पर सोमवार को मेट्रो ट्रेन को दौड़ाया गया। यह टेस्ट सफल रहा। ● नवदुनिया

**भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** राजधानी में सोमवार को सुभाष नगर स्थित टेस्टिंग ट्रैक पर मेट्रो को दौड़ाया गया। इस दौरान दो किलोमीटर के ट्रैक पर मेट्रो की प्री टेस्टिंग की गई। मेट्रो ट्रेन को इंजीनियर्स ने करीब दो घंटे तक टेस्ट ट्रैक पर जांचा। मेट्रो को कभी धीमी तो कभी तेज रफ्तार में दौड़ाया गया। हालांकि इस दौरान मेट्रो की सबसे अधिकतम रफ्तार 30 किमी रही। मेट्रो का सोमवार शाम पांच बजे शुरू हुआ और शाम सात बजे खत्म हुआ। अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो टेस्ट सफल रहा। अब इसे मंगलवार सुबह करीब 9 बजे सुभाष नगर डिपो से रैंप के जरिए वायडक्ट में शिफ्ट किया जाएगा। मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि रैंप से मेट्रो ट्रेन को वायडक्ट में शिफ्ट किया जाएगा। इसके बाद सेफ्टी ट्रायल के तहत मेट्रो को सुभाष नगर डिपो से रानी कमलापति स्टेशन तक चलाया जाएगा। इस दौरान मेट्रो की रफ्तार 20 से 30 किमी तक ही रहेगी। भोपाल व इंदौर में मेट्रो का संचालन थर्ड रेल तकनीकी से किया जाना है। इससे ट्रेन रुकने के दौरान ब्रेक लगाने से जो ऊर्जा बेकार हो जाती थी, अब उसका भी पुनर्उत्पादन हो पाएगा। इससे भोपाल व इंदौर मेट्रो के संचालन में 40 से 45 फीसदी तक ऊर्जा की बचत होगी। इसके लिए रेलवे ट्रैक पर थर्ड रेल डीसी ट्रैक्सन सिस्टम लगाया गया है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 104 | प्रदेश टुडे | भोपाल | 26.09.2023 | 9 | ट्रायल ट्रैक पर थर्ड रेल की चार्जि | Neutral |



## ट्रायल ट्रैक पर थर्ड रेल की चार्जिंग का काम शुरू

# सुभाष नगर डिपो पर टेस्ट ट्रेक पर 2 किलोमीटर दौड़ेगी मेट्रो

प्रदेश टुडे, संवाददाता, भोपाल

शहर में मेट्रो मूवमेंट तेज होता जा रहा है। इसकी पहली रैक सुभाष नगर स्थित डिपो पर पहुंच चुकी है। इसके कोच की असेंबलिंग का काम भी पूरा कर लिया गया है। अब आज दोपहर बाद इसे डिपो में स्थित टेस्ट ट्रैक पर दौड़ाया जाएगा, इसके बाद मेट्रो रैंप के सहारे वायडक्ट में पहुंचेगी। इससे पहले ट्रायल ट्रैक पर थर्ड रेल की चार्जिंग का काम भी शुरू हो गया है, इसी के सहारे मेट्रो का संचालन किया जाएगा।

मेट्रो ट्रेन अभी डिपो में खड़ी है। इसे 2 किलोमीटर के टेस्टिंग ट्रैक पर दौड़ाने के बाद रैंप तक लाया जाएगा। यदि सब कुछ ठीक रहा तो इसे वायडक्ट पर सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक दौड़ाया जाएगा। इसमें खास बात यह है कि भोपाल व इंदौर में मेट्रो का संचालन थर्ड रेल तकनीकी से किया जाना है। इससे ट्रेन रुकने के दौरान ब्रेक लगाने से जो उर्जा बेकार हो जाती थी, अब उसका भी पुर्नउत्पादन हो पाएगा। यानि कि ट्रेन में लगने वाले ब्रेक्स से पैदा होने वाली ऊर्जा को वापस सिस्टम में भेज दिया जाएगा। इससे भोपाल और इंदौर मेट्रो के संचालन में 40 से 45 फीसदी तक ऊर्जा की बचत होगी। इसके लिए रेलवे ट्रैक पर थर्ड रेल डीसी ट्रैक्सन सिस्टम लगाया गया है।



## श्राद्ध पक्ष में होगा मेट्रो का ट्रायल रन, तैयारियां तेज



राजधानी में चलने वाले मेट्रो का ट्रायल रन श्राद्ध पक्ष के दौरान किया जाएगा। इसके लिये दो अक्टूबर को इसको सुभाष नगर डिपो से रानी कमलापति स्टेशन तक चलाया जाएगा। इसके लिये रूट फायनल कर लिया गया है । इससे पहले सुभाष नगर से आरकेएमपी तक मेट्रो की तीन से चार दिन प्री टेस्टिंग होगी। आगामी दो अक्टूबर को मेट्रो ट्रायल रन का शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में सुभाष नगर स्टेशन से किया जाएगा, लेकिन उससे पहले इसको पूरी तरह से अपडेट किया जाएगा।

## रातोंरात बनी केंद्रीय विद्यालय तक की सड़क

राजधानी में मेट्रो मूवमेंट का काम कितना तेज चल रहा है इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि डीबा माल से लेकर केन्द्रीय विद्यालय तक आने वाली सड़क को रातोंरात बना दिया गया है। इसके साथ ही सुभाष नगर डिपो की ओर जाने वाली सड़क पर भी डामर बिछा दिया गया है। इस संबंध में मेट्रो परियोजना के पीआरओ हिमांशु ग्रोवर का कहना है कि हमने इसके टेस्ट ट्रायल की तैयारियां पूरी कर ली है। यह अब जल्द ही सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन के बीच कई बार अपडाउन करेगी। यह सब पहले चरण में सेफ्टी ट्रायल के चलते होगा। इस दौरान इसमें यात्री नही बल्कि इंजीनियर और मेट्रो के कर्मचारी होंगे जो इसके मूवमेंट का रिव्यू करेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 105 | नव दुनिया | भोपाल | 26.09.2023 | 07 | Safety trial of Bhopal Metro likely today | Neutral |

MADHYA PRADESH
INDORE | TUESDAY | SEPTEMBER 26, 2023 www.freepressjournal.in

# Safety trial of Bhopal Metro likely today



## 3rd rail line charged for first time

OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in

If all the things go as per plan, then Bhopal Metro Train officials can go for safety trial of Metro train on Tuesday. In the meantime, third rail line, which will supply electricity to the moving Metro train, was charged for the first time on Monday.

"We have taken necessary precautions while charging 3rd rail line. Its charging is done through 750 bolts. As for safety trial, efforts will be made to hold it on Tuesday but nothing can be said with surety," said Shobit Tandon, Director, Systems, Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited.

The metro officials said Metro train was tested and run inside Subash Nagar Metro depot for four to five times. The reading of test was carried out, which will be analysed before safety trial. During safety trial, Metro train will be taken on viaduct and will be run in full length from Subash Nagar Metro Depot to Rani Kamlapati Railway station.

The three coaches of Metro Train have been already assembled and they are under testing.

**MP Metro News**

**29 Sep ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 106 | Dainik Jagran | Bhopal | 29.09.2023 | 01 | इंदौर में 30 सितंबर और भोपालमें 03 अक्टूबर को मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन | Neutral |


विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

▸ वर्ष 67 ▸ अंक 03 ▸ पृष्ठ 12+4=16

▸ भोपाल, शुक्रवार 29 सितम्बर, 2023

▸ भाद्रपद शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत 2080

▸ महानगर ▸ मूल्य 5 रुपए

www.djmp.in/epaper


## इंदौर में 30 सितंबर और भोपाल में 03 अक्टूबर को मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन

जागरण प्रतिनिधि, भोपाल। इंदौर और भोपाल में मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन को शुभ घड़ी आ गई है। प्रदेश के सबसे बड़े नगर इंदौर में 30 सितंबर को मेट्रो का ट्रायल रन होगा। वहीं, राजधानी भोपाल में 3 अक्टूबर को ट्रायल रन होगा। मेट्रो ट्रेन के लिए ट्रायल रन की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। दोनों शहरों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में कार्यक्रम होगा।



### ट्रायल रन का कार्यक्रम

- 30 सितंबर को इंदौर में 6 किलोमीटर का ट्रायल रन रहेगा।
- 3 अक्टूबर को भोपाल में आरकेएमपी से सुभाष नगर तक ट्रायल रन होगा।

### सीएम ने वीडियो कांफ्रेंस से ली जानकारी

सीएम ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंस द्वारा मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह से ट्रायल रन की तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस, कलेक्टर इंदौर इलैया राजा टी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मंत्री और सांसद रहेंगे मौजूद

सीएम के अलावा ट्रायल रन में इंदौर में सांसद शंकर लालवानी और भोपाल में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह समेत जन-प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इस दौरान सीएम मेट्रो ट्रेन में सफर भी कर सकते हैं।

“ भोपाल और इंदौर में मेट्रो ट्रेन सुविधा नागरिकों के लिए सुगम यातायात की दृष्टि से महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कई शिफ्टों में निरंतर हुए कार्य की पूर्णता हुई है।



■ शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 107 | Navbharat | Bhopal | 29.09.2023 | 12 | राजधानी में 3 और इंदौर मे 30 सितंबर को मेट्रो ट्रायल रन | Neutral |



# राजधानी में 3 और इंदौर में 30 सितंबर को मेट्रो ट्रायल रन

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में होगा कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 28 सितंबर. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश के बड़े नगरों में मेट्रो ट्रेन सुविधा नागरिकों के लिए सुगम यातायात की दृष्टि से महत्वपूर्ण उपलब्धि है. कई शिफ्टों में निरंतर हुए कार्य की पूर्णता हुई है.**

इंदौर और भोपाल में मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन की शुभ घड़ी आ गई है. प्रदेश के सबसे बड़े नगर इंदौर में 30 सितम्बर को मेट्रो ट्रेन के लिए ट्रायल रन की तैयारियां पूरी हो गई हैं. मुख्यमंत्री चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह और कलेक्टर इंदौर इलैया राजा टी से इंदौर में मेट्रो ट्रेन ट्रायल रन के लिए की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की. इंदौर में मुख्यमंत्री चौहान के साथ ही क्षेत्रीय सांसद शंकर लालवानी और अन्य जनप्रतिनिधि ट्रायल रन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे. इंदौर में ट्रायल 6 किलोमीटर का रहेगा. मेट्रो ट्रेन तीन कोच की होगी. इसकी कुल यात्री क्षमता 900 रहेगी. भविष्य में इंदौर में 25 मेट्रो ट्रेन संचालित होंगी जो लगभग सात लाख यात्रियों को सफर करवाएंगी.

मुख्यमंत्री चौहान ने भोपाल में मेट्रो ट्रेन ट्रायल रन की तैयारियों की भी जानकारी प्राप्त की. कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने बताया कि मेट्रो ट्रेन के लिए विश्व स्तरीय उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया गया है. एडवांस क्वालिटी के कोच निर्मित किए गये हैं. राजधानी में मेट्रो ट्रेन ट्रायल रन के पूर्व सभी आवश्यक कार्य पूर्ण किए गए हैं. भोपाल में रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष नगर तक ट्रायल रन के लिए तैयारी की जा रही है.



### कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी रहेंगे उपस्थित

भोपाल में ट्रायल रन के कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह और जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे. मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि भोपाल और इंदौर में मेट्रो ट्रेन सुविधा प्रारंभ करने के कार्य में संलग्न स्टाफ के सदस्य सराहना के पात्र हैं. बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 108 | Navbharat | Bhopal | 29.09.2023 | 09 | एमडी ने की मेट्रो ट्रायल की समीक्षा | Neutral |



# एमडी ने की मेट्रो ट्रायल रन की समीक्षा

**ट्रायल रन के संबंध में स्थल का किया निरीक्षण**

**अधिकारियों को दिए गये जरूरी निर्देश**



**इंदौर, 28 सितंबर. मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने बुधवार शाम इंदौर पहुंचकर मेट्रो ट्रेन के ट्रायल के संबंध में स्थल निरीक्षण किया और तैयारियों की समीक्षा की.**

उल्लेखनीय है कि 30 सितंबर को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन किया जाएगा. सांसद शंकर लालवानी और कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने भी मेट्रो ट्रेन के ट्रायल के संबंध में स्थल निरीक्षण किया. इस दौरान नगर निगम आयुक्त हर्षिका सिंह और मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अधिकारीगण मौजूद थे. एमडी मनीष सिंह ने मेट्रो ट्रेन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मेट्रो ट्रेन में एडवांस मॉलिटी के कोचेस बनाये गये हैं. मेट्रो ट्रेन में विश्व स्तर की उन्नत तकनीकों का उपयोग किया गया है. यह ट्रेन ड्राईवर लैस भी चल सकेगी. ट्रेन में ड्राईवर लैस कंट्रोलिंग सिस्टम उपलब्ध है. इसे कंट्रोल सेंटर से भी चलाया जा सकेगा. शुरूआत में ड्राईवर द्वारा ही ट्रेन का संचालन किया जाएगा. उन्होंने बताया कि ट्रायल रन के लिये इंदौर में अभी तीन कोच आ चुके हैं. मेट्रो ट्रेन तीन कोच की होगी, जिसमें एक कोच में 300 लोग यात्रा कर सकेंगे. इस तरह एक मेट्रो ट्रेन में 900 यात्री एक साथ यात्रा कर सकेंगे.

## 6 किलोमीटर का होगा ट्रायल

एमडी सिंह ने बताया कि 30 सितंबर को मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन किया जायेगा. यह ट्रायल लगभग 6 किलोमीटर का होगा. उन्होंने बताया कि अगले साल तक रेडिसन चौराहे तक का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा. तेजी से मेट्रो का कार्य जारी है.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 109 | Dainik Jagran | Bhopal | 29.09.2023 | 04 | मेट्रो के कें विद्यालय स्टेशन पर चल रहा काम | Neutral |



सहूलियत | गुरुदेव गुप्त चौराहे से सुभाष नगर ब्रिज तक बनने वाली सड़क का आज पूरा हो जाएगा काम

# मेट्रो के केंद्रीय विद्यालय स्टेशन पर चल रहा काम

जागरण प्रतिनिधि, भोपाल। गुरुदेव गुप्त चौराहे से सुभाष नगर ब्रिज तक बन रही सड़क का काम शुक्रवार को पूरा हो जाएगा। अभी सिर्फ केंद्रीय विद्यालय मेट्रो स्टेशन के नीचे के हिस्से में डामरीकरण का काम किया जा रहा है, जो शुक्रवार तक पूरा हो जाएगा। हालांकि केंद्रीय विद्यालय मेट्रो स्टेशन पर अभी काम चलने के कारण इस हिस्से पर वाहनों की आवाजाही शुरू होने में थोड़ा और समय लगेगा। वहीं मेट्रो स्टेशन की दूसरी लेन के नीचे के एक हिस्से में अभी निर्माण संबंधी सामग्री रखी हुई है। यही कारण है कि लोगों को गुरुदेव गुप्त चौराहे से सुभाष नगर ओवर ब्रिज तक जाने के लिए डायवर्ट मार्ग का ही उपयोग करना होगा। बीएसएनएल ऑफिस से होते हुए सेंट्रल बैंक प्रशिक्षण संस्थान, महालेखाकार कार्यालय से होते हुए ही वाहनों की आवाजाही होगी।



केंद्रीय विद्यालय मेट्रो स्टेशन के नीचे के हिस्से में सड़क निर्माण का काम चल रहा है।

### मेट्रो कंपनी बनवा रही सड़क

सुभाष नगर ओवरब्रिज से गुरुदेव गुप्त चौराहे तक बनने वाली सड़क का निर्माण मेट्रो कंपनी करवा रही है। इसका काम 23 सितंबर से शुरू किया गया है। कंपनी के टेंडर में यह कंडीशन थी कि मेट्रो के निर्माण से सड़क की जो भी क्षति होगी उसे मेट्रो को ही सुधारकर देना है। यही कारण है कि मेट्रो कंपनी के ठेकेदार द्वारा ही सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### सबसे पहले इस सड़क का निर्माण

मेट्रो के कारण सुभाषनगर डिपो से लेकर एम्स तक कई जगह सड़कें टूटी हुई हैं, लेकिन सबसे पहले निर्माण गुरुदेव गुप्त चौराहे से सुभाषनगर ओवर ब्रिज वाली सड़क का किया जा रहा है। दरअसल मेट्रो ट्रायल रन के समय मुख्यमंत्री का काफिला यहीं से होकर गुजरेगा। यही कारण है कि इस सड़क का निर्माण सबसे पहले किया गया है।


| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 110 | Rajexpress | Bhopal | 29.09.2023 | 05 | इंदौर में कल और भोपाल में तीन अक्टूबर से शुरू होगा मेट्रो का ट्रायल रन | Neutral |



# इंदौर में कल और भोपाल में तीन अक्टूबर से शुरू होगा मेट्रो का ट्रायल रन

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की मेट्रो प्रोजेक्ट की समीक्षा

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क



इंदौर में मेट्रो के ट्रायल रन का शुभारंभ शनिवार से होगा। राजधानी में यह कार्यक्रम तीन अक्टूबर को होगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दोनों शहरों में ट्रायल रन की शुरुआत करेंगे। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह और इंदौर कलेक्टर इलैया राजा टी से तैयारियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के बड़े शहरों में मेट्रो ट्रेन सुविधा लोगों के लिए सुगम यातायात के मद्देनजर महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कई शिफ्टों में लगातार मेहनत करने से यह काम पूरा हो पाया है। एमडी मनीष सिंह ने सीएम को बताया कि मेट्रो ट्रेन के लिए विश्व स्तरीय उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। एडवांस क्वालिटी के कोच बनाए गए हैं। राजधानी में मेट्रो ट्रायल रन के पहले सभी जरूरी काम पूरे कर लिए गए हैं। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस भी मौजूद रहे।हहहहह

### इंदौर में छह किमी में ट्रायल रन

इंदौर में ट्रायल रन छह किलो मीटर का होगा। मेट्रो ट्रेन तीन कोच की है। इसकी कुल यात्री क्षमता 980 होगी। इंदौर में शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ सांसद शंकर लालवानी व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद होंगे। भोपाल में मुख्यमंत्री के साथ नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह होंगे।

## मेट्रो ट्रेन के कंट्रोल और सिग्नलिंग का होगा सेफ्टी ऑडिट, स्वतंत्र एजेंसी करेगी

भोपाल और इंदौर में मेट्रो संचालन का केवल कंसल्टेंट और रेल कॉर्पोरेशन के इंजीनियर्स ही परीक्षण नहीं करेंगे, थर्ड पार्टी यानि स्वतंत्र सेफ्टी असेसर्स को भी इसका जिम्मा सौंपा जाएगा। वे मेट्रो ट्रेन के कंट्रोल, सिग्नलिंग, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर और कोच से जुड़े सिस्टम का सेफ्टी ऑडिट करेंगे। दोनों शहरों में सेफ्टी ट्रायल रन किया जा रहा है। डिपो में बने ट्रायल ट्रैक पर मेट्रो रन कर टेस्टिंग की गई। अब जमीन से ऊंचाई पर बने ट्रैक पर मेट्रो रेल दौड़ाई जा रही है। राजधानी में सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन के बीच मेट्रो रोजाना दो से तीन फेरे लगा रही है। इस दौरान ट्रेन के डिब्बे व मैनुअल ब्रेक, सिग्नल्स, बिजली सप्लाई, मेट्रो के भीतर [illegible] सिस्टम, ऑटोमैटिक दरवाजे और स्टेशन पर एस्केलेटर्स, लिफ्ट्स, पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम, फायर सेफ्टी आदि की जांच की जा रही है। यह कार्य मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के इंजीनियर्स, प्रोजेक्ट कंसल्टेंट और संबंधित निर्माण एजेंसियां कर रही हैं। इसके अलावा, अब स्वतंत्र विशेषज्ञों से प्रोजेक्ट के कुछ अहम हिस्सों का सेफ्टी ऑडिट कराने की तैयारी चल रही है।

## देश-विदेश की नामी कंपनियों के पास जिम्मा

मेट्रो प्रोजेक्ट के महत्वपूर्ण हिस्सों का जिम्मा देश-विदेश की नामी कंपनियों को दिया गया है। जिंदल स्टील, छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में पटरियां बना रही है। भोपाल में एलएंडटी पटरियां बिछा रही है। फ्रांस की अल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया मेट्रो के कोच का निर्माण कर रही है। भोपाल के लिए कुल 81 और इंदौर के लिए 75 डिब्बों का निर्माण किया जा रहा है।

## 17 किमी लंबा है पहला रूट, शुरुआत चार किमी से होगी

एम्स से करोंद और भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा तक मेट्रो रूट का निर्माण किया जाना है। इस पर 6962 करोड़ रुपए से अधिक खर्च होने का अनुमान है। पहले चरण में एम्स से करोंद मेट्रो रूट को शामिल किया गया है। यह 13.4 किमी लंबाई में जमीन से ऊपर और 3.4 किमी हिस्सा अंडरग्राउंड होगा। इस रूट पर 14 एलिवेटेड और दो अंडरग्राउंड स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। इसके एक हिस्से यानि सुभाष नगर से एम्स के बीच एलिवेटेड रूट का निर्माण वर्ष 2018 के आखिर में शुरू किया गया था। इसका जिम्मा [illegible] बिल्डकॉन को दिया गया। सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है। हालांकि, मेट्रो संचालन की शुरुआत प्रायोरिटी कॉरिडोर यानि रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर के बीच की जाना है। यह करीब चार किमी लंबा होगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 111 | People Samachar | Bhopal | 29.09.2023 | 04 | राजधानी में मेट्रो के ट्रायल रन 3 अक्टूबर को | Neutral |

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

भोपाल सिटी Page: 4 September 29, 2023

# राजधानी में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन 3 अक्टूबर को

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को भोपाल-इंदौर में मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन की तैयारियों की समीक्षा की। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने बताया भोपाल में मेट्रो रेल ट्रायल रन की तैयारियां करीब-करीब पूरी हो चुकी हैं। ट्रायल रन 3 अक्टूबर को होगा। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष नगर तक ट्रायल रन के लिए तैयारी की जा रही है। ट्रायल रन में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह भी मौजूद रहेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 112 | Haribhumi | Bhopal | 29.09.2023 | 03 | इंदौर में 30, भोपाल में 3 अक्टूबर को मेट्रो ट्रेन का होगा ट्रायल रन | Neutral |

हरिभूमि

भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 29 सितंबर 2023



### मुख्यमंत्री की उपस्थिति में होगा कार्यक्रम

# इंदौर में 30, भोपाल में 3 अक्टूबर को मेट्रो ट्रेन का होगा ट्रायल रन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के इंदौर और भोपाल में मेट्रो ट्रेन सुविधा आम लोगों को देने के लिए इंदौर में 30 सितंबर को मेट्रो ट्रेन के लिए ट्रायल रन की तैयारियां पूरी हो गई हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस में मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह और कलेक्टर इंदौर इलैया राजा टी से इंदौर में मेट्रो ट्रेन ट्रायल रन के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली।

इंदौर में मुख्यमंत्री के साथ ही क्षेत्रीय सांसद शंकर लालवानी और अन्य जनप्रतिनिधि ट्रायल रन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इंदौर में ट्रायल 6 किलोमीटर का होगा। मेट्रो ट्रेन तीन कोच की होगी। इसकी यात्री क्षमता 900 रहेगी। भविष्य में इंदौर में 25 मेट्रो ट्रेन संचालित होंगी जो लगभग सात लाख यात्रियों को सफर करवाएंगी।



### सीएम ने ली जानकारी

मुख्यमंत्री ने भोपाल में मेट्रो ट्रेन ट्रायल रन की तैयारियों की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि मेट्रो ट्रेन के लिए विश्व स्तरीय उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। एडवांस फैसिलिटी के कोच निर्मित किए गए हैं। राजधानी में सुभाष नगर तक ट्रायल रन के लिए तैयारी की जा रही है। भोपाल के कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह और जन प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 113 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 29.09.2023 | J4 | इंदौर में कल तो भोपाल में 3 को मेट्रो का ट्रायल रन, सीएम भी बैठें | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 29-09-2023
Pg-J4

# इंदौर में कल तो भोपाल में 3 को मेट्रो का ट्रायल रन, सीएम भी बैठेंगे

**भोपाल** | तीन कोच की भोपाल मेट्रो के सेफ्टी ट्रायल के बीच 30 सितंबर को इंदौर मेट्रो का ट्रायल रन किया जा रहा है। इसके तीन दिन बाद यानी 3 अक्टूबर को भोपाल मेट्रो का भी ट्रायल रन कर दिया जाएगा। मेट्रो कंपनी के अफसरों का कहना है कि भोपाल में ट्रायल रन के लिए मुख्यमंत्री से सहमति मिल गई है। भोपाल में ट्रायल रन की तैयारियां गुरुवार से शुरू भी कर दी गई हैं। इसके लिए सुभाष नगर डिपो पर टेंट और डोम बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन के बीच बिछे ट्रैक पर थर्ड रेल चार्ज हो चुका है। ट्रेन की रफ्तार 25-30 किमी प्रतिघंटा तक की जा चुकी है। कंपनी के अफसरों का कहना है कि ट्रायल रन के दौरान मुख्यमंत्री भी ट्रेन में सवार होंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 114 | Navduniya | Bhopal | 29.09.2023 | 04 | शहर का विकास देखकर हर रोज होता है गर्व, इसे सहेजना जरूरी | Positive |

IV नवदुनिया
भोपाल, शुक्रवार, 29 सितंबर, 2023



# शहर का विकास देखकर हर रोज होता है गर्व, इसे सहेजना जरूरी

नवदुनिया
**हम भोपाली**



- डा. रेणु बुच, चिकित्सक पैथालजिस्ट



राजधानी मे मेट्रो लाइन का काम हो चुका है, जल्द ही मेट्रो चलाई जाएगी। ● नवदुनिया फाइल फोटो

विकास की सीढ़ियों पर चढ़कर समृद्धि के शिखर पर पहुंचने में भोपाल ने जितना खोया, उससे कहीं अधिक पाया है। यह मैं लगातार नवंबर 1983 से देख रही हूं। उसी समय शादी होकर भोपाल पहली बार आई थी, तब से भोपाल को आंखों के सामने ही बढ़ता हुआ देखा है। भोपाल मिली-जुली संस्कृति एवं सभ्यता की मिसाल है। राजधानी की शायद पहली बिल्डिंग एमएलए रेस्टहाउस ही है। वल्लभ भवन और अन्य तो बाद में बनी थीं। बेशक राजधानी बनने के बाद भोपाल नया बन गया। डा. शंकरदयाल शर्मा की कोशिश और यहां की खाली बेशकीमती हरी-भरी जमीन ने अपना दमखम आखिर दिखा ही दिया और इसे राजधानी का तोहफा मिल गया। अब भोपाल की हरियाली की मुस्कुराहट भी अलग है। हालांकि, कंक्रीट के पहाड़ व जंगल ने हमारा चैन व सुकून चुरा लिया है। राजधानी बनने पर शासकीय विभागों के ऊंचे-ऊंचे भवन बनना लाजमी थे, सो बने और बनते जा रहे हैं। हमारे राजनेताओं का सपना भोपाल को पेरिस-सा बनाना और पेरिस-सा देखना है। स्मार्ट सिटी, मेट्रो सिटी के लक्ष्य की पूर्ति होने की ओर है। कुछ माह बाद मेट्रो ट्रेन शहर में दौड़ना शुरू हो जाएगी। समय के साथ चलते हुए विकास जरूरी है लेकिन पर्यावरण के लिए हरियाली कहीं ज्यादा जरूरी है। सरकार को इस ओर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। चिकित्सा के क्षेत्र में भी शहर में जो बदलाव हो रहे हैं, उसे देखकर अब हम भी हैरान होते हैं। राजधानी में केवल हमीदिया ही नहीं अब एम्स और बीएचएमआरसी भी ऐसे दो बड़े सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल हो गए हैं, जहां पर गरीबों को निश्शुल्क उपचार मिल रहा है। पहले हमारे अस्पतालों में जांचों की पर्याप्त सुविधाएं नहीं होती थी, लोगों को जांच के लिए ही दिल्ली, मुंबई और चेन्नई जाना पड़ता था। अब स्वास्थ्य सेवाओं में बहुत सुधार हो गया है। बड़ी से बड़ी बीमारियों का इलाज यहां के अस्पतालों में होने लगा है। 1956 में भोपाल में जीएमसी पहला मेडिकल कालेज खुला था, तब से 2005 तक कोई कालेज नहीं खुला। अब एम्स के अलावा प्रदेश में 13 सरकारी और 10 निजी मेडिकल कालेज चल रहे हैं। कालेज बढ़ने से चिकित्सा क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा भी बढ़ी है। इसका फायदा यह हो रहा है कि चिकित्सा की गुणवत्ता भी बेहतर हो रही है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 115 | Freepress | Bhopal | 29.09.2023 | 10 | City to witness metro's trial run on oct 3 | Positive |


BHOPAL CITY

INDORE / BHOPAL | FRIDAY | SEPTEMBER 29, 2023 www.freepressjournal.in


# City to witness metro's trial run on Oct 3

## TRIAL TO BE ON SEPT 30 IN INDORE


OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in




Metro's trial run will be on October 3 in Bhopal while it will be on September 30 in Indore. Madhya Pradesh Metro Rail Corporation (MPMRC) MD Manish Singh appraised Chief Minister Shivraj Singh Chouhan about the dates for trials through video conferencing on Thursday.

MD Singh said that world class technology has been used for the metro train. Advanced quality coaches have been manufactured. All necessary works have been completed before the metro trial run in the capital. Preparations are being made for the trial run from Rani Kamalapati Railway Station to Subhash Nagar in Bhopal. Urban Development and Housing Minister Bhupendra Singh and public representatives will be present in the trial run in Bhopal.

In Indore, along with CM Chouhan, MP Shankar Lalwani and other public representatives will be present in the trial run programme. The trial in Indore will be of 6 kilometres. The metro train will have three rakes. Its total passenger capacity will be 900. In future, 25 metro trains will operate in Indore which will carry around seven lakh passengers.